सुप्रभात
रांची, बुधवार
06.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 57

12 विवादों बीच बिग बी का ट्वीट- भारत माता की जय

## न्यूज डायरी

### 370 को चुनौती पर फैसला सुरक्षित रखा

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### राज्यपाल, सीएम ने दी शिक्षक दिवस की बधाई

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद और दार्शनिक भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस पर शिक्षा व्यवस्था की नींव के रूप में अहम योगदान देने वाले आप सभी शिक्षकों और आपके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

### पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**साहिबगंज।** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन युवकों ने पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। युवती ने मंगलवार को पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोमवार की देर रात जब वह शौचालय के लिए निकली थी, तभी एक युवक आया और रूमाल से उसका मुंह बंद कर दिया। इसके बाद उसने आवाज देकर दो अन्य साथियों को बुलाया। तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

### उपचुनाव : चेकिंग में 26 लाख कैश बरामद

**गिरिडीह।** एक तरफ डुमरी विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन सफल रहा वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन की टीम को नकद राशि बरामद करने में सफलता मिली है। गिरिडीह जिला प्रशासन ने अलग अलग स्थानों सरिया और देवरी से 26 लाख रुपये जब्त किया है। ये रकम अलग अलग वाहन से बरामद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### चीन-पाकिस्तान सीमा पर त्रिशूल प्रशिक्षण अभ्यास

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने उत्तर और पश्चिम में चीन-पाकिस्तान सीमा पर 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया के कई देश दिल्ली में होने वाले जी20 सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। इसमें लड़ाकू जेट, परिवहन विमान और सतह से हवा में मार करने वाले गाइडेड हथियार शामिल हैं। इसका मकसद पश्चिमी वायु कमान की युद्ध तैयारियों का मूल्यांकन करना है। अभ्यास 14 सितंबर तक चलेगा।

### सीएस और भजंत्री को विशेषाधिकार हनन नोटिस

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और वर्तमान में जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा से जारी किया गया है। दोनों अधिकारियों को लोकसभा की विशेषाधिकार कमेटी की ओर से जारी नोटिस में 21 सितंबर 2023 को दोपहर 3 :20 बजे संसद भवन के विशेषाधिकार कक्ष में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से पांच सितंबर, 2022 को तत्कालीन देवघर उपायुक्त भजंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा को दिया गया था।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## डुमरी में उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 63.84 फीसदी मतदान : के रविकुमार

# आठ को होगा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

- लंबी कतारें होने की वजह से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली
- मतदान केंद्रों से इवीएम को सील कर वज्रगृह में जमा कराया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, बोकारो, गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा का उपचुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने यह दावा करते हुए बताया कि शाम 5 बजे तक 63.84 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों जिलों के सभी 373 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। लंबी कतारें होने की वजह से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। चुनाव आयोग को 12 बजे रात तक रिपोर्ट भेजनी है, इससे पहले आकलन करके जारी अंतिम रिपोर्ट जारी किया जायेगा।

मतदान केंद्रों से ईवीएम को सील कर वज्रगृह में जमा कराया गया। भारी बारिश का भी मतदाताओं पर असर नहीं पड़ा। छाता लेकर वे कतार में खड़े रहे। नक्सल इलाकों में भी लोगों ने भयमुक्त हो कर वोट डाले। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के साथ ही प्रशासन ने चैन की सांस ली। इसके साथ ही मंत्री बेबी देवी सहित अन्य प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद हो गयी।

## बरसात का असर नहीं, नक्सली इलाके में भी भारी वोटिंग



**अब तक के मतदान प्रतिशत पर एक नजर :** डुमरी विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग प्रतिशत पर नजर डालें तो आंकड़े काफी सुखद है। एक ही बार ऐसा हुआ है कि वोटिंग प्रतिशत 50 से नीचे रहा है। 2019 विधानसभा चुनाव में हुए मतदान में मतदान का प्रतिशत 69.75 रहा। वहीं 2014 विधानसभा चुनाव में 70.71 फीसदी वोटिंग हुई। इसी प्रकार 2009 विधानसभा चुनाव में हुए मतदान में महज 47.90 प्रतिशत लोगों ने ही मताधिकारी का प्रयोग किया था।

**वोट तो देकर रहेंगे... बारिश के दौरान छाता लेकर अपनी बारी का इंतजार करते डुमरी के मतदाता।**

### बेबी और यशोदा ने किया जीत का दावा



इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो स्थित बूथ संख्या 347 पर अपना पहला वोट डाला। वहीं एनडीए गठबंधन की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी ने डुमरी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुइयो की बूथ संख्या 73 पर अपना वोट डाला। बेबी देवी ने कहा कि जगरनाथ महतो के द्वारा किये गये विकास कार्यों से लोगों ने मेरे पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि हमारी जीत पक्की है। वह स्व. जगरनाथ महतो के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा। इधर, एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी ने कहा कि जनता ने विकास के नाम पर उन्हें वोट दिया और मेरी जीत पक्की है।

अब 8 सितंबर को पिटारा खुलने के बाद इनके भाग्य का फैसला होगा।

**बारिश का भी मतदाताओं पर असर नहीं :** बारिश के बाद भी लोगों में मतदान को ले कर काफी उत्साह देखा गया। छाता ले कर मतदाता पोलिंग बूथ पर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस कारण शाम पांच बजे तक भारी संख्या में लोगों ने वोटिंग की। दोपहर तीन बजे तक 59.92 प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन शाम 5 बजे तक ये आंकड़ा 64.84 फीसदी हो गया। डुमरी विधानसभा क्षेत्र कभी नक्सलियों का सेफ जोन माना जाता था, इस क्षेत्र में चुनाव पर नक्सलियों की काफी पकड़ हुआ करती थी। इसके बावजूद मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में पूरे विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा।

# चिंता न करें, योजनाओं से जुड़ें, लाभ लें : हेमंत सोरेन

### सरकार हर तबके के लिए चला रही कल्याणकारी योजनाएं : सीएम

- बेहतर शिक्षा और नौजवानों को रोजगार हमारी प्राथमिकता

**विशेष संवाददाता**

**रांची/साहिबगंज।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के हर तबके के लिए कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। यहां के नौजवानों को रोजगार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आप सभी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। श्री सोरेन मंगलवार को साहेबगंज के पतना प्रखंड स्थित कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सौगात भी दी।



अंगवस्त्र देकर लाभुक को सम्मानित करते मुख्यमंत्री हेमं सोरेन।

**घर-घर पहुंच रही सरकार :** सीएम ने कहा कि राज्य में पहली बार सरकार घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर जनता की समस्याएं सुन रही है और उसका निष्पादन भी कर रही है। सीएम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कम बारिश के कारण इस वर्ष भी धान की बुआई पर असर पड़ा है। लेकिन, राज्य के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन मिल रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

## पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती पर हाइकोर्ट में सुनवाई

# 26000 सहायक आचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक

### जेएसएससी को झटका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी को झारखंड हाइकोर्ट से झटका लगा है। सहायक शिक्षकों (आचार्यों) की नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति विज्ञापन संख्या 13/ 2023 पर रोक लगा दी। इसके साथ ही राज्य में 26000 सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक लग गयी।

**जवाब दाखिल करने का निर्देश :** कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार, झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल एवं झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल विज्ञापन को चुनौती देते हुए बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

(शेष पेज 11 पर)

### पहली बार एक साथ बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया




झारखंड में पहली बार एक साथ 26,000 सहायक शिक्षकों (आचार्यों) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसमें पारा शिक्षकों के लिए 12,868 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 13,133 पद आरक्षित रखे गये हैं। पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए 5469 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 5531 पद आरक्षित किये गये हैं। छठी से आठवीं कक्षा के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए भाषा, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान-गणित विषय के लिए 7399 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 7602 पद आरक्षित रखे गये हैं।

### अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद

मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी बहादुर महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार की वर्ष 2023 की नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदाकर्मियों को नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। पिछली नियमावली में इन्हें आरक्षण प्राप्त था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने जेएसएससी (झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी।

## जी-20: मेहमानों ने मिट्टी के चूल्हे पर बने व्यंजन का स्वाद चखा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जिन मिलेट्स को हमने खाना छोड़ दिया है, अब जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक में शामिल विदेशी मेहमानों ने इन मिलेट्स के व्यंजनों को खूब पसंद किया। विदेशी मेहमानों के लिए हरियाणा सरकार के रात्रि भोज में मिलेट्स से तैयार देसी व्यंजन परोसे गये। इन मेहमानों ने हरियाणवी महिलाओं के मिट्टी के चूल्हे पर ज्वार और बाजरे की रोटियों समेत अनेक व्यंजनों का स्वाद लिया।



बैठक के दौरान खान-पान से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये, जिसमें विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

डिनर में विदेशी मेहमानों के लिए बाजरे से बनी खिचड़ा, रोटी, रबड़ी, टिक्की, फिरनी, लापसी सहित कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजाम था। (शेष पेज 11 पर)

## खुशखबरी : रिम्स में असाध्य और दुर्लभ रोगों की जांच शीघ्र

### आइसीएमआर से स्वीकृति मिलते ही प्रोजेक्ट की तैयारी शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में असाध्य और दुर्लभ रोगों की जांच जल्द शुरू होगी।

रिम्स के जेनेटिक्स व जीनोमिक्स विभाग के प्रस्तावित रिसर्च प्रोजेक्ट को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अनुदान देने की स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही रिम्स का जेनेटिक एवं जीनोमिक्स विभाग पूर्ण एक्जोम सीक्वेंसिंग की तैयारी में जुट गया है। (शेष पेज 11 पर)

### ये हैं प्रोजेक्ट के शीर्षक



पहले प्रोजेक्ट का शीर्षक है सिकल सेल एनीमिया में वासो ओक्लूसिव संकट के लिए क्लिनिकल प्रोफाइलिंग एवं आनुवंशिक जोखिम कारकों का अध्ययन : एक बहुकेंद्रित केस नियंत्रण अध्ययन। वहीं, दूसरे प्रोजेक्ट का शीर्षक है उच्च एचबीएफ वाले सिकल सेल एनीमिया के रोगियों में संभावित चिकित्सीय लक्षण की पहचान करने के लिए एक संपूर्ण रक्त ट्रांसक्रिप्टोमिक अध्ययन।

## झारखंड के दो शिक्षकों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड के दो शिक्षकों सैनिक स्कूल तिलैया के मनोरंजन पाठक और चतरा के शिक्षक एजाजुल हक ने शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड का नाम रौशन किया। नयी दिल् ली में मंगलवार को शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों को सर्वोच्च शिक्षक सम्मान राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया। इसे ले कर दोनों स्कूलों के शिक्षक और छात्र काफी उत्साहित हैं।

राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक मनोरंजन पाठक खुद भी काफी उत्साहित दिखे। मूल रूप से बिहार के मधेपुरा के रहने वाले शिक्षक मनोरंजन पाठक ने 2002 में सैनिक स्कूल में कंप्यूटर साईंस के शिक्षक के रूप में जॉइन किया है। (शेष पेज 11 पर)



# राष्ट्रपति को प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर सियासी घमासान

## जी-20 के निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं लिखने पर छिड़ा विवाद

- विपक्ष को देश का नाम बदलने की आशंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति को भेजे गये एक आमंत्रण पत्र पर विवाद शुरू हो गया है। इस आमंत्रण पत्र में 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह पर 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा गया है। यह आमंत्रण जी-20 समिट के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज को लेकर दिया गया है। कांग्रेस समेत कई दलों ने इस पर आपत्ति दर्ज की है। उनका कहना है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद एक में लिखा है, 'इंडिया देट इज भारत', 'राज्यों का समूह' होगा। अब 'इंडिया' रहेगा ही नहीं। ऐसा लग रहा है कि केंद्र, राज्यों के समूह पर हमला कर रहे हैं। इस निमंत्रण पत्र को लेकर अच्छा-खासा विवाद खड़ा हो गया है। सियासी घमासान छिड़ गया है। विपक्ष ने इसपर कड़ा हमला बताया है। वहीं, भाजपा के कई प्रमुख नेता इंडिया की जगह भारत लिखे जाने का समर्थन पूर्ण कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

**राज्यों के संघ पर हमला : जयराम रमेश**- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, तो यह खबर वाकई सच है। राष्ट्रपति भवन ने जो निमंत्रण पत्र भेजा है, उसमें राष्ट्रपति को आमतौर पर लिखे जाने वाले प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। संविधान के अनुच्छेद 1 में लिखा है- इंडिया यानी भारत, राज्यों का संघ होगा, लेकिन अब तो इससे राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है।

### संविधान में इंडिया और भारत दोनों शब्द




17 सितंबर 1949 को संविधान सभा की बहस के दौरान संघ का नाम और क्षेत्र विषय पर चर्चा की गयी। पहला अनुच्छेद इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ होगा के रूप में पढ़ा गया था। इस दौरान भी सदस्यों के बीच मतभेद खड़ा हुआ था। ऐसे कई सदस्य थे जो इंडिया नाम के इस्तेमाल के खिलाफ थे। इसे वे औपनिवेशिक अतीत की याद के रूप में देखते थे। डिस्कवरी ऑफ इंडिया में जवाहर लाल नेहरू ने इंडिया, भारत और हिंदुस्तान शब्द का उल्लेख किया है।



**इंडिया का प्रयोग बंद हो : भागवत** - महज दो दिन पहले ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में इंडिया को भारत कहने की वकालत की थी। भागवत ने कहा था कि भारत नाम प्राचीन काल से चला आ रहा है और इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। हम सभी को इंडिया शब्द का इस्तेमाल बंद कर भारत का इस्तेमाल शुरू करना चाहिए। हमारे देश का नाम सदियों से भारत ही रहा है।

# वनडे विश्वकप में इशान और सूर्यकुमार को मौका

- संजू सैमसन, चहल और आर अश्विन बाहर

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने आइसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए मंगलवार को भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल को मौका मिला है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा की। संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ी जगह बनाने में असफल रहे। सभी क्रिकेट बोर्डों के लिए अपनी टीमों का खुलासा करने की समय सीमा टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से ठीक एक महीने पहले 5 सितंबर थी। भारत ने वनडे विश्वकप के लिए सात बल्लेबाजों, चार गेंदबाजों और चार ऑलराउंडर को टीम में रखा है। दो विकेटकीपर केएल राहुल और ईशान किशन 15 सदस्यीय टीम में है।

### राजभवन के सामने काला बिल्ला लगाकर किया धरना-प्रदर्शन

# वेतनमान की मांग को लेकर टेट पारा शिक्षकों ने किया भिक्षाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एक मांग वेतनमान को लेकर राज्य के टेट पास पारा शिक्षकों ने मंगलवार को राजधानी में भिक्षाटन किया। इससे पूर्व शिक्षकों ने राजभवन के सामने सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। शिक्षकों का कहना था कि इस बार आंदोलन तब तक चलेगा जब तक सरकार टेट पास पारा शिक्षकों के वेतनमान के लिए ठोस निर्णय नहीं ले लेती है। इस दौरान गरीबी और आर्थिक तंगी से परेशान शिक्षकों ने धरना स्थल से भिक्षाटन का कार्य किया। इस दौरान टेट पास पारा शिक्षकों ने सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली का विरोध किया और 50% सीटों पर समायोजित करते हुए सीधे वेतनमान देने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में 21,800, और 23,400 का मानदेय मिलता है, जबकि किसी भी विभाग में 10 वर्ष कार्य करने पर नियमितिकरण किया जाता है। परंतु हम 19-20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं साथ ही हम टेट पास सहायक अध्यापक एनसीटीई और एनईपी की मानकता को पूरा करते हैं, जो शिक्षक बनने की मापदंड है।

कार्यक्रम में भीम प्रजापति, राजेश यादव, कमलेश कुमार, मिथलेश यादव, मनीष पांडे, मनोज शर्मा, चंदन प्रसाद, शेखर यादव, कार्तिक पोद्दार, संतोष मंडल, रामप्रकाश यादव, उमेश यादव, बिनोद मिश्रा, राखी किस्पोप्ता, पूर्णिमा कुमारी, सकुंतला कुमारी, यदुवंशी गौरव, गजेंद्र गिरि, शंभू कुमार, दीपक कुमार, ऐनुल अंसारी, काजिम अंसारी, राजकुमार प्रसाद, नफीश अख्तर, मुख्तार अंसारी, गुणाधर महतो, पंकज सिंह ने भाग लिया।

### डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की पुलिस मुख्यालय में हाई लेवल मीटिंग, कहा

# राज्य की अदालतों, न्यायाधीश और उनके आवासों की सुरक्षा कड़ी होगी

**डीजीपी ने अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी लगाने का भी दिया निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जमशेदपुर सिविल कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 के पेशकार राकेश कुमार पर चापड़ से हमला करने के मामले में हाईकोर्ट के द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की हाईलेवल बैठक की गयी। बैठक में डीजीपी ने राज्य की अदालतों, न्यायधीशों व उनके आवासीय कॉलोनी में प्रदान की जानेवाली सुरक्षा पर विचार- विमर्श किया।

बैठक में डीजीपी ने जिले के एसपी, एसएसपी, डीआइजी को यह आदेश जारी किया कि अदालतों, न्यायाधीश और उनकी आवासीय कॉलोनी में सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था की जाये। डीजीपी ने कहा कि झारखंड के सभी न्यायालय परिसरों, माननीय न्यायधीशों एवं उनके आवासीय कॉलोनी के सुरक्षा के लिए जिला स्तरों पर जो कार्रवाई की जा रही है, उसके लिए बलों की प्रतिनियुक्ति, मॉनिटरिंग, वरीय पदाधिकारियों की तैनाती के साथ-साथ लगाये गये सुरक्षा उपकरण की समुचित निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल दिया। डीजीपी ने सुरक्षा के लिए मोर्चा, चहारदीवारी, फेसिंग वायर, सीसीटीवी की जानकारी ली और कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

**मुख्यालय करेगा मॉनीटरिंग**

डीजीपी ने बैठक में पूरे सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जिम्मेवारी संबंधित रेंज के डीआइजी को दी है। राज्य के जिलों में जितने भी अदालत हैं, न्यायाधीश हैं, उनकी सुरक्षा में क्या-क्या व्यवस्था है, इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को देने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय उन सभी का समय-समय पर मॉनिटरिंग करेगा। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनंद राव लाटकर, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, ऑपरेशन आइजी अमोल विणुकांत होमकर समेत कई जिलों के डीआइजी, एसपी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से की गयी।

### मनी लांड्रिंग के आरोपी राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर सुनवाई टली

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने वाले राम प्रकाश भाटिया ने जमानत की गुहार लगाते हुए ईडी कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर मंगलवार को विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी लेकिन सुनवाई के दौरान समय ले लिया गया। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 15 सितंबर निर्धारित की है। ईडी ने वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। नीरज का सहयोगी के रूप में राम प्रकाश भाटिया काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। वह 23 जून से न्यायिक हिरासत में है।

# डुमरी में मतदाताओं का उत्साह सुखद संकेत : सुदेश

**चुनाव संपन्न कराने में लगे सभी कर्मियों और अधिकारियों को दिया धन्यवाद, निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग का जताया आभार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने डुमरी विस क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के बाद बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना हक और फर्ज अदा किया है। जिस तरह के संकेत मिल रहे हैं उनमें मतदाताओं ने आशंकाओं और दबाव को खारिज कर दिया। लोग सुबह से ही लंबी कतारों में लगे रहे। बारिश में भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। यह चुनाव निश्चित तौर पर राज्य में नई राजनीतिक दिशा तय करेगा। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन, पुलिस बल के जवान, चुनाव संपन्न कराने में लगी पोलिंग पार्टी, मतदान कर्मी सहित सभी कर्मियों का धन्यवाद किया और कहा कि आजादी के बाद पहली बार डुमरी में हिंसा के बिना चुनाव संपन्न कराया गया। यह डुमरी के राजनीतिक भविष्य के लिए सुखद संकेत है।

सुदेश महतो ने महिलाओं और युवाओं को मतदान में विशेष उत्साह दिखाते हुए मतदान करने के लिए धन्यवाद दिया। सुदेश महतो ने एनडीए के सभी नेता एवं कार्यकर्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी को मिला भारी जनसमर्थन, जीत पक्की : आदित्य साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने डुमरी उपचुनाव में जीत का दावा किया है। श्री साहू मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने डुमरी की जानता के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ और लोकतंत्र की मजबूती के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि 75 फीसदी मतदान दर्शाता है कि आम लोगों ने हेमंत सरकार के खिलाफ वोट किया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त था लेकिन हेमंत सरकार ने चुनाव प्रचार प्रभावित करने के इरादे से मेरे और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कमरे में छापेमारी करायी। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी यशोदा देवी को भरपूर समर्थन मिला है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव और तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को लोस सचिवालय से मिला नोटिस

**लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के सामने 21 सितंबर को पेश होने का निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार शाखा से झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को नोटिस जारी किया गया है। इन दोनों को 21 सितंबर को लोस की विशेषाधिकार समिति के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की ओर से लोस में दिये गये विशेषाधिकार हनन की शिकायत के मामले में दोनों अधिकारियों को पेशी का नोटिस आया है। मालूम हो कि गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर लिखा है कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ को लोस की विशेषाधिकार समिति ने 21 सितंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है। साजिश रचने और अनर्गल पत्र लिखने के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 21 सितंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है।

बताते चलें कि सांसद निशिकांत दुबे ने 5 सितंबर 2022 को देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। मामले को लेकर विशेषाधिकार समिति ने मामले की आगे की जांच के लिए और उनके मौखिक उत्तर के लिए उन्हें बुलाया है। सुखदेव सिंह को अधिकारियों का मुखिया होने के नाते नोटिस किया गया है।

## सहायक अध्यापकों ने सरकार से मांगा वेतनमान, आंदोलन की भी चेतावनी दी



**काला बिल्ला लगाकर जताया अपना विरोध**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी 24 जिलों के 62000 हजार सहायक अध्यापकों ने अपनी मांगों के समर्थन में मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के शिक्षकों ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से सहायक अध्यापक शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। वर्तमान सरकार ने एक नियमवावली भी बनाई परंतु उसमें दर्ज ईपीएफ कल्याण कोष और अनुकंपा की पत्र आज तक जारी नहीं की गई, जिससे राज्य के 62000 सहायक अध्यापकों में असंतोष है। सरकार उनकी मांगों के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। राज्य के सहायक अध्यापकों को एक उम्मीद जगी थी, कि शिक्षा मंत्री का पद मुख्यमंत्री के पास है। इसे लेकर मुख्यमंत्री से बार-बार मिलने का प्रयास किया गया परंतु आज तक उनसे भेंट नहीं हो पाई, जो सहायक अध्यापकों के लिए बडी दुख की बात है। अगर सरकार मांगों पर विचार नहीं करती है तो जल्द ही राजस्तरीय बैठक बुलाकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की जायेगी। आंदोलन से शिक्षण कार्य भी बाधित होती है तो इसकी जिम्मेवारी शिक्षा विभाग और झारखंड सरकार होगी।

### युवाओं का भविष्य लटका रही राज्य सरकार : गौतम



**रांची।** राज्य के युवाओं के प्रति यह सरकार कभी गंभीर नहीं रही है। युवाओं को रोजगार देने की नीयत ही नहीं है इस सरकार की, जिन युवाओं का मत लेकर हेमंत सरकार सत्ता पर पाई उनसे किए एक वादे को भी पूरा नहीं किया इन्होंने। इनकी गलत नीतियों के चलते ही आज झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने सहायक शिक्षकों नियुक्ति पर हाइकोर्ट द्वारा रोक लगाने पर कही। उन्होंने सरकार को छात्र विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार सिर्फ छात्रों के भविष्य से खेल रही है और उनके बीच में भ्रम पैदा कर रही है। हमारे संगठन ने शुरू से इस नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध किया था।

## अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या करने वालों की पहचान कर कार्रवाई करें : बन्ना गुप्ता

**अल्ट्रासाउंड कराने वाली गर्भवती महिला की फोटो युक्त पहचान पत्र क्लिनिक में रखवाने पर दिया गया जोर**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को पीसीपीएनडीटी के राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण बार्ड की बैठक आईपीएच सभागार नामकुम में हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना आवश्यक है। इसके लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुखबिर योजना के तहत सभी जिलों में लगातार विशेष जांच अभियान चलाकर ऐसे अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को चिन्हित किया जाए, जहां अवैध रूप से लिंग परीक्षण किए जाते हैं। उसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति या चिकित्सक पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउण्ड कराने वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए उनका फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र की प्रति अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक में होनी चाहिए।

बैठक में सभी जिलों के सिविल सर्जन को सख्त निदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में संबंधित कानून का अनुपालन नहीं होता है, तो उस जिले में जिम्मेदार पदाधिकारी पर सख्त कारवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट कर पोस्टर, बैनर वाट्सअप मैसेज बनाकर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में गिरावट होने पर समाज में असंतुलन की स्थिति होगी, इसलिए पीसीपीएनडीटी एक्ट का अक्षरशः पालन करना जरूरी है। विभागीय सचिव अरूण कुमार सिंह ने जिला स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड में गैर सरकारी सदस्यों का नये सिरे से चयन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक पर उस जिले के सिविल सर्जन, चिकित्सक तथा राज्य स्तर से किसी एक जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम एवं दूरभाष संख्या उपलब्ध कराया जाए।

## पॉक्सो एक्ट मामले का निबटारा करने में जुटी सीआइडी की टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बीते तीन साल में पॉक्सो एक्ट में सबसे ज्यादा 3388 मामले दर्ज किये गये। इस मामले को लेकर विधानसभा में भी संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने डाटा रख कर सवाल उठाया था, जबकि विधायक मनीष जायसवाल ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। ऐसे में राज्य की सीआइडी विंग के द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के तहत राज्य के जिलों से पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निबटारा किया जा रहा है।

**हाईकोर्ट में हुई थी पॉक्सो कमिटि की बैठक** : गौरतलब हो कि 25 जुलाई को हाईकोर्ट में पॉक्सो कमिटी की बैठक हुई थी। जिसमें पॉक्सो केस के लंबित मामलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया था। सभी जिलों की पुलिस ने पॉक्सो कांडों की सूची दे दी है। लेकिन झारखंड के तीन जिले क्रमशः जामताड़ा, गोड्डा और साहिबगंज जिले की पुलिस ने सीआईडी को अभियुक्त और गवाहों के नाम अब तक नहीं भेजे हैं। इस बाबत सीआइडी डीजी ने पत्र जारी किया है।

**रिपोर्ट में कांडों से संबंधित जानकारी स्पष्ट नहीं : डीजी**

सीआइडी डीजी ने कहा है कि बीते 21 अगस्त को हाइकोर्ट में विचार के लिए लंबित पॉक्सो कांडों के वांछित अभियुक्तों और गवाहों को चिन्हित करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद सभी जिलों के पुलिस ने रिपोर्ट सब्मिट किया। लेकिन रिपोर्ट से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त और गवाह किन कांडों से संबंधित हैं।

### प्रेसिडेंट ऑफ भारत पर झामुमो ने मोदी सरकार और भाजपा को घेरा, कहा

# बहुत जगह से इंडिया शब्द को हटाने की जरूरत है, करोड़ों नहीं अरबों खर्च होंगे

**कोई किसी गठबंधन से इतना भयभीत होगा, यह तो हमलोगों को भी पता नहीं था**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 9 सितंबर को राष्ट्रपति भवन में जी-20 रात्रिभोज के लिए दिए जा रहे आमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बदले प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कोई पार्टी या सरकार किसी नए गठबंधन से इतना भयभीत होगा, इसका अंदाजा तो हमें भी नहीं था। भय की पराकाष्ठा का यह सबसे बड़ा उदाहरण है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि भारत सरकार किस-किस चीज से इंडिया शब्द का नाम हटाएगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन रेलवे, इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, पीएम ऑफ इंडिया, टीम इंडिया, इंडियन फॉरेन मिनिस्ट्री सहित कई ऐसे नाम हैं, जिनको बदलना जरूरी होगा। लगता है कि अब सरकार देश में अंकित हर जगह से इंडिया शब्द को मिटाने के लिए करोड़ों नहीं अरबों रुपये खर्च करेगी। इंडिया और भारत के गौरवमयी इतिहास को मिटाने, डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान को बदलने आदि की भी तैयारी हो चुकी है। भाजपा और मोदी सरकार के लिए इंडिया शब्द एक बड़ी आपदा बन कर आयी है। सुप्रियो पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

**एनडीए का मतलब नेशनल डिजास्टर एलायंस**

भट्टाचार्य ने कहा कि लोग पहले से कहते रहे हैं कि इन लोगों का गठबंधन एनडीए का मतलब नेशनल डिजास्टर एलायंस है, जो देश के इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र को बर्बाद करने के लिए बनाया गया है। ये लोग जिस तरह की हरकत कर रहे हैं, इससे विदेश में हमारे देश की क्या इमेज बनेगी। क्या भाजपा एक नये गठबंधन इंडिया के भय से अपने इतिहास, भूगोल को बदल रही है। यह केवल देश का अपमान नहीं, बल्कि राष्ट्रभाषा का भी अपमान है।


**बाबूलाल एजी ऑफिस की नौकरी करने लगे** : सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पर 10 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले का खुलासा करने पर कहा कि लगता है कि बाबूलाल जी एजी ऑफिस में नौकरी करने लगे हैं। अब कोई भी एजी की रिपोर्ट या एटीआर विधानसभा के पटल पर नहीं रखा जाएगी। बाबूलाल मरांडी ही काफी हैं। उनसे हर प्रकार के घोटाले का डाटा लिया जा सकता है।

**डुमरी के मतदाताओं ने स्व. जगरनाथ महतो को वोट से श्रद्धांजलि अर्पित कर दी**

भट्टाचार्य ने कहा कि डुमरी में जिस प्रकार से शांतिपूर्ण एवं भारी मतदान हुआ, इसके लिए डुमरी के मतदाता बधाई के पात्र हैं। डुमरी के मतदाताओं ने अपने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ दा को वोट से अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर दी है। इस बार वोट प्रतिशत देखकर लग रहा है कि जीत का आंकड़ा में भारी अंतर से रहेगा। इंडिया गठबंधन की पहली जीत होगी।

## भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार की विफलता करें उजागर : अविनाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की 7 सितंबर को पहली वर्षगांठ पर जिला स्तरीय भारत जोडो पदयात्रा और सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों, जिला प्रभारी, प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष और पीएसी के सदस्यों के साथ वर्चुअल बैठक की। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा हमारे देश के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा रही। इस पदयात्रा के माध्यम से धर्म-समुदाय, जाति, आदि की परवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल गांधी की अटूट भावना ने मंत्रमुग्ध कर दिया। यह पदयात्रा देश की राजनीति की दिशा बदल दी और इसका परिणाम कर्नाटक में देखने को मिला। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस पदयात्रा की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों में पदयात्रा कार्यक्रम एवं सभा के माध्यम से देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, समाज में नफरत का माहौल आदि जैसे मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का पदार्फाश करने काम करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पदाधिकारियों से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जो शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच चलेगी। उसके उपरांत सभा के माध्यम से भारत जोड़ो यात्रा के मूल संदेशों को जनता के बीच कैसे सफलता पूर्वक पहुंचायें, इस दिशा में सकारात्मक पहल करें। उन्होंने तमाम जिलाध्यक्षों को यह निर्देश दिया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के दरम्यान जो फोटोग्राफ आये हैं उन फोटोग्राफ को यादगार के रूप में होडिंग्स, पोस्टर, बैनर के रूप में लगवायें।

वुर्चअल बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, गीता कोड़ा, धीरज प्रसाद साहु, बन्ना गुप्ता, सुलतान अहमद, सुबोधकांत सहाय, चन्द्रशेखर दूबे, केशव महतो कमलेश, गजेन्द्र सिंह, कालीचरण मुंडा, संजय लाल पासवान, दीपिका पांडेय सिंह, भीम कुमार, रामचन्द्र सिंह, केएन त्रिपाठी, फुरकान अंसारी ,ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, उदय लखमानी, जवाहर लाल महथा, चन्द्रशेखर शुक्ला, विजय कुमार चौबे, जिलाध्यक्ष-डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, संतोष सिंह, जैश रंजन पाठक, हरिमोहन मिश्रा, चैतु उरांव, आनंद बिहारी दूबे, चन्द्रशेखर दास, दिनेश यादव, बरकातुल्लाह खान आदि थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर खरीदारी तेज



# रांची हिंसा मामले में 26 सितंबर को आयेगा फैसला

### हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी अप-टू-डेट स्टेटस रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अप-टू-डेट स्टेटस रिपोर्ट टेबुलर रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मेन रोड हिंसा में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस घटना को बड़ी हिंसा में परिवर्तित होने से रोक दिया था। पुलिस ने पहले हिंसक भीड़ पर लाठी चार्ज किया, इसके बाद आंसू गैस का उपयोग किया। जब हिंसा फैलाने वालों ने पथराव और फायरिंग शुरू की तो मजिस्ट्रेट के आदेश से पुलिस ने कंट्रोल्ड फायरिंग शुरू की। जिससे भीड़ तीतर बीतर हो गई थी। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने 47 एफआईआर दर्ज किया, इनमें से कई केस में चार्जशीट दाखिल हो गई है और कुछ केस में अभी पेंडिंग है। इसमें से एक एफआईआर जिसमें पुलिस पर फायरिंग का आरोप है उसे सीआईडी जांच के लिए भेजा गया था। सीआईडी जांच में भी हिंसक प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और अनुसंधान जारी है। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का भी अध्ययन करते हुए अन्य आरोपियों को चिन्हित किया है, उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है।

दूसरी ओर घटना को लेकर फेसबुक, गूगल मैप और सोशल मीडिया से भी डाटा प्राप्त करने की कोशिश हो रही है और उपलब्ध डाटा को खंगाल जा रहा है। अनुसंधान सही तरीके से की जा रही है इसलिए इसमें भी किसी दूसरी एजेंसी के हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी, उस दिन कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

# रातू रोड के बिरला मैदान में हुई मटकीफोड़ प्रतियोगिता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कान्हा मटकीफोड़ प्रतियोगिता समिति की ओर से राजधानी राँची के बिरला मैदान, रातू रोड मे पहली बार कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंगलवार को मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संध्या 4 बजे से 6 बजे तक बच्चों की राधा कृष्ण बाल प्रतियोगिता तथा 6 बजे से भजन संध्या सह झांकी और 7:30 बजे से मटकीफोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटकी की ऊंचाई पुरूष गोविंदाओं के लिए 24 फीट रखी गयी थी। इस ऊंचाई पर कोई भी टीम मटकी फोड़ नहीं पायी जिसके बाद इसकी ऊंचाई 2 फीट कम की गयी। दूसरे प्रयास में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा की टीम मटकी फोड़ने में सफलता पायी। समाचार लिखे जाने तक बाकी टीमें मटकी फोड़ने का प्रयास कर रही थीं। वहीं महिलाओं के लिए 18 फीट ऊंचाई रखी गयी थी। राधा रानी की टीम ने दूसरे प्रयास में मटकी को 16 फीट में मटकी को फोड़ने में सफलता पायी।

## दही-हांडी प्रतियोगिता का उद्घाटन कल करेंगे राज्यपाल

# अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आज से शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के संरक्षक सह सांसद संजय सेठ ने कहा कि समिति के तत्वावधान में अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 6-7 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को होनेवाली दही-हांडी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। उन्होंने बताया कि समिति के द्वारा यह ग्यारहवीं बार जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। सांसद के मुताबिक पूर्वी भारत का सबसे बड़ा यह कार्यक्रम समिति द्वारा 2009 में प्रारम्भ किया गया था। यह कार्यक्रम दो दिवसीय है। प्रथम दिन 6 सितंबर को अपराहन 3:30 बजे श्री कृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता और झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। वही सायं 6 बजे श्री कृष्ण के बाल रूप झांकी का उद्घाटन रांची की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। संजय सेठ मंगलवार को आयोजन स्थल पर मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह और अध्यक्ष मुकेश काबरा मौजूद थे। इस अवसर पर नृत्य नाटिका का भी आयोजन रखा गया है। आयोजन स्थल पर भव्य झांकी का भी प्रदर्शन किया जायेगा। श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे और बच्चियां जिनकी उम्र 12 वर्ष से कम हो, वह श्री कृष्ण झांकी स्वरूप प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

संजय सेठ ने बताया कि पुरस्कार वितरण आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय पुरस्कार के अलावा सभी बच्चों को उपहार भी दिया जायेगा। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज सहित माखन मिश्री, पंजीरी, फल, रबड़ी का भोग लगाया जाएगा जिसे कार्यक्रम स्थल पर जन मानस के बीच वितरण किया जाएगा।

संजय सेठ ने बताया कि 7 सितंबर को संध्या 5 बजे से दही हांडी फोडो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य मंचन का आयोजन रखा गया है। इस दिन राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण भी उपस्थित रहेंगे। अमर तिलकधारी कानपुर के कलाकारों द्वारा भव्य नित्य प्रस्तुति सहित पटना के शुभम जटाधारी व यूपी से पधारे भजन सम्राट रोहित पंडित एवं इलाहाबाद से श्याम दीवानी बंकू सिस्टर के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा होगी।

## मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव व दही हांडी प्रतियोगिता आज, मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति रांची की ओर से मोरहाबादी मैदान में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसका शुभारंभ आज शाम 4 बजे बाल गोपाल एवं बाल राधा पोशाक प्रतियोगिता से होगी। यह प्रतियोगिता दो ग्रुप में होगी शून्य से पांच वर्ष एवं छह से बारह वर्ष के बच्चों के बीच होगी। इस दौरान पुरुष एवं महिला गोविंदा टीम के द्वारा दही-हांडी फोड़ी जायेगी। पुरुष एवं महिला टीम को प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 25 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार नगद के साथ ट्रॉफी दिया जाएगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुरस्कार वितरण करेंगे। प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ मांझी एवं बोर्ड निगम के अध्यक्षगण बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक सह गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं अध्यक्ष बिनोद गोप ने संयुक्त रूप से दी है।

## खबर एक नजर में

### दुष्कर्म मामले में अभियुक्त दोषी करार

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त बिरसा लोहरा को दोषी करार दिया है। अदालत ने अभियुक्त के सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि लापुंग थाना क्षेत्र निवासी बिरसा लोहरा पर उसी थाना क्षेत्र की नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस घटना को लेकर पीड़िता की मां ने नवंबर 2019 में लापुंग थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद अभियुक्त को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### मनी लांड्रिंग के आरोपी ने दाखिल की एबीपी

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर ने अग्रिम राहत की गुहार लगाते हुए ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर 12 सितंबर को सुनवाई होगी। प्रवर्तन निदेशालय ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में ईडी कोर्ट में चार्जशीट दायर है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर के खदान में गड़बड़ी करने के लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। बाद में पटना ईडी टीम ने दो अक्तूबर 2021 को सीबीआई में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाते हुये मनी लाउंड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। यह केस घाटकुरी माइंस में जरूरत से ज्यादा खनन से जुड़ा हुआ है।

### अवैध शराब कारोबारी को छह माह की सजा

**रांची।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्ण कान्त मिश्र की अदालत ने अवैध विदेशी शराब का कारोबार करने के मामले के 80 वर्षीय अभियुक्त कालीचरण महतो को दोषी पाकर उसकी उम्र को देखते हुए सिर्फ छह माह कैद की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे अतिरिक्त 45 दिन जेल काटनी होगी। अभियुक्त सोनाहातू थाना क्षेत्र के बिरहीडीह गांव निवासी है।

### तारा शाहदेव मामला : बचाव पक्ष की बहस जारी

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में बचाव पक्ष की ओर से बहस जारी है। मंगलवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस के दौरान अपने मुवक्किलों का बचाव किया। बहस पूरी नहीं हो सकी। आगे भी बहस जारी रहेगी। अदालत ने अगली तारीख 13 सिंतबर निर्धारित की है।

### चेहल्लुम का मातमी जुलूस कल

**रांची।** शिया समुदाय की ओर से चेहल्लुम के मौके पर मातमी जुलूस सात सितंबर को निकाला जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे जुलूस मेन रोड अनवर टॉवर से निकलेगा। इसके बाद जुलूस विश्वकर्मा मंदिर लेन से निकलकर वूल हाउस, उर्दू लाइब्रेरी, टैक्सी स्टैंड, चर्च रोड, विक्रांत चौक होते हुए कर्बला चौक स्थित कर्बला में पहुंचकर समाप्त होगा। जुलूस से पूर्व अनवर टॉवर में मजलिस का आयोजन किया जाएगा। इसमें कर्बला की जंग में इमाम-ए-हुसैन की शहादत का जिक्र किया जाएगा। मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने बताया कि इमाम-ए-हुसैन और उनके जानिसारों की शहादत के 40वें दिन चेहल्लुम मनाया जाता है। फराज अब्बास ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे जुलूस निकलेगा।

### हिंदू महासभा ने किया स्टालिन के बयान का विरोध

**रांची।** हिंदू महासभा की मंगलवार को जयंत झा की अध्यक्षता में हुई बैठक मे सनातन धर्म के विरोध में उदय स्टालिन के बयान की निंदा की गयी। अध्यक्ष जयंत झा ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ बोलने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वहां के राज्यपाल को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

## हाइकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व विभाग को दिया आदेश

# टैगोर हिल के ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने पर 3 माह में फिर से निर्णय लें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रम्ह मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि टैगोर हिल के ब्रम्ह मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के संबंध में भारतीय पुरातत्व विभाग 3 माह में फिर से निर्णय ले।

**टैगोर हिल से अतिक्रमण हटाए और संरक्षण करे सरकार :** अपने आदेश में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि टैगोर हिल से अतिक्रमण हटाया जाए। सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि राज्य सरकार का भू-राजस्व विभाग एक समिति बनाए जिसमें टैगोर हिल की बाउंड्री की मापी की जाएगी और इसके बाद टैगोर हिल की बाउंड्री वॉल को इसके ओरिजिनल स्वरूप में लाया जाए। बाउंड्री वॉल के सर्वे के लिए बनाई जाने वाली समिति में रांची उपायुक्त द्वारा मनोनीत सदस्य रहेंगे। राज्य सरकार टैगोर हिल के रखरखाव के अलावा वहां महिला, पुरुष, ट्रांसजेंडर एवं विकलांग के लिए शौचालय की व्यवस्था भी करें। लेकिन शौचालय बनाते समय यह ध्यान रखा जाए कि टैगोर हिल के धरोहरों के बीच में यह ना आए। सरकार टैगोर हिल का संरक्षण करें और इसकी साफ सफाई, जन सुविधा बनी रहे इस पर ध्यान दें। कोर्ट ने माना है कि टैगोर हिल रांची का एक बहुत महत्वपूर्ण स्थल है।

### सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी देने वाला मीडिया के समक्ष पेश

**रांची।** रांची पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में सुपारी देनेवाले बबलू पासवान उर्फ नागेश्वर पासवान को राउरकेला से गिरफ्तार कर लायी। बबलू पासवान के पास पुलिस ने एक ऑटोमेटिक पिस्टल, मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन, स्कॉरपियो व बाइक बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को मीडिया के समक्ष पेश किया। एसएसपी ने बताया कि बबलू पासवान पर राज्य के विभिन्न जिलों के थानों में 12 मामले दर्ज हैं। बबलू पर सुखदेवनगर, ठेठईटांगर, रातू, नगड़ी, खलारी, कुरडेग, सिमडेगा, रातू, सिमडेगा के बोलवा थाना में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

## रांची विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर मना गुरु वंदन पर्व, वीसी बोले

# गुरु की गोद में ही खेलते हैं सृजन और विध्वंस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को शिक्षक दिवस के मौके पर गुरु वंदन पर्व मनाया गया। गुरुवंदन पर्व में रांची विश्वविद्यालय को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले पूर्व गुरुओं को कुलपति आरयू प्रो डा अजीत कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत विभाग की डॉ. मधुलिका के गणेश वंदना से किया गया। मौके पर डॉ एस राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्जवलित किया गया। डॉ सिन्हा ने कहा कि हमारी सबसे पहली गुरु मां होती है उसके बाद हमारे जीवन को संवारने का काम गुरू करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु वह सड़क हैं, जो स्वयं वहीं रहते हैं पर सबों को मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के गोद में ही निर्माण और विध्वंस दोनों खेलते हैं। उन्होंने सभागार में आये सभी गुरुओं का आभार जताया और कहा कि आज के छात्रों की आवश्यकता अलग है, झारखंड के दूर दराज से आये छात्रों के सामने बहुत चुनौतियां हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में डॉ रमेश पांडेय ने प्रो डॉ केके नाग, डॉ रमेश शरण, डॉ केसी प्रसाद, डॉ जीडी मिश्र, डॉ एए खान, प्रो अंजनी कुमार श्रीवास्तव, प्रो फिरोज अहमद, प्रो एसपी सिंह, प्रो एसएन सिंह, प्रो तपन कुमार शांडिल्य, प्रो टीएन साहू को कुलपति ने सम्मानित किया। सबसे वरिष्ठ गुरु हिंदी की प्राध्यापक रही डॉ. शारदा श्रीवास्तव को भी आमंत्रित किया गया था, पर वह आ नहीं पायी, उन्होंने इस गुरुवंदन पर्व में अपनी शुभकामना संदेश भेज कर आभार जताया। मंच संचालन करते हुये डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ. स्मृति सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया और सभागार में सबों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलसचिव आरयू डॉ. मुकुंद मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, सीसीडीसी डॉ. पीके झा, डीएसडब्लयू डॉ. सुदेश साहु, एफओ डॉ. एलकेएएन शाहदेव, एफओ डॉ. गोस्वामी सहित रांची विश्वविद्यालय के अन्य वरीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के हेड, डीन एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।

## स्कूलों में शिक्षक दिवस समारोह

### डीएवी बरियातू में मना शिक्षक दिवस समारोह



**रांची।** शिक्षक दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षक और विद्यार्थी जीवन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। इस मौके पर सत्र 2022-2023 के एकेडमिक टॉपर्स को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्री विनय कुमार पाण्डेय ने कहा शिक्षा आपके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और शिक्षक उसके अभिन्न अंग। शिक्षक आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, यह सभी उनका प्यार है और वे चाहते हैं कि आप निरंतर आगे बढ़ें।

### डीएवी कपिलदेव में शिक्षकों को मिला सम्मान



**रांची।** डीएवी कपिलदेव विद्यालय में मंगलवार को शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि गुरु वह होता है जो छात्र की गलतियों को माफ करते हुए उसे शिखर तक पहुंचाता है। शिक्षक ही समाज को दिशा देता है। हमें अपने शिक्षकों को पूरा सम्मान देना चाहिए और उनकी कही बातों का अनुपालन करना चाहिए। उन्होंने कहा सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिन को शिक्षकों के कल्याण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में घोषित कर दिया। बच्चों ने इस अवसर पर नृत्य, गीत, बांसुरी वादन, लघु हास्य नाटिका और भाषण प्रस्तुत किया।

### 5 सितंबर शिक्षकों को समर्पित: आशीष रोशन



**रांची।** एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष आशीश रौशन के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर कुलसचिव डॉक्टर नमिता सिंह को पौधा देखकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय एनएसयूआई पीजी विभाग अध्यक्ष कुमुद महतो उपस्थित थे। आशीष रोशन ने कहा कि 5 सितंबर का यह दिन शिक्षकों को समर्पित है, उन गुरुओं को जिन्होंने हमें ज्ञान, समझ, और आत्म-समर्पण की महत्वपूर्ण मूल्यों को सिखाया। उनके बिना, हमारा जीवन अधूरा है। कार्यक्रम में छात्र राकेश रोशन, मुस्कान उरांव, निशा तिर्की, अभिलाषा कच्छप, रीना कुमारी, अलीशा टोप्पो आदि छात्र छात्राएं थीं।

### राज्यपाल ने डॉ राधाकृष्णन को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति व प्रख्यात शिक्षाविद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डीपीएस में मना शिक्षक दिवस समारोह



**रांची।** डीपीएस रांची में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ राम सिंह ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर शिक्षकों ने सामूहिक गीत और मनमोहक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। मौके पर डॉ राम सिंह ने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए सुदृढ़ आधार और परिवेश तैयार करते हैं तथा उन्हें जीवनदर्शन से परिचित भी कराते हैं, क्योंकि ये ज्ञान के वास्तविक प्रतीक हैं। हमारे शिक्षक ही हमारी सफलता के सच्चे स्तंभ हैं। एक शिक्षक का दृढ़ संकल्प और ईमानदारी राष्ट्र की नियति को आकार देती है। शिक्षक वह ज्ञान-दीप होता है जो स्वयं जलकर समाज एवं राष्ट्र को आलोकित करता है।

### नीरजा सहाय डीएवी: शिक्षकों को किया नमन



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में मंगलवार को शक्षिक दिवस मनाया गया। डॉ राधाकृष्णन की जीवनी, उपलब्धियों और उनको एक शिक्षक के रूप में स्थापित करते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गये तथा भजन, एकल गीत, सामुहिक गीत एवं नृत्य, गीत नाटिका आदि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि शिक्षक का हमारे जीवन में एक विशिष्ट स्थान होता है। जो आज शिक्षक हैं, उनके भी कोई न कोई शिक्षक अवश्य हैं। प्राचार्या ने डीएवी प्रबंधन के मुखिया आर्यरत्न पद्मश्री पूनम नूरी का शिक्षकों के नाम संदेश को पढ़कर सुनाया एवं डीएवी जोन जी एवं एफ के डायरेक्टर अरुण कुमार एवं अन्य सभी को उनके संदेश एवं मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया। मंच संचालन निवेदिता एवं धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश ने किया।

### सेंट माइकल्स प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस मना



**रांची।** संत माईकल्स प्ले स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में प्राचार्या वंदना बहल ने शिक्षकों को बधाई दी। शिक्षकों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्रधानाचार्या रिशिका बहलल और कार्य प्रभारी तृप्ति प्रसाद और राबिया आफरिन का भरपूर योगदान रहा। कार्यक्रम की समाप्ति रेणुका के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# डीसी ने इवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मोहराबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीसी के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बता दें कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। वहीं इसके रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को देनी होती है।

## डीएसपीएमयू के शिक्षक दिवस समारोह में शामिल हुए गवर्नर, शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षा के माध्यम से ही मनुष्य जीवन में ला सकता है सकारात्मक परिवर्तन : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि वे एक ऐसे महान शिक्षाविद थे, जिन्होंने शिक्षा जगत में अमिट अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही मनुष्य सही और गलत को समझ कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। शिक्षा ही सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन का सशक्त साधन है। राज्यपाल ने कहा कि समाज को सही दिशा देने का अहम दायित्व शिक्षक पर ही होता है। शिक्षक छात्रों को शिक्षा देने के अलावा भावी जीवन के लिए उन्हें सही राह भी दिखाते हैं। शिक्षक द्वारा दिखाए गए राह के आधार पर छात्र राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्र के जीवन का महत्वपूर्ण समय शिक्षक के सान्निध्य में ही व्यतित होता है और उनमें क्षमता, रचनात्मकता एवं जीवंतता तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है। इसलिए समाज में शिक्षक को बहुत ही अधिक आदर एवं सम्मान प्राप्त है।

मौके पर अतिथियों का स्वागत करते हुए डीएसपीएमयू वीसी प्रो. (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि शिक्षक दिवस के मौके पर विवि के सेवानिवृत शिक्षकों को राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा सम्मानित किया जाना विवि के लिए एक गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने उन शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके योगदान को सदैव स्मरण में रखेगा। जिन सेवानिवृत शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया, उनमें पूर्व कुलपति डॉ सत्यनारायण मुंडा, पूर्व प्रभारी कुलपति डॉ यूसी मेहता, डॉ सीताराम साहू, डॉ एके गोविल, गोडलिवा बाखला, डॉ भोला महतो, डॉ एनडी गोस्वामी, राजेश कुमार झा, डॉ बुशरा रजा, एनएन ओझा, डॉ सुधा सिन्हा, श्री टीएनएस मुंडा, डॉ शशि बाला कौर, डॉ मालती केरकेप्ता, डॉ अनिल कुमार ठाकुर, मीना टोप्पो, डॉ अनिल कुमार, डॉ कालिंदी कुमारी और डॉ अजय कुमार सिंह शामिल है। मंच संचालन डा. विनय भरत ने किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## खबर एक नजर में

### सार्थक और व्यावहारिक शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार : डॉ नीता पांडेय



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल,कांके रोड में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती आनंदमयी सिंह और प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। जिस देश में शिक्षा जितनी समृद्ध,सार्थक और व्यावहारिक होगी वह देश उतना ही विकसित होगा। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतीक्षा ने गणपति वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। निधि, अनुष्ठा, भूमिका, विभु और उन्नति भट्ट ने अलग-अलग गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक एवम छात्र- छात्राएं मौजूद थें।

### कैरलि स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



**रांची।** धुर्वा स्थित कैरलि स्कूल में आज शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक जेकौब सी. जे., प्राचार्य राजेश पिल्लई, उपप्राचार्या सुजा पिल्लई एवं के. आर. स्मृति ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का आरम्भ शंखनाद से हुआ। शिक्षकों के सम्मान में छात्र-छात्राओं द्वारा एक समूह गीत गाया गया। विद्यार्थियों के आग्रहपर शिक्षकों ने पुरानी स्मृतियों के बारे बताया। विद्यार्थियों ने एक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया' एक नुक्कड नाटक की शानदार प्रस्तुति हुई। विद्यालय प्राचार्य राजेश पिल्लई ने अपने सम्बोधन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिये उन्हें धन्यवाद देते हुए गुरु-शिष्य के महत्व के बारे कहा। उन्होंने बच्चों को अपना आशीर्वचन भी दिया। उक्त कार्यक्रम में सभीशिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस आयोजित



**रांची।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। अपने शिक्षकों के लिए सम्मान जनक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन्न केवल भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति थे, बल्कि वे एक शिक्षक भी थे। वे शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना रखते थे। इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिवस का शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की बात कही। और चेयरमैन सर ने सबको धन्यवाद और शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ज्ञापन सौंपा।

## झारखंड दौरे पर राजस्थान विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति



**रांची।** राजस्थान विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति झारखंड दौरे पर है। समिति देवघर के रास्ते मंगलवार को रांची आयी। समिति के सभापति रामनारायण मीणा मंगलवार को झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति के साथ बैठक किया। समिति में विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की ओर से बैठक में मौजूद रहीं। राजस्थान विधानसभा की समिति ने यह जानकारी दी की पुस्तकालय 52000 किताबों से संपन्न है। नीरज पूर्णिमा सिंह ने भी यहां की लाइब्रेरी की अद्यतन स्थिति से राजस्थान विधानसभा की समिति को अवगत कराया। कल समिति रांची के इर्द-गिर्द विभिन्न पर्यटन स्थल एवं संस्थाओं का दौरा करेगी। राजस्थान विधानसभा की समिति में रामनारायण मीणा, सभापति संजय शर्मा, धर्मनारायण जोशी, विकास चतुर्वेदी, योगेंद्र चंद्र शर्मा, संतोष कुमार सिंह, हरेंद्र शाह बैठक में शामिल थे।

## मांगों को लेकर श्रमिक संघ ने दो घंटे तक किया जीएम कार्यालय का घेराव

# विद्युत कर्मियों की मांगें नहीं मानी गयीं तो होगा ब्लैक आउट : अजय राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** 13 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने मंगलवार को रांची बिजली वितरण सप्लाई एरिया बोर्ड के जीएम कार्यालय का घेराव किया। घेराव कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक चला। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने किया। इससे पूर्व कुसई मैदान से सैकड़ों की संख्या में रांची बिजली वितरण के रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी के विद्युत कर्मी शामिल हुए और एजेंसी प्रथा खत्म करो, नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय करो, एरियर का भुगतान करो, मानदेय में बढ़ोतरी करो आदि नारे लगाते हुए जीएम कार्यालय पहुचे और घेराव किया। प्रदर्शन को देखते हुए जीएम संघ के लोगों को वार्ता के लिए बुलाया और आश्वासन मिलने के बाद धरना को समाप्त किया। इस दौरान संघ की ओर से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौपा गया।

वार्ता के दौरान संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 2017 से लेकर अभी तक आउटसोर्स कंपनियों को ऊर्जा निगम ने लगभग 80 करोड़ रुपए से भी ज्यादा कमीशन के रूप में दिया है। एक ओर निगम आर्थिक वित्तीय हालात से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर निगम के इस फैसले से आउटसोर्स कंपनियों को कमीशन खाने का भरपूर मौका दिया जा रहा है जिस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड अगर कर्मियों की मांग को स्वीकार नहीं करता है तो संघ से जुड़े कर्मी हडताल पर जाकर झारखंड को ब्लैक आउट कर सकते है।

वार्ता के क्रम में महाप्रबंधक सहः मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने श्रमिक संघ को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके सभी जायज मांगों को विभाग पूरा करेगा और जो भी पॉलिसी मैटर है उसको लेकर निगम मुख्यालय को अनुशंसा कर भेजी जाएगी। उन्होंने मौके पर ही मांग से संबंधित मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों को फोन कर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर आइआइसीसी एंड आइएनआइएफडी में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलवार को मेन रोड स्तिथ आई आई सी सी एंड आई एन आई एफ डी संस्थान के विद्यार्थियों ने स्काई स्केप रेस्टोरेंट मे शिक्षकों के लिए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नृत्य एल,संगीत रैंप वॉक सहित कई खेल का आयोजन किया साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ लंच का भी आनंद लिया। मौके पर ईंस्टिट्यूट की शिक्षिका आरफीन, कुमार हरेंद्र कुमार,शिखा शरावगी, कोमल सेठ,नवाजिस हुसैन,आफरीन इरशाद किरण कुमारी, आरती तिर्की आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बाजार समिति पंडरा में समिति के रजिस्टर्ड किसानों को दी गयी ट्रेनिंग



**रांची।** कृषि उत्पादन बाजार समिति रांची में मंगलवार को ई-नैम के तहत निबंधित किसान, ई-व्यापार एवं एसेयिंग लैब के संचालन को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने की। इस बैठक में कमेटी में रजिस्टर्ड विभिन्न एफपीओ और किसान शामिल हुए। उनसे ई-नैम और ई-व्यापार के साथ-साथ एसेयिंग लैब के संचालन पर चर्चा की गई। बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड के निर्देश पर राज्य के किसानों और एफपीओ के साथ बैठक कर उन्हें इसकी जानकारी दी गयी। बैठक के दौरा चर्चा में बुढ़मू किसान प्रोड्यूसर कंपनी, कांके ब्लॉक फार्मर प्रोड्यूसर, लापूंग ब्लॉक फार्मर प्रोड्यूसर्स, नामकुम ब्लॉक फार्मर प्रोड्यूसर, मांडर ब्लॉक फार्मर प्रोड्यूसर्स समेत 16 प्रखंडों के किसानों ने हिस्सा लिया। उन्हें मार्केटिंग बोर्ड के निर्देश पर ई नैम, ई-व्यापार और एसेयिंग लैब की जानकारी दी गई। इस दौरान समिति की ओर से बाजार पर्यवेक्षक अनुपम टोप्पो, माता शरण महतो और गुलाब कृष्णा उपस्थित थे।

### प्रदुम्न कुमार दीक्षित बने मेकॉन के निदेशक परियोजना



**रांची।** प्रदुम्न कुमार दीक्षित ने मंगलवार को मेकॉन में निदेशक (परियोजना) का पदभार ग्रहण किया। 12 अक्टूबर, 1965 को जन्मे श्री दीक्षित ने वर्ष 1988 में आईआईटी, खड़गपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक तथा उसके बाद वर्ष 1995 में आईआईटी, कानपुर से औद्योगिक और प्रबंधन इंजीनियरिंग में एम.टेक किया और वर्ष 2010 में आईएमटी, गाजियाबाद से पीजीडीबीएम किया। दीक्षित वर्ष 1988 में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में मेकॉन में नियुक्त हुए और उन्हें मेकॉन द्वारा निष्पादित परामर्शी के साथ-साथ ईपीसी परियोजनाओं में दशकों का व्यापक और समृद्ध अनुभव है।

### लायंस क्लब ने केएम मलिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**रांची।** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के तत्वावधान में कोकर स्थित केएम मलिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण की गई। इस अवसर पर सदस्यों ने उनके बताये हुये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केएम मलिक के सभी शिक्षकों को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एम मलिक के विद्यार्थियो के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। अतिथियों ने कहा कि बिना शिक्षक के कभी शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, विजया केडिया, नीरज कांत शाहा व अन्य मौजूद थे।

## आइडीबीआइ बैंक प्रबंधक के घर हमला, आरोपी फरार

- चुटिया थाना में दर्ज है प्राथमिकी
- जेल से मिल रही है परिजनों को धमकी
- सिटी एसपी से मिलकर की शिकायत, फिर भी चुटिया पुलिस नहीं कर रही है कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के अमरावती कॉलोनी में रह रहे मुज्जफ्फरपुर आइडीबीआई बैंक में पदस्थापित प्रबंधक राकेश कुमार सिंह के घर पर हमला किया गया। हमलावरों ने घर में घुस कर अकेली रह रही महिलाओं व बच्चों पर जुल्म किया, मारपीट की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जान से मारने की धमकी के बाबत पीड़िता शिकांती देवी ने चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी 28 अगस्त को दर्ज की गयी थी, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी अबतक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से कोई पहल नहीं की गयी।

सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन को दिये आवेदन में पीड़िता ने कहा कि उन्हें शशिकांत उर्फ मिंटू व रविकांत के द्वारा धमकी दी जा रही है। उनलोगों के द्वारा जबरन घर में घुसकर मारपीट की जा रही है। ऐसे में उनलोगों पर जानमाल का खतरा है। शिकांती देवी ने कहा कि जिन लोगों के द्वारा उनके घर पर हमला किया गया, वे पेशेवर अपराधी हैं और पूर्व में अपहरण, अवैध वसूली और रंगदारी के मामले में जेल जा चुके हैं।

### फिल्म एवं फोटोग्राफी विभाग में शिक्षक दिवस



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज रांची के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग के विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि आने वाले दिनों मे वे एक फिल्म महोत्सव आयोजित करेंगे और एक फिल्म का निर्माण भी करेंगे।

### 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज' पर चर्चा आज

**रांची।** झारखंड में बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए समाधान आधारित सामूहिक प्रयासों पर रचनात्मक चर्चा के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को डोरंडा स्थित पलास कम्युनिटी हॉल में किया गया है। इसका आयोजन झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद (जेएसपीसीबी) और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज' (नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस) से संबंधित यह कार्यक्रम राज्य-स्तरीय कार्यशाला 'टुगेदर फॉर क्लीन एयर' है। कार्यक्रम बुधवार सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा।

## सीसीएल जनसंपर्क विभाग ने शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** शिक्षक दिवस पर सीसीएल के जनसंपर्क विभाग ने मंगलवार को सीसीएल मुख्यालय में गुरू दिवस मनाया। इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ सदस्यगण - जेके मिश्रा, एसके सिंह, एमएन झा, बीके सिन्हा एवं दीपक कुमार को सादर आमंत्रित कर गुलदस्ता, शॉल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी सेवानिवृत विभागाध्क्षों एवं वरीय सदस्यगण ने सीसीएल के अपने-अपने अनुभवों को साझा करते हुये कहा कि जनसंपर्क विभाग, सोशल मीडिया के प्लेटफार्म को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ सीसीएल के ब्रांड इमेज को अपने कर्मियों एवं स्टेकहोल्डोर्स के बीच सुन्दर रूप से प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुश्री रश्मि दयाल ने कहा कि जीवन के हरेक स्तर पर एक शिक्षक की जरूरत होती है । इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के प्रमुख आलोक कुमार, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती कविता गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) स्वयं प्रकाश तथा जनसम्पर्क विभाग के श्री अनुपम एवं मयंक के साथ सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### किसानों में वितरित किये गये मृदा नमूना विश्लेषण कार्ड, दी गयी जांच रिपोर्ट की जानकारी



**रांची।** चान्हो बिरसा फार्मरस प्रोड्यूसर कम्पनी के सभागार में इफको द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 190 किसानों को मृदा नमूना विश्लेषण कार्ड का वितरण किया गया। उन्हें मृदा कार्ड में आए परिणामों के बारे जानकारी देते हुए इफको के चन्दन कुमार के द्वारा बताया गया कि आप सभी के खेतों की मिट्टी में औसतन पीएच का स्तर कम है, जिसका मतलब है कि आपकी मिट्टी में अम्ल की मात्रा अधिक है। नाइट्रोजन जो कि फसलों के पैदावार के लिए अति आवश्यक पोषक तत्व है की आवश्यकता ऐसे मिट्टी में अधिक होती है। यही कारण है कि आप अधिक मात्रा में यूरिया का प्रयोग अपने खेतों में करते हैं जो आपकी मिट्टी को और अम्लीय बनाता है और मिट्टी के अंदर हानिकारक फफूंद और जीवाणु की जनसंख्या को बढ़ाता है, जिस कारण फसलों में विभिन्न तरह के रोग लगते हैं।

### एपेक्स गुरुकुल स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**रांची।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलवार को कडरू स्तिथ एपेक्स गुरुकुल स्कूल मे बच्चो ने कई रंगा रंग कार्यकर्म जैसे गीत संगीत एवम नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि कमला देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कमला देवी ने बच्चो का मानसिक विकास कैसे हो साथ ही जीवन मे कैसे विपरीत परिस्थितियों का सामना किया जाए इन बातो को लेकर शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। मौके पर स्कूल की शिक्षिका पांकी, शालू, नूतन, अपूर्वा आदि को मुख्य अतिथि एवम निर्देशक के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यकर्म मे धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल ज्ञानिक सिन्हा ने किया।

### डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया गया



**रांची।** पटेल बीएड कॉलेज काटमकुकू में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति व महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज व बच्चों के निमार्ता होते हैं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी ने शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तरकर्मी उपस्थित रहे।

### बीआइटी के लालपुर में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित



**रांची।** बीआइटी मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन सेंटर में मंगलवार को एनएसएस की ओर से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के गीत, संगीत और भाषण के कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि गुरु और शिष्य दोनों एक दूसरे के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। एनएसएस के संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हम इस प्रकार के आयोजन कर अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं। डॉ प्रदीप मुंडा, डॉ संजय कुमार, डॉ अमृता प्रियम, डॉ श्रावणी, डॉ शीबा मित्रा, श्री सिद्धि कांत, मनोज कुमार, शांतनु सिन्हा ने छात्रों के साथ मिलकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर केक काटकर बच्चों के साथ खुशियां मनाया।

# रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का गठन, सुविधा व सुरक्षा को प्राथमिकता

**अशोक चौधरी अध्यक्ष, विक्की यादव कार्यकारी अध्यक्ष व रवि रोहतगी उपाध्यक्ष बने**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। गठन के उपरांत पदधारियों ने कहा कि इस बार हर साल की भांति भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता में रखा जायेगा।

समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, हीरालाल साहू और अशोक पुरोहित बनाये गये। अन्य पदधारियों में मुख्य सलाहकार मनोज गुप्ता व उदय प्रताप सिंह मुन्ना, संरक्षक आलोक साहू, रमेश गुप्ता, राजेश ठाकुर, पंकज साहू, हेम सिंह, मनोज ठाकुर, उमेश कामदार व लल्लु सिंह, सह संरक्षक विश्वजीत बॉस, शैलेश्वर दयाल सिंह व अजय गुप्ता, संयोजक मनोज पांडे व राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष अशोक चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्की यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश गोप व राहुल शर्मा, सदस्यता प्रभारी राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष रवि रोहतगी, मनीष सिंह, राहुल गुप्ता, रवि सिंह, मिनी सिंह, विजय गुप्ता, राजीव चौधरी, आशुतोष वर्मा, मोनू विवेक, शुभम सिन्हा, मनीष श्रीमाली, अभिषेक चौधरी, कन्हैया लाल भारतीया, अंकित गुप्ता, प्रेम सिंह व बैजू सोनी, महामंत्री कुंदन सिंह व अरविंद साह, मंत्री आदर्श सिंह, किशन गोयल, धनंजय कुमार, पप्पू वर्मा, एकाश कुमार, भोला शर्मा, रितेश द्विवेदी, किसलय, नरेश , साहित्य, भोला , राहुल, साहित्य पवन, संदीप घोष, दीपक गुप्ता, आनंद कुमार, शशांक शर्मा, अमित वर्मा, आकाश वर्मा, अमित, नारायण साव व उत्तम यादव, मीडिया प्रभारी साजन सिन्हा, कौशल चौधरी व विवेक सिंह, सह मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, नीरज यादव, रिषभ व स्वतंत्र , संगठन मंत्री शैलेंद्र यादव व आशुतोष सिंह, कोषाध्यक्ष पवन मुरारका, कार्यसमिति सदस्य किशन गोयल, ज्योति शंकर साहू, सुजाता , सुजाता मोदी व अन्य बनाये गये हैं।

### श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर का भूमि पूजन

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड, डोरंडा के भव्य पूजा पंडाल का भूमि पूजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में अजय नाथ शाहदेव उपस्थित थे। भूमि पूजन के बाद सभी उपस्थित सदस्यों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही, पांच दिवसीय गणेश पूजा को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । भूमि पूजन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय नाथ शाहदे, टापू घोष, शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, अमित गुप्ता, बिप्टू घोष, राजू दास, रंथु उरांव, विक्की घोष, बाबू सोना, कुंदन, शीना, भोलू यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संत माईकल्स प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत माईकल्स प्ले स्कूल के प्रांगण में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के सामने दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई । कार्यक्रम के शुरू में प्राचार्या वंदना बहल ने अपने बहुमूल्य शब्दों से शिक्षकों को बधाई दी जिसमें उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताईं।

शिक्षकों द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें गीत, नृत्य, अंताक्षरी और विभिन्न प्रकार के खेल खेले गए जैसे पॉस द बॉल, एक्सचेंज द रींग, कैच द फिश, प्लेस द बॉल इत्यादि। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रिशिका बहल और कार्य प्रभारी श्रीमती तृप्ति प्रसाद और श्रीमती राबिया आफरिन का भरपूर योगदान रहा। कार्यक्रम की समाप्ति रेणुका मैम के सराहनिय शब्दों से हुई।

स्पीड न्यूज

## कुआं में गिरने से अर्धविक्षिप्त की मौत

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग गांव में 48 वर्षीय हरिलाल प्रसाद साहु पिता स्व देवमोहन साहु की मृत्यु कुआं में डूबने से हो गयी। परिजनों के अनुसार मृतक बीते कुछ दिनों से अर्ध विक्षिप्त की तरह व्यवहार कर रहा था। सोमवार शाम लगभग 5.30 बजे घर से गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। दूसरे दिन सुबह घर से 200 मीटर दूरी खेत के कुआं में उसे देखा गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह मर चुका था। मैकलुस्कीगंज पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया।

## केनरा बैंक में महिला समूहों की बैठक

**खलारी।** चुरी केनरा बैंक परिसर में अंचल कार्यलय के तरफ से स्वयं सहायता समूह का बैठक किया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूह के महिलाओ को चुरी केनरा बैंक मैनेजर सुनील कुमार ने समूह के महिलाओं को समस्याओं से अवगत कराया गया। मौके पर नगीना देवी सविता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## खखरा गांव में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के खखरा गांव में भाजपा नेता कमलेश राम ने मंगलवार को 100 केवीए के नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें दी थी। इसके बाद गांव में ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को सहुलियत होगी। मौके पर मुखिया दशरथ उरांव, रामलखन महतो, दीपक महतो, देवेंद्र महतो, रामबरन महतो आदि मौजूद थे।

## खलारी थाना का औचक निरीक्षण

**खलारी।** खलारी थाना का ग्रामीण एसपी हरीश बिन जमां ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान खलारी थाना के सभी अपराधी घटना की स्थिति का जायजा लिया। वही थाना के पुलिस अधिकारियों की समस्याओं से भी अवगत हुए तथा उनका निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानीएथाना प्रभारी फरीद आलम अन्य कई जवान मौजूद रहे।

## चैनपुर गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**राहे।** प्रखंड के चैनपुर गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात किया है। किसानों के 5 एकड़ से अधिक खेत मे लगे धान के फसल को रौंद दिया। किसान जगदीश महतो, गोविन्द महतो, अनिल महतो के खेत मे काफी धान फसल नुकसान हुआ है। इधर हाथी द्वारा फसल नुकसान की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष, रंगबहादु महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष चन्द्र महतो, पूर्व प्रमुख सतुला देवी, वार्ड प्रतिनिधि राम प्रसाद बेनु, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, धनेश्वर महतो ने किसान के खेत मे जाकर नुकसान को जानकारी लिया और वन विभाग को सूचित किया।

## किड्स एकेडमी चोरेया में मना शिक्षक दिवस

**चान्हो।** बाल विकास किड्स एकेडमी चोरेया डोंबा टोली में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर प्राचार्य नरेश कुमार यादव ने शिक्षक के महत्व को बताया। कहा कि शिक्षक का महत्व माता पिता से कम नहीं है।

## शिक्षकों के सम्मान में ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : आदित्य साहू

● सेवानिवृत्त शिक्षकों को आदित्य साहू ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड शिक्षक संघ ओरमांझी द्वारा मंगलवार को पंचायत सचिवालय ओरमांझी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से सेवानिवृत हुए अरूण साहू, राबिया कुमारी, शिलवंती बुज, सैफुद्दीन मिरदाहा, अबुल हसन व गुलाम राजिक को अंगवस्त्र व मेमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों का भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा शिक्षा देना सबसे बड़ा पवित्र कार्य है। सीओ बीडीओ हो या आइपीएस, आइएएस कितने भी बड़े पद प्राप्त कर भी शिक्षक के आगे सिर झुकाते हैं। उन्होंने सुदूरवर्ती गांव के स्कूलों में गरीब बच्चों को शिक्षा देने वाले प्रखंड क्षेत्र शिक्षकों की सरहाना की और ओरमांझी के शिक्षा स्तर को उंचाई प्रदान करने की अपील की। वहीं कार्यक्रम का संचालन करने हुए शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीष बड़ाईक ने भी ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में विपरित परिस्थिति में गांव में जाकर शिक्षा के दीप जलाने वाले शिक्षकों की जानकारी दी।


ओरमांझी में सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

## खलारी : कंचनजंगा स्कूल में शिक्षक दिवस

**खलारी।** कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कूल मंगरुतरी मैक्लुस्कीगंज में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने डॉ राधाकृष्णन के आदर्शो पर चलने की शपथ ली। मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## बाघवार एकेडमी में मना शिक्षक दिवस

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के कक्षा नवम एवं दशम के छात्रों के द्वारा सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद स्कली बच्चों ने स्वागत गीत गाया। अंत में कक्षा 10 के बच्चों ने केक काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया। इसके साथ ही बच्चों ने डॉ राधाकृष्णन के बताये मार्ग पर चलने की शपथ थी ली।

## शिक्षक दिवस पर श्रद्धा से याद किये गये डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन

### विद्यार्थियों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**रातू।** प्रखंड में शिक्षक दिवस की धूम रही। चारो ओर चहल-पहल रहा। देश के महान शिक्षाविद और प्रख्यात दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन 135वीं जयंती पर बड़े ही श्रद्धा से याद किये गये। बच्चों ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को शॉल और पुष्प गुच्छ समेत बेश कीमती उपहार भेंट किये। स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरुजनों ने बच्चों को डॉ कृष्णन के व्यक्तित्व और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का स्मरण कराते हुये उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की सीख दी। मुरचू स्थित डीएवी मौर्या पब्लिक स्कूल में निदेशक सह प्राचार्य अरुण कुमार ने बच्चों से डॉ सर्वपल्ली की राह पर चलने का आह्वान किया। मौके पर शबाना परवीन, कुंदन कुमार, गोरखनाथ सिंह, धर्मेंद्र, अभिरंजन, नुशरत खातून, साईका परवीन, स्वाति सिन्हा, सपना कुमारी, नीतीश कुमार, तनवीर हसन मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

**ई०-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई०–निविदा संख्या– WRD/MID/KHUNTI/ F,-14/2023-24 दिनांक – 04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सरवो नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड–रनियाँ,जिला–खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 96.935 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बी०ओ०की०,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रांची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

PR 306250 Minor Irrigation (23-24)_D


## नये वोटरों को मतदाता सूची में जोड़ें बीएलओ

### रांची डीसी ने किया सेमरा गांव का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को इटकी प्रखंड के सेमरा गांव का दौरा कर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्थित बूथ संख्या-350 का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ वीणा सुजाता मिंज से मतदाता सूची का घर-घर सत्यापन के संबंध में पूछताछ किया व नये वोटरों को जोड़ने सहित कई निर्देश भी दिये। उन्होंने कई मतदाताओं के घर जाकर इस संबंध में जानकारी हासिल की। सेमरा गांव के भ्रमण के दौरान एक स्थान पर बच्चों के झुंड को देखकर उपायुक्त रुक गये और उनसे बातचीत कर पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद अमृत सरोवर योजना से बने तालाब का निरीक्षण किया। इसके अलावा धान के खेतों में उर्वरक डाल रहे किसान से वर्षा व खेती की जानकारी ली। पलमा व चचगुरा गांव में एनएच-23 के निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण का अवलोकन किया व योजना निदेशक राजीव रंजन को अधिगृहित भूमि के प्रभावित रैयतों को आठ दिनों के अंदर मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। ज्ञात हो कि मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य वर्तमान में बंद है। भ्रमण के दौरान डीसी के साथ बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, बीपीओ संजय कुमार व बीएओ सह प्रखंड चुनाव प्रभारी हेमंत एक्का सहित अन्य शामिल थे।


खेल रहे बच्चों से बात कर पढ़ाई के संबंध में जानकारी लेते डीसी।

## सरस्वती मां की प्रतिमा का विसर्जन



**इटकी।** इटकी के दरहाटांड़ स्थित बजरंगबली के पुराने मंदिर में स्थापित वीर हनुमान व सरस्वती माता की प्रतिमाओं को मंगलवार को धुर्वा डैम में विसर्जन कर दिया गया। इससे पूर्व पुजारी सुरेंद्र पाठक, दीपक पाठक व पुरुषोत्तम भारद्वाज के नेतृत्व में विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना कर प्रतिमाओं को विखंडित किया गया व करीब दो सौ मोटरसाइकलों का जत्था जुलूस के रूप में प्रतिमाओं को लेकर धुर्वा डैम की ओर रवाना हुए। कार्यक्रम में राजकुमार तिर्की, राजेश्वर महतो, कृष्णा राम तिवारी, राजकुमार महतो, देवेंद्र महतो, गणेश महतो, दुर्गा, जयराम, सुजंती व रामकुमार महतो सहित अन्य शामिल थे।

## बेड़ो कॉलेज के संस्थापक की प्रतिमा उपेक्षित

**बेड़ो।** कॉलेज के संस्थापक स्व करसमचंद भगत की प्रतिमा को इस बार शिक्षक दिवस पर सम्मान नहीं दिया गया। जबकि इस कॉलेज की स्थापना स्व करमचंद भगत ने 5 सितंबर 1979 ई में किया था।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
### बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

**आम सूचना**

माह– सितम्बर–2023 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में "दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर" आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम का विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | चन्दलासो | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | पंचायत भवन, चन्दलासो | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731/9431361554 |
| 2 | | कक्करगढ़े | 11.09.2023 एवं 12.09.2023 | रानीटोंगरी | |
| 3 | | टाटी | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | पंचायत भवन, टाटी | |
| 4 | लोहरदगा | जोरी | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | जोरी | डा0 अभिषेक उरॉव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| 5 | | तिगरा | 11.09.2023 एवं 12.09.2023 | तिगरा | |
| 6 | | मन्हो | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | बंजार किस्को | |
| 7 | | हेसल | 15.09.2023 एवं 16.09.2023 | हेसल | |
| 8 | | बाघा | 20.09.2023 एवं 21.09.2023 | बाघा | |
| 9 | | जुरिया | 22.09.2023 एवं 23.09.2023 | जुरिया | |
| 10 | सेन्हा | अरू | 05.09.2023 एवं 06.09.2023 | पतराटोली | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| 11 | | झालजमीरा | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | बड़काटोली | |
| 12 | भण्डरा | भीठा | 13.09.2023 एवं 14.09.2023 | पंचायत भवन, भीठा | डा0 संजय उरॉव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी चट्टी 9905411330 |
| 13 | किस्को | बेटहठ | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | पंचायत भवन, बेटहठ | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरया, 9430190718 |

नोट:– लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बीमारियों से बचाव हेतु टीका/औषधि अवश्य दिलाएँ।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR.NO.306277 Lohardaga(23-24):D


## फुटबॉल टूर्नामेंट से कायम होता है भाईचारा : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** ज्योति क्लब कुल्लू द्वारा आयोजित पांच दिवसीय बालक व बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन फाइनल मैच के साथ किया गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी शामिल हुए। बालिका वर्ग के फलनाल मैच में बड़ा तलाब हुरहुरी को ट्रायब्रेकर में सोपारोम की टीम ने पराजित किया। वहीं बालक वर्ग में जूनियर टीम सुकुरहुटू को पेनाल्टी में कृष्णा ब्रदर्स ने पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। इसके बाद विजेता उपविजेता टीम साथ साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि ग्रामीण इलाके में इस मैच के माध्यम से भाई चारा कायम होता है। आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को हम सहयोग करेंगे।

वहीं जिप सदस्य ने कहा इस तरह के टूर्नामेंट से गांव के होनहार खिलाड़ियों को मौका मिलता है। मौके पर भोला उरांव, भौवा उरांव, मारवाड़ी उरांव, दिलीप सिंह, आशेस्वर शाही, सावन उरांव, शुनिल मुंडा, मोहन महतो, नीलू, सुदर्शन, करमचंद, बुद्धदेव उरांव सहित आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे।


विजेता टीम को मोमेंटो के साथ चेक प्रदान करते बंधु तिर्की।

## एमएमएफसी हतिया गोंदा बना चैंपियन

**मांडर।** मंगलवार को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इसमें ट्रॉफी एमएमएफसी हतिया गोंदाए कांके ने अपने नाम कर लिया। इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची, विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी, विजय हेमराज खलखो, सीओ, मांडर शहीद एतवा उरांव की पत्नी विमला देवी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

## विजय कुमार गंझु अध्यक्ष, सचिव पंकज मुंडा, उपाध्यक्ष बने बालेश्वर

### सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन हेतु प्रखंड परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र के सभागार में बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में खलारी प्रखंड अंतर्गत सभी 14 पंचायत के राजस्व ग्राम में गठित सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष सचिव उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण उपस्थित हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चुनाव की प्रक्रिया एवं अधिसूचना में वर्णित नियम और शर्तों को विस्तार पूर्वक बताया गया।सभागार में उपस्थित सदस्यों से अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पद में सतीश कुमार बुकबूका पंचायतएसंतोष कुमार महतो राय पंचायतएप्रकाश यादव मायापुर पंचायतएविजय कुमार गंझूए लापर पंचायतएरोहित कुमार बमने पंचायतए राहुल मुंडा हुटाप पंचायतएबालेश्वर गंझु बिश्रामपुर पंचायतए राजेश मुंडाए चूरी दक्षिणी पंचायतएपंकज मुंडा तुमांग पंचायत बने। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले कई लोगो ने अपना नाम वापस लिया और चुनाव हुई। जिसके बाद सतीश कुमार को 14 मतए संतोष कुमार महतो को 22 मतए प्रकाश यादव को 21 मत ए विजय कुमार गंझु को 25 मत मिले। विजय कुमार गंझु को सबसे ज्यादा 25 मत मिले।

## हृदय रोग से पीड़ित बिरहोर बच्चे को विधायक ने रिम्स में कराया भर्ती


एंबुलेंस से हृदय रोगी बच्चे को रिम्स ले जाते उसके माता-पिता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के निर्देश पर मंगलवार को अनगड़ा प्रखंड के गेतलसूद पंचायत के बुकी ब्लौरा निवासी विलुप्त होती आदिम जनजाति राजू बिरहोर के 10 वर्षीय पुत्र पवन बिरहोर को रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पवन बिरहोर पिछले दो माह से हृदय रोग से पीड़ित है । श्रद्धा सरना समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी अजय तिर्की ने विधायक को इसकी जानकारी दी विधायक ने तत्काल एक टीम भेज कर पवन को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भिजवाया । साथ ही विधायक ने आगे भी पवन का हर संभव सहायता करने का भरोसा उनके परिजनों को दिया।

## झखराटांड़ में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा को लेकर शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के झखराटांड़ स्थित राधा कृष्ण डोल मंदिर में छह दिनी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शुरू हो गयी है। इसके पहले दिन मंगलवार को शिव बजरंगबली मंदिर परिसर से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। कथावाचक महेशाचार्य जी महाराज ने 3 से शाम 6 बजे तक हरि कृष्ण की श्रीमद् भागवत का रसपान कराया। हजारों भक्तों ने अमृत वर्षा में डुबकी लगायी। राधे.राधे की जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इसके बाद गंगा आरती की गयी। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार को सुबह 9 से 12 बजे तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूजा-अर्चना की जायेगी। 11 सितंबर की शाम 4 बजे मटकी फोड़ और 6 बजे से महाभण्डारे के साथ ही कथा का समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर महिलाए युवा व बच्चों में विशेष उत्साह है।


रातू के झखराटांड़ में शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

### शोभायात्रा में लिया हिस्सा

जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसू पार्टी के हटिया विधान सभा प्रभारी भरत साहू कांशी, बिकु पंडित, प्रेम गोप, राजेश सिंह, मोहन साहू, राज किशोर साहू, संजय साहू, अर्जुन साहू, रमेश महतो, छोटे पंडित, लाल गोपाल नाथ शाहदेव, बजरंग महतो, दिलबोधन साहू, संजय मुंडा, बड़े पाठक, आनंद साहू, संतोष साहू, रमेश साहू, रंजन साहू, लाल विकास नाथ शाहदेव व अमन कुमार साहू आदि।


## झारखण्ड सरकार
### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
### (झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)

**समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिला स्तर पर, संविदा के आधार पर सिमडेगा जिला में नियुक्ति पदवार रिक्त पदों की सूची।**

समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के विभिन्न प्रावधानों को प्रभावीरूप से कियान्वयन किया जा रहा है। समेकित बाल संरक्षण योजना पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी व्यक्तियों से आवेदन पर आमंत्रित किया जाता है।

(1) जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा (DCPU)

| क०सं० | | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणी | उम्र | मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | संरक्षण पदाधिकारी, संस्थागत देखरेख (PO-IC) | 01 | - | 30–45 वर्ष | 27,804.00 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/बाल विकास/मानवाधिकार लोक प्रशासन/मनोविज्ञान/मनोचिकित्सक/विधि/सार्वजनिक स्वास्थ्य/सार्वजनिक संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/बाल विकास/मानवाधिकार लोक प्रशासन/मनोविज्ञान/मनोचिकित्सक/विधि/सार्वजनिक स्वास्थ्य/सार्वजनिक संसाधन किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रबंधन के साथ परियोजना निर्माण/कार्यान्वयन,निगरानी और पर्यवेक्षण में 02 वर्ष का कार्यानुभव अनुभव के साथ अधिमानत: के क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास/ समाज कल्याण कम्प्यूटर में प्रवीणता। |
| 2 | | सामाजिक कार्यकर्ता (Social Worker) | 01 | ST-01 Female | 30–45 वर्ष | 18,536.00 | सामाजिक कार्य में स्नातक/समाजशास्त्र/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान बाल विकास के क्षेत्र में कार्य अनुभव उम्मीदवार के लिए वेटेज कम्प्यूटर में प्रवीणता |
| 3 | | ऑउटरीच कार्यकर्ता (Outreach Worker) | 01 | ST-01 | 30–45 वर्ष | 10,592.00 | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण/समकक्ष बोर्ड अच्छे संचार कौशल का महत्त्व। बाल विकास के क्षेत्र में कार्य अनुभव उम्मीदवार के लिए वेटेज। |

**आवेदन की प्रकिया :–**
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20/09/2023 है। (अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।)
2. जिला स्तारीय पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से जिला बाल संरक्षण कार्यालय, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय सिमडेगा, पिन कोड – 835223 के पते पर भेजा जा सकता है।
3. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।
4. नियुक्ति प्रक्रिया में झारखण्ड की नियुक्ति नियमावली लागू रहेगी।

**नियम एवं शर्तें–सभी पदों के लिए :–**
1. उम्र की सीमा की गणना 01.08.2021 के अनुसार की जाएगी।
2. सभी नियुक्तियाँ लघुकालीन संविदा के आधार पर सेवा विस्तार पर विचार किया जा सकता है।
3. अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में पदों के लिए दावा पेश नहीं कर सकते है।
4. अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदण्डों को पूरा नहीं करने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भेजा जा सकता है।
6. अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापन के उपरांत निर्णय लिया जाएगा।
7. नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र सिमडेगा के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा। | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। | उप विकास आयुक्त, सिमडेगा। | उपायुक्त सिमडेगा।

PR 306233 Simdega(23-24).D

## बड़ी उपलब्धि

आदित्य एल-1 मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष में एक ऑब्जर्वेटरी स्थापित की जाएगी, जिसके जरिये धरती के नजदीकी ग्रह सूर्य के कई रहस्यों से पर्दा उठाने की कोशिश की जाएगी। साथ ही अंतरिक्ष की कई हलचलों, मसलन सोलर विंड आदि का भी अध्ययन किया जायेगा। हालांकि यूरोपियन एजेंसी समेत कई देशों ने इस तरह के मिशन भेजे हैं, लेकिन भारत जैसे विकासशील देश द्वारा सीमित संसाधनों के साथ ये लक्ष्य हासिल करना बड़ी उपलब्धि है। पीएसएलवी-सी 57 के जरिये अंतरिक्ष में भेजे गये आदित्य मिशन का बिलकुल सूर्य के पास जाना संभव नहीं है, लेकिन वह एक निर्धारित स्थान लैंगरेंज प्वाइंट से सूर्य की क्रियाओं का अध्ययन करेगा। दरअसल, लैंगरेंज प्वाइंट अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है। इस स्थान पर अंतरिक्ष यान में ईंधन की सबसे कम खपत होती है और वह अधिक समय तक काम कर सकता है। सात पेलोड्स लेकर गया यह यान सूर्य की सतह पर ऊर्जा व अंतरिक्ष की अन्य हलचलों का अध्ययन करेगा। इसके अलावा अंतरिक्ष के मौसम पर भी इसकी नजर रहेगी। निश्चित रूप से सौर हलचलों के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी। निस्संदेह, ये नई जानकारियां मानवता के कल्याण में मददगार बनेंगी। बहरहाल, इस कामयाबी से उत्साहित इसरो को आशा है इस मिशन के जरिये हम सूर्य के बारे में नई जानकारी जुटाने में कामयाब हो सकेंगे। ये तथ्य हमारी वैज्ञानिक उन्नति में भी सहायक बनेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि महज चार साल में बेहद कम लागत में इसरो अपने इस महत्वाकांक्षी मिशन को मूर्त रूप दे पाया है। बेहद कम बजट में बड़े मिशनों को अंजाम देने की इसरो की विशेषता का पूरी दुनिया ने लोहा माना है।

## नेताओं की निष्ठा

जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। निश्चित तौर पर आइएनडीआईएक की कमजोरी ही भाजपा की ताकत बन रही है। उम्मीद है आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन पूरी तरह से सक्रिय होगा और आम लोगों की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेगा। सवाल निष्ठा का है और यह देश के प्रति ही है।

# पिछली तिमाही में विकास दर की चाल अच्छी



**इसमें** कोई दोराय नहीं कि विपरीत हालातों के बावजूद देश की आर्थिक विकास दर के आंकड़े लगातार उत्साहजनक सामने आ रहे हैं। खासबात यह है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही के आंकड़े आशा से अधिक बेहतर रहने के साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की चारों तिमाही से अधिक रहे हैं। यह सब तो तब है जब दुनिया के देश अभी आर्थिक संकट के दौर से ही गुजर रहे हैं। पड़ोसी पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं तो अन्य देशों की अर्थव्यवस्था भी हालातों से जूझ रही है। दरअसल कृषि क्षेत्र बड़ा सहारा बन कर उभर कर आता रहा है। हालांकि आने वाली तिमाही कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल इसलिए नहीं मानी जा सकती कि देश में मानसून धोखा देता दिखाई दे रहा है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के आंकड़े निराशाजनक आ रहे हैं। यह सर्वविदित है कि खरीफ की फसल लगभग पूरी तरह मानसून पर निर्भर करती है और मानसून ने जिस तरह से अगस्त माह में बेरुखी दिखाई है उससे कृषि जगत में निराशा आई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो सितंबर माह में भी मानसून के जो संकेत मिल रहे हैं वह निराशाजनक ही हैं। किसानों की ललाट पर चिंता की रेखा साफ दिखाई दे रही है। अब तो मानसून की बेरुखी से सरकार भी चिंता में आ गई है।

दरअसल कृषि क्षेत्र इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही आते हैं तो कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा दिया है। कोरोना काल में कृषि क्षेत्र ने अर्थ व्यवस्था ही नहीं बल्कि देश के लोगों खासतौर से गरीब लोगों को जो राहत दी है वह अतुलनीय रही है। आज भी देश के गोदाम अन्न धन से भरे हैं तो देश कम से कम अन्नधन को लेकर तो बेफ्रिक है। हालांकि कृषि क्षेत्र के लिए चुनौती भरा समय आ गया है पर देश के अन्नदाता की मेहनत पर सबको भरोसा है। दरअसल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जो आंकड़े एनएसओ ने जारी किए हैं वह उत्साहवर्द्धक हैं।


जारी आंकड़ों के अनुसार जून 23 तिमाही में कृषि क्षेत्र में मूल्य सवंर्द्धन 3.5 फीसदी रहा है जो एक साल पहले की इसी अवधि के 2.4 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह परिणाम समग्र प्रयासों से ही संभव हो सका है। समग्र रूप से देखा जाए तो अप्रैल-जून की तिमाही जीडीपी में वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। हालांकि आरंभिक अनुमान 8 प्रतिशत से नीचे रहने के बावजूद अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के तो स्पष्ट संकेत हैं ही। देखा जाए तो इस दौरान रियल एस्टेट, फाइनेंस और सर्विस सेक्टर में भी अच्छी विकास दर रही है। अब देश में त्योहारी सीजन आरंभ हो जाने से यह माना जा रहा है कि दिसंबर तक देश की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरने की स्थिति में रहेगी। बाजार में मांग बढ़ेगी तो इससे उत्पादन और वितरण दोनों ही क्षेत्रों में अर्थ व्यवस्था में उछाल आएगा। कारोबारियों की माने तो त्योहारी सीजन में बाजार और अधिक गुलजार रहेगा और अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। हालांकि मानसून की बेरुखी का असर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे हालातों में कृषि से इतर अन्य सेक्टर को बेहतर परिणाम देने होंगे ताकि आर्थिक विकास की दर बनी रहे। थोड़ा चिंतनीय इसलिए अवश्य है कि पहली तिमाही में निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती दिखाई है। ऐसे में चुनौतियां और अधिक हो जाती है।

हालांकि माना यह जा रहा है कि मानसून की बेरुखी के बावजूद अर्थव्यवस्था पर इसलिए ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि सरकार ने खेती किसानी के लिए योजनावद्ध प्रयास किए हैं और सिंचाई सुविधा का विस्तार करने से फसलों को बचाया जा सकेगा। हालांकि यह तात्कालिक समाधान ही हैं क्योंकि इससे नकारा नहीं जा सकता कि अर्थव्यवस्था को मानसून अवश्य प्रभावित करता है। बस उस असर को कम करने के प्रयास हो सकेंगे। विश्वव्यापी खाद्य संकट का असर दुनिया के देशों में साफ दिखाई दे रहा है। हमारे यहां से भी गेहूं और चावल के निर्यात को हतोत्साहित किया गया है। पिछले दिनों टमाटर के भाव की नई ऊंचाइयों को देशवासी देख चुके हैं। टमाटर दो सौ पार तो अदरक को चार सौ का आंकड़ा छूते देखा है। लगभग सभी खाद्य पदार्थों के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। रोजमर्रा के खर्च खासतौर से रसोई के खर्च में बढ़ोतरी चिंता का सबब बनती जा रही है।

भले ही हमारी आर्थिक विकास दर संभली हुई ही नहीं अपितु बढ़ रही है पर चिंता के कारण यथावत हैं। जो हालात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहे हैं उससे अधिक आशा की जानी बेमानी ही होगी। अपितु अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में जो सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं उसे सकारात्मक ही माना जाएगा क्योंकि दुनिया के हालात जस के तस हैं। देश में जहां चुनाव की तैयारी चल रही है वहीं वन नेशन वन इलेक्शन से नई परिस्थितियां आने वाली हैं। चुनाव के बाद सामान्यतः महंगाई बढ़ती ही देखी गई है तो दूसरी और विदेशों के हालात देखें तो रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति के दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। चीन की बौखलाहट सामने है तो अमेरिका और यूरोपीय देशों के आर्थिक व राजनीतिक हालात कोई आशाजनक नहीं दिखाई दे रहे हैं। इन सबके बीच प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी गतिविधियों का दौर जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में दुनिया के देशों के आर्थिक हालात को लेकर कोई आशा नहीं की जा सकती।

ऐसे में चालू साल की पहली तिमाही में बेहतर विकास दर के बाद अब अधिक चुनौतियां इसलिए सामने आ गई हैं कि मानसून, चुनाव, त्योहार और अन्य कारण आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती पूर्ण होंगे और ऐसे में अभी से संभल कर चलना होगा ताकि विकास दर के स्तर को बनाए रखा जा सके। यह सरकार और अर्थशास्त्रियों के सामने बड़ी और गंभीर चुनौती होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



-डॉ राजेन्द्र शर्मा

**कारोबारियों की माने तो त्योहारी सीजन में बाजार और अधिक गुलजार रहेगा और अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। हालांकि मानसून की बेरुखी का असर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे हालातों में कृषि से इतर अन्य सेक्टर को बेहतर परिणाम देने होंगे ताकि आर्थिक विकास की दर बनी रहे। थोड़ा चिंतनीय इसलिए अवश्य है कि पहली तिमाही में निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती दिखाई है। ऐसे में चुनौतियां और अधिक हो जाती है।**

### खास बात

## साधक वीरेश्वर द्विवेदी

**बृजनन्दन राजू**

**साहित्य** साधना और सामाजिक कार्य दोनों अलग क्षेत्र हैं। सामाजिक संगठन में कार्य करते समय नित्य कार्यक्रमों की योजना और निरन्तर प्रवास करना होता है जबकि साहित्य साधना एकान्त चाहती है।वह कुशल वक्ता, विद्वान, त्यागी, तपस्वी, मितभाषी होने के साथ-साथ अच्छे कवि, लेखक, पत्रकार और संपादक थे। प्रयागराज की धरती से प्रचारक जीवन प्रारम्भ करने वाले साहित्यकार, विचारक, लेखक, पत्रकार व संपादक वीरेश्वर द्विवेदी का लक्ष्मणनगरी में चार सितम्बर को निधन हो गया।

उनका जन्म 17 अगस्त, 1945 को कानपुर देहात के गांव भाल (राजपुर) में हुआ था। कानपुर संघ कार्यालय पर रहकर पढ़ाई की। उरई डीएवी कॉलेज से परास्नातक की शिक्षा ग्रहण की । डीएवी कॉलेज उरई के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे। बाद में दैनिक जागरण से पत्रकारिता की शुरूआत की। अशोक सिंहल से वह बहुत प्रभावित थे। अशोक सिंघल की प्रेरणा से ही सन् 1972 में दैनिक जागरण से पत्रकारिता की नौकरी छोड़कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने थे। सबसे पहले प्रयाग महानगर के प्रचारक के नाते उनकी घोषणा हुई। इसके बाद अखिल विद्यार्थी परिषद में उन्हें भेजा गया। इस समय जो पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र है उस समय प्रान्त था तो प्रान्त संगठन मंत्री के नाते उनकी योजना हुई। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख रहे। संघ शिक्षा वर्गों में प्रायः बौद्धिक विभाग ही उनके जिम्मे रहता था। संघ में जब प्रचार विभाग शुरू हुआ तो उन्हें क्षेत्र प्रचार प्रमुख बनाया गया और स्वर्गीय अधीश जी को सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख बनाया गया था। राष्ट्रभाव के जागरण के लिए भाऊराव देवरस ने राष्ट्रधर्म के रूप में जो बीजारोपण किया था, उस राष्ट्रधर्म पत्रिका के वर्ष 1984 से लेकर 1995 तक सम्पादक रहे।

राष्ट्रधर्म में आने के बाद भाऊराव देवरस ने उनसे कहा देखो वीरेश्वर पिस्तौल और बम को थोड़ा कम करो और दैनिक जागरण के अपने अनुभव के आधार पर राष्ट्रधर्म को पारिवारिक पत्रिका बनाओ। वह कार्य में जुट गये।

## हम तुच्छ नहीं

### धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

हाड़-माँस का पुतला दुर्बलकाय मानव प्राणी शारीरिक दृष्टि से तुच्छ और नगण्य है। मामूली जीव-जंतु, पशु-पक्षी जिस तरह का निसर्ग जीवन जीते हैं, उसी तरह जिंदगी की लाश नर-पशु भी ढोते रहते हैं। इस तरह की जिंदगी जीने से किसी का जीवनोद्देश्य पूरा नहीं होता।

'विचार' ही वह शक्ति है जिसने मनुष्य को अन्य प्राणियों की तुलना में अधिक सुख-सुविधाएँ उपार्जित करने में समर्थ बनाया। विचार का यह प्रथम चमत्कार है। इससे अगला चमत्कार तब प्रारंभ होता है, जब वह विचारणा की महान शक्ति, जीवन का उद्देश्य, स्वरूप और उपयोग करने की सही जानकारी प्राप्त करने में प्रवृत होता है। इसी मार्ग एवं प्रयास का नाम तत्वज्ञान, दर्शन एवं अध्यात्म है। विचार-शक्ति का मूल्य और महत्व जिसे विदित हो गया, वह अपनी इस ईश्वर-प्रदत्त दिव्य विभूति को परम लक्ष्य की प्राप्ति में प्रयुक्त करता है। फलस्वरूप उसका सारा जीवनक्रम ही बदल जाता है, उसका प्रत्येक क्रिया- कलाप उत्कृष्टता और आदर्शवादिता से ओत-प्रोत बनता चला जाता है।

यही मानव-जीवन का गौरव तथा आनंद हैं। विचारशीलता का अवलंबन लेकर जीने में ही मनुष्य जन्म की सार्थकता है। अच्छा हो हम अपनी-अपनी विचारशक्ति और जिंदगी का मूल्य समझें और गतिविधियाँ अपनायें जो अपने स्तर और गौरव के उपयुक्त हैं।

### कार्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट काम

### लेटर टू एडिटर

#### चीन की चालाकी

**चीन** ने अपने मानचित्र पर अरुणाचल प्रदेश को अपने हिस्से में दिखाया है। चीन की बातों में हर तरफ चालाकी नजर आती है। ब्रिक्स सम्मेलन में पहले राष्ट्रपति शी और भारत के प्रधानमंत्री मोदीजी को वार्ता के लिए तैयार किया और फिर मुकर गया। भला हो विदेश मंत्री जयशंकर का, जो उन्होंने चीन को दोटूक जवाब दे दिया कि बाज आओ अपनी हरकतों से। **-भगवानदास, रांची**

#### सांझ का सहारा

**वर्तमान** समय में संतानें अपने बूढ़े माता-पिता से दूर भागते हैं। ऐसे में बुढ़ापे का समय नारकीय बन जाता है। जरूरी है कि भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय पर निवेश करना चाहिए। ताकि बुढ़ापे में कुछ आमदनी प्राप्त हो। यह बात सही है कि इसमें कोई गारंटी नहीं है कि बेटे बुढ़ापे में हमेशा मददगार होंगे। इसके लिए पहले ही योजना बनानी चाहिए।

**-अनिल कौशिक, रामगढ़**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका के पूर्व सम्पादक आदरणीय वीरेश्वर द्विवेदी जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ । वीरेश्वर जी का संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा एवं संघ कार्य के प्रति समर्पित रहा । ईश्वर उनकी आत्मा को सद्गति प्रदान करें ह्न

**– बाबूलाल मंराडी, भाजपा अध्यक्ष**

### रोचक ट्वीट

क्या नेताओं के बच्चों को ही विदेश में पढ़ने का अधिकार है? क्या गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग का बेटा-बेटी विदेश में नहीं पढ़ सकता? हमारी सरकार सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है। **–हेमंत सोरेन,**





**सामाजिक,** राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष करने वाले बाबू जगदेव प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

# प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के राम और राम की महिमा

**आर.के. सिन्हा**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का हाल ही में राम कथा में शामिल होना और भगवान राम के प्रति आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति अनुकरणीय है। यह साफ है कि जो जितने अंश में ही हिन्दू है, उसका उतने अंश में ही स्वागत हो। ऋषि सुनक ने न केवल अपने देश ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा में ह्लजय सिया रामह्व का उद्घोष किया बल्कि वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिये हिन्दू धर्म के सहारे कार्य करते रहने का प्रण भी लिया। आज पूरे यूरोप में हिन्दुओं और हिंदू धर्म को करीब से जानने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। राम कथा के बाद कई घंटो तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक भगवान श्रीराम के प्रसाद का वितरण करते रहे। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में मुरारी बापू की राम कथा में ऋषि सुनक ने भाग लेकर सही संदेश दिया कि वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ-साथ एक आस्थावान सनातनी हिंदू भी हैं। कई दशकों पहले सुनक का परिवार भारत छोड़कर अफ्रीका होता हुआ इंग्लैंड में जाकर बस गया था।

दरअसल राम सिर्फ भारत के नहीं हैं। उनके प्रति सारा संसार आस्था का भाव रखता है। राम तो सारी मानव जाति के हैं। वे कण-कण में हैं। संसार के कई देश राम से अपने को जोड़ते हैं। राम उनके आदरणीय हैं। अयोध्या के कोरिया से 2000 वर्ष पुराने रिश्ते बताए जाते हैं। वहां भी एक अयोध्या है जिसे ह्लअयुताह्व कहा जाता है। रामकथा विभिन्न देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। उन सबसे भारतीयों का भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर भी रामायण की गहरी छाप है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ था। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है। मुस्लिम देश इंडोनेशिया की रामलीला के बारे में अकसर लिखा जाता है। जब वहां के राष्ट्रपति सुकर्णो के विरुद्ध साजिश रची गयी तो बीजू पटनायक (ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पिता) अपने विमान से उन्हें बचा कर लाए थे। सुकर्णो की बेटी का जन्म हुआ तो श्री पटनायक ने उनका नामकरण सुकर्णपुत्री मेघावती किया था। इसी नाम को वहां उन्हें लोकप्रियता मिली और अपने पिता की भांति वह भी सत्ता प्रमुख निर्वाचित हुईं।

थाईलैंड में राजा को राम ही कहा जाता है। उसके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लगाता है। राज परिवार अयोध्या नामक शहर में ही रहता है ह्न ये स्थान बैंकॉक के करीब है। क्या ये कम हैरानी की बात है कि बौद्ध होने के बावजूद थाईलैंड के लोग अपने राजा को राम का वंशज होने के चलते विष्णु का अवतार मानते हैं? इसलिए थाईलैंड में एक तरह से आज भी राम राज्य कायम है।

हिन्दू प्रतीकों और संस्कृति को देखना-समझना है तो थाईलैंड से उपयुक्त राष्ट्र कोई नहीं हो सकता। दक्षिण पूर्व एशिया के इस देश में हिन्दू देवी-देवताओं और प्रतीकों को आप चप्पे-चप्पे पर देखते हैं। थाईलैंड में 90 प्रतिशत आबादी बौद्ध धर्मावलंबी है। फिर भी इधर का राष्ट्रीय चिह्न गरुड़ है। हिन्दू धर्म की पौराणिक कथाओं में गरुड़ को विष्णु की सवारी माना गया है। गरुड़ के लिए कहा जाता है कि वह आधा पक्षी और आधा पुरुष है। उसका शरीर इंसान की तरह का है, पर चेहरा पक्षी से मिलता है। उसके पंख भी हैं। इसी तरह इंडोनेशिया की राष्ट्रीय विमान सेवा का नाम भी गरुड़ एयरलाइंस है।

कोई भी हिंदू , चाहे वह दुनिया के किसी कोने में भी रहता हो, वह राम के बिना संसार की कल्पना भी नहीं करता है। सुनक को पता ही होगा कि सारा भारत राम को अपना आराध्य मानता है। भारत के सबसे बड़े पौराणिक नामों में राम भी हैं। उनके बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन-से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता होगा। यह आंकड़ा तो अरबों-खरबों में पहुंच जाएगा।

# बैंकिंग में हिंदी का उपयोग कम से कम होना शर्मनाक



**सुधांशु कुमार**

### भाषा

**बैंको** में औपचारिक समारोह का प्रतीक बनकर रह गया है हिंदी दिवस। चौदह सितंबर को या फिर पूरे सितंबर महीने में बैंकों में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं। पुरस्कार और नाश्ते के लालच में बैंककर्मी प्रतियोगिताओं में शामिल होते हैं। हालांकि हिंदी में काम करने के प्रति न तो उनकी कोई दिलचस्पी होती है और न ही कोई लगाव। अमूमन फिल्मी कलाकारों को मुख्य अथिति के रूप में समारोह में बुलाया जाता है, ताकि बैंक के अधिक से अधिक कर्मचारी और अधिकारी हिंदी से जुड़ी प्रतियोगिताओं एवं कार्यकमों में हिस्सा लेकर हिंदी दिवस को सफल बना सकें। बैंकों के प्रशासनिक कार्यालयों, स्थानीय प्रधान कार्यालयों और बैंक के कोपोर्रेट केंद्र या हेड ऑफिस में हर तिमाही, हिंदी में किए जा रहे काम-काजों की समीक्षा की जाती है। आंकड़ों में सभी विभाग हिंदी में काम करने के लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, लेकिन हकीकत में कोई भी विभाग हिंदी में कार्य नहीं करता है। कुछ विभाग हिंदी में जरुर पत्राचार करते हैं, लेकिन कोई भी हिंदी में टिप्पणी या नोट नहीं लिखता है।

गृह मंत्रालय को दिखाने के लिए या हिंदी की प्रगति की समीक्षा करने वाली संसदीय समिति के निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कंप्यूटर डेस्कटॉप पर मंगल फॉण्ट या यूनिकोड को इंस्टाल किया जाता है, लेकिन हकीकत में कोई भी कर्मचारी व अधिकारी कंप्यूटर पर हिंदी में काम नहीं करते हैं। बैंकों में हिंदी कर्मचारियों और निचले स्तर के अधिकारियों की भाषा मानी जाती है। हिंदी में लिखने-पढ़ने वालों को हीनता की नजरों से देखा जाता है। उन्हें बेवकूफ माना जाता है। बैंकों में ज्ञान का पैमाना भाषा है। जो अंग्रेजी में बोल या लिख सकता है उसे ही ज्ञानवान माना जाता है। हालांकि, बैंक की उत्तर भारत की सभी शाखाओं में बैंककर्मियों को हिंदी में बात करनी पड़ती है, क्योंकि अधिकांश ग्राहक हिंदी या बोलियों में बातें करते हैं। दक्षिण भारत के अनेक हिस्सों में ग्राहक हिंदी में बात करते हैं। बावजूद इसके, बैंक शाखा में पदस्थ कर्मचारी व अधिकारी आंतरिक पत्राचार अंग्रेजी में करते हैं। निजी और विदेशी बैंकों में तो कोई भी हिंदी में बात नहीं करता है।

सच कहा जाए तो बैंकों में हिंदी की वर्तमान दुर्दशा के लिए बहुत हद तक बैंकों के शीर्ष कार्यपालक जिम्मेदार हैं, क्योंकि वे खुद तो हिंदी में कार्य नहीं करते हैं। कई बार हिंदी में काम करने वालों को दंडित भी किया जाता है। हिंदी में काम करने वाले कर्मचारियों व अधिकारीयों का बैंकों में मजाक उड़ाना आम बात है। आजकल बैंकों में सभी लोग बैंकिंग से जुड़े सारे कार्य अंग्रेजी में कर रहे हैं। भले ही, उन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान न हो। विवशतावश ही बैंक के अधिकारी हिंदी में लिखने-पढ़ने या बोलने के लिए तत्पर होते हैं। वे हिंदी की रोटी खाकर अंग्रेजी के मोहपाश में जकड़े रहते हैं। उनका अंग्रेजी प्रेम इतना अटूट होता है कि उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा कान्वेंट स्कूलों में होती है। उनके बच्चे हिंदी की गिनती तक नहीं जानते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीपी चौधरी की पहल पर महुआ टोली में पुनः बिजली आपूर्ति शुरू



**रजरप्पा ।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित महुआ टोली के हजारों लोगों की होठों पर मुस्कान तब लौटी जब गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पहल पर पुनः बिजली आपूर्ति मंगलवार शाम से शुरू हो गई। सांसद ने कहा कि जल्द ही सीसीएल प्रबंधन के साथ बैठक कर उचित मार्ग निकाला जाएगा। स्थानीय लोगों ने सांसद एवं अन्य लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया। सोमवार को सीसीएल द्वारा बिजली आपूर्ति ठप कर दी थी। उन्होंने कई बार नोटिस के माध्यम से अवैध क्वार्टर खाली करने की चेतावनी दी थी। हजारों लोगों ने सांसद से बिजली आपूर्ति शुरू करने की अनुरोध किया था, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित नही हो सके। मौके पर जगदीश महतो, अमृतलाल मुंडा, संजय कुमार, संतोष सिंह, मुन्ना करमाली, अंदु मुंडा, मो. सेराज अंसारी, गोपाल महतो, अनवर अंसारी, मो. अल्ताफ, राकेश वर्मा, मनोज कुमार, संध्या देवी, सरस्वती देवी, विमला देवी, तन्मया सिंह, सीता देवी, उषा देवी, विमला देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, वंशावली, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### परवरिश स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में मंगलवार को धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। स्कूल के निदेशक शैलेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन, प्राचार्या नेहा राज बनर्जी शामिल हुए। समारोह के दौरान अतिथियों ने भारत पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। समारोह में प्रतीकात्मक शुरूआत के बाद, स्कूल शिक्षण कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का सम्मान करने के लिए डिजाइन किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला से गूंज उठा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक तथा कर्मचारी शामिल थे।

### संकल्प यात्रा छलावा : डॉ मेहता

**इचाक।** कांग्रेस के प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने भाजपा संकल्प यात्रा पर कहा कि भाजपा का संकल्प यात्रा झारखंड वासियों के लिए छलावा है। संपूर्ण देश में पिछड़ो का आरक्षण 27 प्रतिशत है जबकि झारखंड के कुतुब मीनारी नेता द्वारा झारखंड के पिछड़ों का आरक्षण घटकर 14 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति का आरक्षण 14 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिश कर अन्याय किया है जिसे दलित एवं पिछड़े कभी माफ नहीं करेंगे। यह यात्रा भाजपा का विफल यात्रा है। भाजपा सरकार झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों को ठगने का काम किया गया है। संकल्प यात्रा को लेकर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि भाजपा के शिकारी आएंगे जल बिछाएंगे दाना डालेंगे पर झारखंड को इनके झांसे में नहीं आना है । झारखंड के आदिवासी मूलवासी भाजपा के मंत्रों को समझ चुकी है 2024 में होने वाले चुनाव में भाजपा को जानता फिर से नकारेगी।

### जुबिली कॉलेज में मना शिक्षक दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.बी रविदास, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ महेन्द्र पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद ड सर्वपल्ली राधाष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण की गई। इस अवसर पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंजलि मुंडा, भारती बेदिया, मुस्कान विश्वकर्मा, ज्योति मुंडा, सोनी, सलोनी और स्नेहा को पुरस्त किया गया। मौके पर प्रो आलोक कुमार, प्रो देव प्रकाश, प्रो राजेश कुमार, डॉ एसपी पांडेय, डॉ एसएस पांडेय, डॉ एसपी दांगी, मनोज कुमार, डॉ बालमुकुंद सिंह, डॉ विभा राय, प्रो एन पांडेय, मनोज कुमार दास, गोपाल विश्वकर्मा, रजनी कुमारी, सुरेश सिंह सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### मवि सयाल में मना शिक्षक दिवस



**उरीमारी (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय सयाल में मंगलवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया प्रतिनिधी सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि बीरेन्द्र पासवान, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, उपमुखिया बिमलेश कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी, उपाध्यक्ष शरसार अंसारी, समाजसेवी जसीम अंसारी व ओम प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से डॉ.सर्वपल्ली राधाष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद केक काटकर डॉ.सर्वपल्ली राधाष्णन का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय के तमाम शिक्षको एवं शिक्षीकाओ को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उनका आशीर्वचन लेकर भविष्य में बेहतर करने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व मुखीया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव ने सर्वपल्ली राधाष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को बताया कि पहला गुरु हमारी मां होती है जिसने हमे जन्म दिया। दुसरा गुरु हमारी धरती मां होती है जिस पर हम पले और बढे। तीसरा गुरु हमारे पिता होते हैं जिसकी उंगली हमने थामी। चौथा गुरु हमारे शिक्षक होते हैं जिनसे हमें ज्ञान मिलता है। पांचवे गुरु हमारे अध्यात्मिक होते हैं जिनकी पा मिलती है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली , हजारीबाग में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया -बहनों ने जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों एवं श्रोताओं का मन मोह लिया। बाल श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा अरुण से लेकर कक्षा तृतीय में पढ़ने वाले भैया-बहन श्री कृष्ण एवं राधा के विभिन्न रूपों की प्रस्तुति करते हुए मन को मोह लिया। विद्यालय के 54 भैया -बहन प्रतियोगिता में भाग लिए बाल कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में 22 झारखंड, बटालियन, एनसीसी के सीएचएम पाल सिंह उपस्थित थे। उन्होंने नन्हे -मुन्ने भैया-बहनों के प्रस्तुति की सराहना करते

**▸▸ राधा कृष्ण की सुंदर झांकी ने दर्शकों का मन मोहा**

हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर निर्णायक के रूप में श्रीमती स्वीटी राज तथा वंदना सोनी उपस्थित थी। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने इस अवसर पर सभी नन्हे - मुन्ने भैया- बहनों के प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में विद्यालय में कार्यरत दीदी जी सीमा गुप्ता, रूबी वाला, संजुक्ता कुमारी, शुभलता कुमारी, निशा कुमारी, सुनीता कुमारी, भैया- बहन एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

# युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**परिजनों का रो रोकर बुरा हाल**
**▸▸ दिगवार के अनुज कुमार का शव कुंडलबाग जंगल में मिला**



**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के दिगवार पंचायत के दिग्वार बस्ती निवासी एक युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या कर कुंडलबाग हजारीबाग में शव को फेंक दिया । युवक का नाम अनुज कुमार पिता देवधारी पासवान था और वह पिछले तीन दिनों से लापता हो गया था। युवक के परिजनों ने कटकमदाग बड़कागांव और दारू थाना पुलिस से मिलकर अपने बेटे को ढूंढने की गुहार लगाई थी। कटकमदाग थाना पुलिस की जांच के बाद युवक का शव मंगलवार की सुबह कुंडलबाग जंगल में पाया गया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही उसके दिग्वार स्थित घर में मातम छा गया । परिजनों का रो-रोकर बहुत बुरा हाल था । युवक का विवाह वर्ष 2019 में दारू बक्शीडीह में भोला पासवान की बेटी पूजा कुमारी के साथ हुआ था। इन दोनों का एक 3 साल का मासूम बेटा है। युवक पेशे से ट्रक चालक था और वह अपने दोस्त के साथ दो सितंबर को अपनी प्रेमिका नेहा कुमारी के बुलाने पर उससे मिलने गया था। लड़की के परिजनों ने लड़का लड़की दोनों को एक साथ देखकर आग बाबूला हो गये और लड़की के परिजनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी । मृतक का शव पोस्टमोर्टम के बाद दिग्वार स्थित आवास लाया गया जहां परिजनों की चीतकार और क्रंदन सुनकर लोग खुद् के भी आंसू भी नहीं रोक पा रहे थे। युवक का अंतिम संस्कार मंगलवार के शाम दिगवार शमशान घाट में कर दिया गया।

### रामगढ़ : दामोदर नदी में मिला महिला का शव



**रामगढ़।** शहर के दामोदर नदी में मंगलवार को एक महिला (उम्र लगभग 26 वर्ष) का शव तैरता हुआ मिला। जब स्थानीय लोगों ने नदी में महिला का शव देखा तो उन्होंने इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी। जिसके उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया कि हम मामले की जांच कर रहे हैं।

### प्रभा एनर्जी को लेकर बैठक आठ सितंबर को

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में ओएनजीसी के अंतर्गत कार्य कर रही प्रभा एनर्जी से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए एक अहम बैठक दिन शुक्रवार 8 सितंबर को विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज के नेतृत्व में होगी। उक्त बैठक समय 11 बजे हजारीबाग हुरहुरू स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में होगी जिसमें मुख्य रूप से प्रभा एनर्जी के प्रोजेक्ट ऑपरेशन के उप निर्देशक शैलेंद्र सिंह, कंपनी के वरीय पदाधिकारी अनूप सिंह समेत कई लोग मौजूद रहेंगे। बड़कागांव में ओएनजीसी के अंतर्गत प्रभा एनर्जी कार्य कर रही है और कंपनी से जुड़ी अनेकों समस्याएं प्राप्त होने के बाद उनके निवारण के लिए 8 सितंबर को बैठक प्रस्तावित है। जिसमें भुगतान संबंधित मामले, कंपनी द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण एवं विकास कार्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रभा एनर्जी के सभी संवेदक और प्रभावित रैयत एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# मां छिन्नमस्तिका मंदिर में उपायुक्त ने की पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रजरप्पा ।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मंगलवार को मां छिन्नमस्तिका के सिद्ध पीठ, रजरप्पा मंदिर में अपने परिवार संग पूजा अर्चना की। जिसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर के प्रशासनिक भवन में अधिकारियों व मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। रजरप्पा मंदिर परिसर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने व श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासनिक भवन में बैठक करते हुए उपायुक्त ने मंदिर परिसर अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर नमामि गंगे योजना के तहत नियमित रूप से गंगा आरती के आयोजन को लेकर बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से मंदिर के संचालन प्रक्रिया आदि की भी जानकारी ली। बड़ी संख्या में प्रतिदिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने पार्किंग व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंदिर तक आने वाले सड़क पर पर्याप्त संख्या में साईनेज बोर्ड स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। इससे पूर्व उपायुक्त को मंदिर के पुजारियों ने मां की तस्वीर भेंट की. बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता, उदय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, तृप्ति विजया कुजूर अंचल अधिकारी चितरपुर, रजरप्पा मंदिर प्रबंधन समिति के असीम पंडा, सुभाशीष पंडा, छोटू पंडा, शेठी पंडा, गुड्डू पंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**चरही।** चरही में कई सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक शिक्षाविदऔर महान व्यक्ति थे।ये भारत के उप राष्ट्रपति बनने के बाद राष्ट्रपति बने।इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर शिक्षकों को चलने की जरूरत है।तभी विद्यालय और कॉलेजों में पढ़ रहे विद्यार्थी शिक्षकों के द्वारा दिखाए मार्ग पर चल सकेंगे।और अपने भविष्य को सवार पाएंगे।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस पर नन्हे-मुन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने की।वहीं कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों द्वारा केक काटकर किया गया। इस दौरान निदेशक संदीप कुशवाह ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधा कृष्णन की जयंती सह शिक्षक दिवस पर इस प्रकार प्रोग्राम होने से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा का निखार होती है। नन्हे-मुन्हे बच्चों को प्रोग्राम देखकर काफी खुशी हुई। सांस्कृति कार्यक्रम से बच्चों में निखार, शारीरिक व मानसिक विकास होती है।मौके पर रंजीत कुमार,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,संदीप शर्मा,आशीष कुमार,महेंद्र कुमार, विनोद नायक,आनन्द राज, एरिका टोप्पो, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार,उमेश कुमार सहित सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं तथा अविभावक उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने डॉक्टर बरेलिया के खिलाफ कार्रवाई का दिया निर्देश

**रामगढ़।** आयुष्मान योजना अंतर्गत उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डीएमएफटी मद से सदर अस्पताल रामगढ़ में नियुक्त आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल बरेलिया द्वारा एक सितंबर 2022 से 31 मई 2023 तक की अवधि में अपने निजी नर्सिंग होम बरेलिया नर्सिंग होम में 188 सर्जरी करने एवं सदर अस्पताल रामगढ़ में एक भी सर्जरी न करने को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने गंभीरता से लिया है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को निर्देश देते हुए एक सप्ताह के अंदर चिकित्सक डॉक्टर राहुल बरेलिया पर कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 तथा क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट रूल 2013 के अंतर्गत इसकी भी जांच करने का निर्देश दिया है कि क्या वे 188 मरीज सदर अस्पताल रामगढ़ में चिकित्सा प्राप्त करने आए थे और क्या इस आलोक में यह प्रतीत होता है कि डॉ राहुल बरेलिया द्वारा मरीजों को दलाल अथवा एजेंट के माध्यम से अपने निजी नर्सिंग होम में भेजा जाता रहा है।

### लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें जरूर सफल होंगे : प्रो.विजय मिश्रा

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित प्रो. विजय मिश्रा के आवास पर मंगलवार को सेमेस्टर छह के विद्याथियों ने पूरे धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. विजय मिश्रा ने डॉ सर्वपल्ली राधाष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर प्रो.विजय मिश्रा ने ड सर्वपल्ली राधाष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्री मिश्रा बच्चों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करने जरूर सफल होंगे। मौके पर प्रिया, सुप्रिया, सोनम, पूनम, ज्योति, मुस्कान, स्नेहा, उर्मिला, अंजली, राजन आदि छात्राओं ने प्रो.विजय मिश्रा को उपहार देकर उनका आर्शीवचन लिया।

### हेल्प डेस्क व सक्षम केंद्र का उद्घाटन

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अलपिटो पंचायत सचिवालय में मंगलवार को हेल्प डेस्क व सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अलपिटो पंचायत के मुखिया सुमित देवी के द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। झारखंड ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत स्तर मे महिलाओ व ग्रामीणों के लिए सुविधा के लिहाज से पंचायतों को सशक्त करने की दिशा में पंचायत सचिवालय में सक्षम केंद्र सह हेल्प डेस्क की सुविधा प्रदान की गई। हेल्प डेस्क के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, सामुदायिक संस्थानों में सदस्यता, सामुदायिक सुरक्षा कोष, नियमित सहायता प्रदान करना, गैर कृषि आजीविका सहायक, प्रवासी पारिवारों के बीच पोषण, उत्थान आदि को बढ़ावा देना, खाद्य एवं कौशल सुरक्षा सुनिश्चित करना, कौशल और कार्य इच्छा मानचित्र, माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना मनरेगा से जुड़ाव आदि सुविधाएं प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में महिला समूह के सीएलएफ, लेखापाल, आजीविका महिला संकुल संगठन के अध्यक्ष सुमन देवी सचिव सोनम देवी, अंजना मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गुरू के बिना ज्ञान संभव नहीं : अवधेश सिंह

**भुरकुंडा अनमोल बचपन प्ले स्कूल और एसएससी कोचिंग सेंटर में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल और एसएससी कोचिंग सेंटर में मंगलवार को पूरे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, तुंजय कुमार, अमित प्रकाश, राहुल कुमार, नमिता मिश्रा, उर्मिता कुमारी, भूमि कुमारी, कुमकुम कुमारी, काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित और केक काटकर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। शिक्षको के मार्ग-दर्शन में ही विद्यार्थी अपना भविष्य संवारते हैं। श्री सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

साथ ही उन्होंने कहा कि गुरू के बिना ज्ञान संभव नहीं है। कार्यक्रम में सबों के बीच मिठाई व केक का भी वितरण किया गया। मौके पर दर्जनों बच्चे व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सौंदा पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य सह सचिव अमित कुमार ने महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर की। इसके बाद केक काटकर ड सर्वपल्ली राधाष्णन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कक्षा नवम एवं दसम के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच अंताकक्षरी का भी आयोजन हुआ जो स्कूल परिवार के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार देकर व मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वचन प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सचिव अमित कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र का निर्माण जुड़ा हुआ है और इस महत्वपूर्ण कार्य को शिक्षक जिम्मेदारीपूर्वक निभा रहे हैं।

## एक नजर में

### संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



कटकमसांडी। पूर्वी भाजपा मंडल ने पंचायत लुपुंग में बैठक की। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर विशेष चर्चा की गई । बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता ने किया। बैठक की प्रभारी और मूलचंद साव एंव कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर शामिल हुए। मूलचंद साव ने कहा कि कटकमसांडी मंडल के सभी पंचायत एवं सभी बूथ के कार्यकर्ता को संकल्प यात्रा के जनसभा में भागीदारी हो इसके लिए आप सभी लोग अभी से ही तयार हो जाए ताकि संकल्प यात्रा सफल हो। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया कि पूर्व मुखमंत्री बाबू लाल मरांडी के संकल्प यात्रा को सफल आयोजन के लिए हम सभी कार्यकर्ता को एक जुट होना और अपने में संकल्प लेना होगा ताकि आने वाला 9 सितंबर को संकल्प यात्रा का सफल आयोजन हो। मौके पर भाजपा के कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, गोदखर मुखिया नारायण साव,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रविदास, बिरेंद्र कुमार बीरू,सचिन मेहता , दीपक मेहता,भोला राणा, बिनोद सिंह, पचु प्रजापति,अनिल शुक्ला,प्रताप सिंह, स्चीदानंद सिंह, बिरेंद्र ओझा, प्रकाश कुशवाहा, अजय मेहता,एंव दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ सीएचसी में कई बीमारी का होगा इलाज

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ सीएचसी परिसर में लगने वाले स्वास्थ्य मेला को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने कहा कि उपायुक्त द्वारा तिथि निर्धारण के बाद, विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 14 से 18 सितंबर के बीच स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। मेले मे अनेक प्रकार के बीमारियों का इलाज होगा । मिशन इंद्रधनुष की चर्चा करते हुए कहा कि 2025 से पहले विष्णुगढ़ को टीबी बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य है। इसको लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम मे उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन से भी प्रसव कराया जा रहा है। प्रसव घर पर ना कराएं। घर पर जच्चा बच्चा की क्षति हो सकती है। प्रसव स्वास्थ्य केंद्र में कराएं। स्वास्थ्य केंद्र में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। गर्भवती महिला का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराएं। इसके अलावे प्रखंड स्तर पर मिलने वाली तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### शहीद जगदेव प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

बड़कागांव। शहादत दिवस के अवसर पर अमर शहीद जगदेव विचार मंच प्रखंड अध्यक्ष उमेश दांगी के नेतृत्व में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत दर्जनों समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सूर्य मंदिर के निकट आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई । उमेश दांगी ने कहा कि जगदेव बाबू दबे , कुचले , पिछड़े, असहाय, दलित व गरीबों के लिए संघर्ष करते हुए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी तथा उनके अधूरे सपने को आज साकार करते हुए आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जगदेव बाबू सामंतवाद के विरुद्ध कमजोर वर्ग के लिए अपनी जंग की शुरूआत की थी जिसको लेकर सामंतवादियों ने षड्यंत्र के तहत उनके जीवन लीला समाप्त कर दी जिनकी कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। मौके पर डॉक्टर बालेश्वर महतो, टुकेश्वर प्रसाद, रितेश ठाकुर,शिवशंकर कुमार, जिप सदस्य सुनीता देवी,यासमीन निशा,प्राचार्य कृतिनाथ महतो, रंजीत कुमार, दीपक कुमार,सरोज सोनी, अरुण मालाकार समेत दर्जनों समाजसेवी मौजूद थे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिता



**बरही।** बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान कृष्णरूप सज्जा प्रतियोगिता सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। (कक्षा अरुण से पंचम )रश्मि कुमारी, विनीता कुमारी,गुडविल सिंह,ऋचा कुमारी,पुष्पलता कुमारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा अरुण से पंचम के भैया बहनों ने भगवान कृष्ण के रूपों में सजधज कर सभी आगत अविभावकों का मन मोह लिया । मौके पर विद्यालय प्रबंधकारीनी समिति के अध्यक्ष अमित साहू संरक्षक त्रिवेणी साहू कोषाध्यक्ष रोहित साहू साहू समाज मुखिया सुरेश साहू समिति सदस्य बबलू साहू , कुन्दन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्या भारती योजनानुसार समय समय पर विद्यालय की ओर से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जाता है।सम्पूर्ण सृष्टि के पलानहार भगवान श्रीकृष्ण हैं। भारतीय संस्कृति के इतिहास में कृष्ण जैसा अद्भुत व्यक्तित्व कोई दूसरा नहीं है। कृष्ण ने ऐसा बचपन जिया की आज भी प्रत्येक भारतीय नारी अपने बच्चे को कृष्ण कहकर अवश्य पुकारती है। जवानी ऐसा जिया की सब कहते हैं बड़ा कन्हैया बना फिरता है। ज्ञान ऐसा की प्रत्येक घरों में आज भी गीता पढ़ा जाता है। अविभावक का विचार हमें अपने क्षेत्र में कार्य करने में ऊर्जा प्रदान करती है। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

### रेन्बो स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों ने अपने अपने क्लास में केक काटा। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों से राधाकृष्णन जैसे शिक्षाविद, चरित्रवान, भारत के उच्च पदों तक पहुँचने की कामना की। इस दौरान बच्चों को डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के बारे में बताते हुए कहा कि वे महान शिक्षाविद, दार्शनिक, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ और भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षक के महत्व को बताते हुए कहा कि एक शिक्षक में राष्ट्र निर्माण करने की क्षमता होती है। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण आदि उपस्थित थे।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**बरही।** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर आइलेक्स पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस सादगी के साथ मनाया गया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार और शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने क्लास में केक काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें डफली वाले, शिव तांडव, चोरी चोरी दिल तेरा चुरायेंगे जैसे कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। सभी ब्रांच के सभी शिक्षक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।मौके पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि शिक्षक के बिना किसी भी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। हम किसी भी मंजिल को लेकर किसी भी ऊंचाई पर पहुंच जाए लेकिन हमेशा हमारे मन में शिक्षक के प्रति जो सम्मान है, वह कभी भी कम नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाते नहीं हैं बल्कि विद्यार्थी की गलतियों को सुधार कर जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।



# जन्माष्टमी विशेष





# यशोदा का नंदलाला जग का दुलारा...



**हिंदू** पौराणिक कथाओं के अनुसार, लगभग 5000 साल पहले, भगवान विष्णु के आठवें अवतार का जन्म हुआ था, जो जल्द ही सबसे महत्वपूर्ण हिंदू देवताओं में से एक के रूप में प्रतिष्ठित होने लगे। स्वभाव से तेज-तर्रार और प्रसन्नचित्त, यह कुख्यात देवत्व भक्तों के बीच पसंदीदा बन गया, जो वयस्क और बचपन दोनों रूपों में उनकी पूजा करते हैं। उनका जन्मदिन हर साल पूरे भारत में कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है । लोग उपवास करते हैं, अपने घरों को सजाते हैं, और भगवान को चढ़ाने के लिए व्यंजन तैयार करते हैं; इस दिन के सभी अनुष्ठानों का पालन करें।

जन्माष्टमी दो शब्दों से मिलकर बना है: जन्म (जन्म) और अष्टमी (आठ)। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, यह त्योहार भाद्रपद (अगस्त-सितंबर) के महीने में कृष्ण पक्ष (अंधेरे पखवाड़े) के आठवें दिन (अष्टमी) को मनाया जाता है। यह त्योहार पूरे भारत में मनाया जाता है।

हालाँकि, भारत में दो जगहें ऐसी हैं, जहाँ यह त्योहार बेजोड़ उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाता है। वे हैं मथुरा और वृन्दावन; पहला भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है जबकि दूसरा वह स्थान है जहां उन्होंने अपना बचपन बिताया था। इन स्थानों पर होने वाले उत्सव अनोखे होते हैं और दुनिया भर से लोग अनुष्ठानों और कार्यक्रमों को देखने और उत्सव में भाग लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। अधिकांश भक्त दिन भर वृन्दावन में कार्यक्रमों और उत्सवों को देखने में बिताते हैं और शाम को भगवान के जन्म का जश्न मनाने के लिए मथुरा जाते हैं।

**जन्माष्टमी तिथि 2023**

श्रावण माह में मनाई जाने वाली कृष्ण जन्माष्टमी कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को आती है। आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर में अगस्त या सितंबर के महीने में पड़ने वाली, वृन्दावन का पवित्र शहर वह स्थान है जहाँ कृष्ण ने अपना बचपन और किशोरावस्था बिताई। यमुना नदी के तट पर स्थित, वृन्दावन वह स्थान है जहाँ कृष्ण ने अपनी गोपियों के साथ प्रसिद्ध रासलीलाएँ कीं । वृन्दावन में जन्म के दिन से 10 दिन पहले उत्सव शुरू हो जाता है। कृष्ण के जीवन पर रासलीलाएँ और नाटक और यहाँ तक कि महाकाव्य महाभारत के दृश्य भी, जिनमें भगवान कृष्ण एक अनिवार्य हिस्सा थे, पेशेवर कलाकारों द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर प्रस्तुत किए जाते हैं। ये नाटक बड़ी संख्या में पर्यटकों को वृन्दावन की ओर आकर्षित करते हैं ।

वृन्दावन में 4000 से अधिक मंदिर हैं जिनमें से बांके बिहारी मंदिर , रंगनाथजी मंदिर , इस्कॉन मंदिर , राधारमण मंदिर , कुछ प्रमुख मंदिर हैं जहां लोग अपने समारोहों और अनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए आते हैं जो पूरे दिन होते हैं। विशेष रूप से ' अभिषेक ' जो समारोह शुरू होने से पहले भगवान कृष्ण का भव्य अनुष्ठानिक स्नान है।माना जाता है कि मधुबन , यमुना नदी के पास का क्षेत्र है, जहां भगवान कृष्ण ने अपनी प्रिय गोपियों के साथ रासलीलाएं की थीं।,

5000 साल पहले. स्थानीय लोककथाओं का कहना है कि आज तक भी, भगवान कृष्ण गोपियों के साथ रासलीला करने के लिए इस स्थान पर अवतरित होते हैं ।इसलिए, कोई भी स्थानीय लोग शाम ढलने के बाद इस क्षेत्र में कदम नहीं रखते।

हालाँकि, मधुबन को जन्माष्टमी के दौरान उज्ज्वल रोशनी से सजाया जाता है और सजाया जाता है क्योंकि यहाँ रासलीलाएँ और नाटक किए जाते हैं लेकिन केवल दिन के समय। अधिकांश भक्त और पर्यटक मथुरा जाने से पहले प्रसिद्ध प्रदर्शन देखने के लिए मधुबन आते हैं।

## कृष्णाष्टमी

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। दरअसल मान्यता है कि इसी दिन मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया था। इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण की 5250वीं जन्माष्टमी मनाई जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार जन्माष्टमी का त्योहार 6 सितम्बर को मनाया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल अष्टमी तिथि बुधवार 6 सितंबर को दोपहर 3:37 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 7 सितंबर की शाम 4 बजकर 14 मिनट पर होगा। वैसे जन्माष्टमी का त्योहार आमतौर पर दो दिन मनाया जाता है, पहले दिन (स्मार्त) गृहस्थियों द्वारा तथा दूसरे दिन वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा। गृहस्थ लोग इस बार 6 सितंबर और वैष्णव सम्प्रदाय 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाएंगे।

भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी का इतना महत्व क्यों है, यह जानने के लिए श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी अलौकिक लीला को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वासुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया और देवकी की ससुराल पहुंचकर उसने अपने जीजा वासुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन करते हुए वादा किया कि उसके गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे वह कंस को सौंप दिया करेगी। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और वासुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया।

कारागार में देवकी ने पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस ने मार डाला। इसी प्रकार एक-एक कर उसने देवकी के सात बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने वासुदेव-देवकी पर पहरा और कड़ा कर दिया। आखिरकार वह घड़ी भी आ गई, जब देवकी ने कृष्ण को जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वासुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वासुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। भगवान ने वासुदेव से कहा, ह्यह्यअब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी।

वासुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोर लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वासुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वासुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वासुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई।

कंस को जैसे ही कन्या के जन्म का समाचार मिला, वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंचकर उसने कहा, ह्यह्यमुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है।ह्लह्ल यह सुनकर कंस के होश उड़ गए। उसके बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। कंस ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने एक-एक कर उन सभी का संहार कर दिया। बड़ा होने पर कंस का वध कर उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वासुदेव और देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा।

बाल्यकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीला विख्यात हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आह्वान किया था, जिसके बाद हनुमान जी ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया। श्रीकृष्ण ने नररकासुर नामक असुर के बंदीगृह से 16100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया, जिन्हें समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिए जाने पर उन महिलाओं ने श्रीकृष्ण से अपनी रक्षा की गुहार लगाई और तब श्रीकृष्ण ने उन सभी महिलाओं को अपनी रानी होने का दर्जा देकर उन्हें सम्मान दिया था।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)





## हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की

रांची में 6 व 7 सितंबर को मनेगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव, मोटे अनाज का लगेगा भोग, होंगी ये प्रतियोगिताएं समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति के द्वारा 11वीं बार महोत्सव हम मनाने जा रहे हैं।

मथुरा शहर में हजारों मंदिरों के साथ , उत्सव जन्म के दिन से एक महीने पहले शुरू हो जाता है।

यहां मनाए जाने वाले जन्माष्टमी त्योहार के दो सबसे महत्वपूर्ण पहलू झूलनोत्सव और घटा हैं।

झूलनोत्सोव वह अनुष्ठान है जिसमें लोग अपने घरों में भगवान कृष्ण का स्वागत करने और शिशु कृष्ण के पालने का प्रतीक करने के लिए अपने घरों और मंदिरों के आंगन में झूले लगाते हैं और फूलों और रंगोलियों से सजाते हैं।

घाट मथुरा में उत्सव की एक और अनूठी विशेषता है, जहां शहर के सभी मंदिरों को चुने हुए थीम के रंग से सजाया जाता है, जिसमें मूर्ति कृष्ण के कपड़े भी शामिल हैं। वे पूरे एक महीने तक इस परंपरा का पालन करते हैं और इसके बिना त्योहार का जश्न पूरा नहीं होता है।

जन्म दिवस से पहले के दिनों में , रासलीलाएं (नृत्य-नाटक जो कृष्ण द्वारा अपने दिनों में लोकप्रिय रूप से किए जाते थे) विभिन्न समूहों द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, विशेष रूप से 10-13 साल के बच्चों द्वारा। इसके अलावा, जानकी भी बनाई जाती है, जो मिट्टी से बनी आकृतियाँ हैं जिनमें कृष्ण के जीवन के विभिन्न चरणों को दशार्नें वाले दृश्य पूरे मथुरा शहर में प्रदर्शित किए जाते हैं।

जन्माष्टमी के उत्सव का सर्वोत्तम



अनुभव लेने के लिए मथुरा के इन मंदिरों में जाएँ:

**नंदगांवश्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर**

**द्वारकाधीश मंदिर, मथुराराधा वल्लभ मंदिर कृष्ण जन्म भूमि मंदिर (स्रोत)**

**कृष्ण जन्म भूमि मंदिर, मथुरा**

**( स्रोत इस्कॉन )**

कृष्ण का जन्म आधी रात को हुआ था इसलिए उत्सव उस समय तक मनाया जाता है जिसके बाद मंदिरों में विभिन्न पूजाएँ और अनुष्ठान होते हैं। हालाँकि, मुख्य कार्यक्रम कृष्ण के जन्म के वास्तविक स्थान पर आयोजित किया जाता है, जो अब एक बड़े कृष्ण जन्म भूमि मंदिर में परिवर्तित हो गया है । मूर्ति को गर्भ गृह नामक एक कमरे में रखा जाता है, उसे दूध और दही से स्नान कराया जाता है, पारंपरिक कपड़े पहनाए जाते हैं और पालने में रखा जाता है।

फिर पालने को झुलाया जाता है जबकि भक्त प्रार्थना करते हैं और भजन गाते हैं। लोक मान्यता है कि जन्माष्टमी के दिन पालना झुलाते समय की गई कोई भी मनोकामना पूरी होती है। जैसे ही भक्त भगवान का स्वागत करते हैं, भगवान को पंचामृत और छप्पन भोग अर्पित किया जाता है(56 व्यंजन). फिर इसे उन भक्तों के बीच वितरित किया जाता है जो इससे अपना उपवास तोड़ते हैं।

कृष्ण जन्माष्टमी के लिए छप्पन भोग

छप्पन भोग ( स्रोत )

हर साल 8 लाख से अधिक भक्त जन्माष्टमी उत्सव में भाग लेने और प्रार्थना करने और भगवान कृष्ण के जन्म के भव्य उत्सव को देखने के लिए मथुरा और वृंदावन आते हैं। क्या आप भी जा रहे हैं? चलो टिप्पड़ियों के अनुभाग से पता करते हैं

## कृष्ण की निष्काम कर्म की प्रेरणा

**विजय केसरी**

भगवान श्री कृष्ण की भक्ति निष्काम कर्म की ओर प्रेरित करती है। उनकी भक्ति से मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है । मनुष्य श्री कृष्णा की भक्ति से इस धरा पर रहकर सब सुखों को भोकते हुए बहुत ही सहजता के साथ जीवन व्यतीत करता है। कृष्ण की भक्ति से भक्त के अंदर साक्षी भाव से जीवन जीने की कला स्वतः उत्पन्न हो जाती है। श्री कृष्णा परम सत्य और सर्वशक्तिमान है। श्री कृष्ण की भक्ति में असीम शक्ति है। श्री कृष्णा गीता उपदेश में सदा जीवित रहेंगे। श्री कृष्ण के अंदर सृष्टि का प्रारंभ और अंत दोनों विद्यमान है।

भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्री कृष्ण, भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में द्वापर में इस धरा पर अवतरित हुए थे। उन्होंने मानव कल्याण के लिए जो उपदेश दिया, उसकी प्रासंगिकता हर काल में बनी रहेगी। भगवान श्री कृष्ण का प्रादुर्भाव इस धरा पर धर्म की स्थापना के लिए हुआ । श्री कृष्ण का जन्म जिन विकट परिस्थितियों में हुआ, इन परिस्थितियों को श्री कृष्ण ने समय के साथ अपनी धार में मोड़ कर एक इतिहास रच दिया। ऐसा सिर्फ किसी अवतारी पुरुष से ही संभव था। इसके पूर्व इस तरह की कोई भी घटना किसी धर्म ग्रंथ में दर्ज नहीं है ।

अत्याचारी कंस के अत्याचार से धरती हिल सी गई थी। उसने स्वयं को ईश्वर से भी श्रेष्ठ घोषित कर दिया था। कंस अधर्म के पथ पर अग्रसर हो गया, लेकिन काल की मार से कौन बच सकता था ? कृष्ण के हाथों कंस का वद्य होना था । कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए ही इस धरा पर अवतार लिया था। कृष्ण के जन्म के साथ ही जिस तरह की विचित्र घटनाएं घटित हो रही थी, और क्रमवार कृष्ण के हाथों निराकरण भी होता चला जा रहा था । ये सारी घटनाएं श्री कृष्ण के भगवान होने के पर्याप्त आधार बनाते चले जा रहे थे। जब कंस ने राक्षसनी पूतना के हाथों भगवान कृष्ण को मारने की साजिश रचा था, तब बाल काल में ही कृष्ण ने राक्षसनी पूतना का वध कर अवतारी होने का घोषणा कर दिया था। भगवान श्री कृष्ण का संपूर्ण जीवन आदर्श, त्याग और बलिदान से ओतप्रोत है। मथुरा पर विजय प्राप्त करने के बावजूद श्री कृष्ण ने सिंहासन अन्य के हाथ सौंप दिया था। उन्होंने सिर्फ एक ध्वजवाहक होने का संदेश दिया था।

उन्होंने निष्काम कर्म की शिक्षा आम जन को दिया । श्री कृष्ण ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'मनुष्य को फल की इच्छा किए बिना कर्म करनी चाहिए'। अर्थात उन्होंने निष्काम कर्म की शिक्षा दी। यह बात पढ़ने और सुनने में बिल्कुल साधारण प्रतीत होती है, किंतु निष्काम कर्म संदेश के पीछे एक बहुत बड़ा दर्शन छुपा हुआ है। आज विश्व भर जो भी अशांति और परेशानियां छाई हुई है। यह सब मनुष्य के कर्म फल की इच्छाओं की कोख से जन्मी हुई है। भगवान श्री कृष्ण ने मनुष्य को कर्म करने की आजादी दी है, न कि फल की इच्छा से कर्म करने की शिक्षा दी। अगर मनुष्य अपने जीवन में शांति चाहता है तो उसे निष्काम कर्म के संदेश को सख्ती से अपने जीवन में लागू करने की जरूरत है। बिना निष्काम कर्म के उसके जीवन में शांति आ नहीं सकती। फल की इच्छा ही हमारी अशांति का कारण है। जिस पल मनुष्य के अंदर फल प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो जाती है, मनुष्य अपने पथ से भटक जाता है। अब सवाल यह उठता है कि मनुष्य कर्म करें और फल प्राप्ति की इच्छा ना करें, यह कैसा उपदेश है ? यह बात आज की आधुनिकता की कसौटी में लागू नहीं होती है। लेकिन धर्म की कसौटी पर यह बात हजारों वर्ष पूर्व भी सही थी। आज भी सही है। और कल भी सही रहेगी।

आज जितनी भी लड़ाइयां और परेशानियां संसार भर में देखने को मिल रही है। यह सब मनुष्य के कुमार्ग गमन के कारण ही बढ़ता चला जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण बाल काल से युवा काल और अपने जीवन के अंतिम क्षण तक निष्काम कर्म के पथ पर ही आगे बढ़ते रहे थे। उन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए पांडवों को साथ दिया था।



उन्हें इस धर्म और सत्य की रक्षा के लिए एक बड़े नरसंहार से गुजरना पड़ा था ।इस महायुद्ध में लाखों जाने गई थीं। श्री कृष्णा ने पांडवों के विजयी के साथ सत्य और धर्म की स्थापना की थी।

भगवान श्री कृष्ण ने रणभूमि में अर्जुन के मन में उठते सवालों के जवाब में कहा कि 'हे अर्जुन ! तुम इन्हें क्या मारोगे ? ये सब तो पहले से मरे पड़े हैं ।' तब भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप से का दर्शन कराया । भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप के दर्शन के पश्चात अर्जुन के मस्तिष्क में जो परिवार का मोह और संबंधियों को मारने का पाप के विचार चल रहे थे, सब दूर हो गए । अर्जुन ने स्वीकार किया कि 'सृष्टि में जो कुछ भी घटनाएं घटित हो रही है, सब ईश्वर की ही देन है'। अर्थात जन्म देने वाला ईश्वर है और मारने वाला भी ईश्वर ही है। तब अर्जुन अपने गांडीव को उठाया और रणभूमि पर कूद पड़े थे । जब द्रोपति का चीरहरण हो रहा था, द्रोपति ने सच्चे मन से पुकारा, हे कृष्ण ! अब मेरी लाज तुम्हारे हाथों में है। कृष्ण ने द्रोपति की लाज बचा कर धर्म की रक्षा की थी ।कृष्ण ने सहज, सरल,जीवन जीने की सलाह लोगों को दिया। अहंकार से सदा मुक्त रहने की बात कही। विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य को सत्य और धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### शिशु मंदिर में मना शिक्षक दिवस



**कैरो।** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसकी शुरुआत प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यालय के भैया बहनों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। जयंती प्रमुख आचार्या शांति नाग ने राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि डॉ राधाकृष्णन ने शिक्षा का केंद्र विद्यार्थी को माना है। मौके पर विद्यालय के आचार्य आदि थे।

### शिक्षक दिवस पर हुए कई कार्यक्रम



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय के सीबीएन रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल उतका में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा में विधिवत पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर केक काटकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमेर सिंह ने राधाकृष्णन के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को उनके बताये मार्ग पर चलने की अपील की। साथ ही अपने जीवन में शिक्षक व शिष्य के बीच पवित्र संबंध के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर निदेशक बिपिन कुमार सिंह, नरेंद्र भारती, आशा कुजूर, रितु कुमारी, फिलो कुमारी, अशोक सिंह, फ्रांसिस मिंज थे।

### शिक्षक दिवस पर स्कूलों में कार्यक्रम



**भंडरा।** शिक्षण संस्थाओं में मंगलवार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। छात्रों ने शिक्षकों को उपहार भेंटकर उनका सम्मान किया। बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। निश्छल पब्लिक स्कूल में निदेशक शामिल उरांव, जिप सदस्य राजमनी उरांव व प्रधानाचार्या ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों ने सामूहिक नृत्य, फूड शेयरिंग, नाटक, भाषण समेत विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

### 14वां नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में परचम लहराने वालों का स्वागत



**गुमला।** रांची के खेलगांव में 2 से 4 सितंबर तक 14वां नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। 8 गोल्ड मेडल सहित कुल 42 मेडल खिलाड़ियों में अपने नाम किया। मंगलवार के दोपहर गुमला पहुंचने पर टावर चौक में खिलाड़ियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला मनीषचंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर अध्यक्ष अखिल कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गजराजों के उत्पात से जानमाल की क्षति को लेकर डीएफओ से मिले कांग्रेसी नेता



**गुमला।** गजराजों के आतंक से जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुए जान माज की क्षति को लेकर मंगलवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीएफओ से मुलाकात की। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि जारी प्रखंड में श्रीनगर, हारा टोली, सीसी करम टोली एवं अन्य गांवों पर लागातार गजराज का ठहराव सा हो गया है। जिससे ग्रामीण जनता परेशान हैं। डीएफओ गुमला ने सभी समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि जल्द ही टॉर्च, पटाखा एवं लाईट की व्यवस्था विभाग से सभी हाथी प्रभावित क्षेत्र में व्यवस्था की जायेगी। जिनका भी नुकसान हुआ है उसे सहयोग के रूप में सरकार से जो मुआवजा दी जाती है उसे भी दिया जायेगा। मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, फिरोज आलम, सचिव तरूण गोप, प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, प्रखंड महिला अध्यक्ष पुष्पा टोप्पो आदि लोग मौजूद थे।

### शिक्षक ईश्वर द्वारा निर्मित सर्वोत्तम कृति



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में शिक्षक दिवस समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि शिक्षक ईश्वर द्वारा निर्मित सर्वोत्तम कृति है। एक सच्चे गुरु की गुरु दक्षिणा यही है कि उसका छात्र विकास की मंजिल पर नजर आये। छात्र के माध्यम से ही शिक्षक की पहचान बनती है। प्रतिष्ठा अर्जित होती है। शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो प्रकाश फैलाता है। विद्यार्थियों को रास्ता दिखाता है। संगीत शिक्षक श्री कौशल किशोर महाराज ने मनमोहक गजल प्रस्तुत किया।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**गुमला।** भावऊराव देवरश स्मृति न्यास ने माधव नगर लोहरदगा रोड स्थित न्यास कार्यालय में शिक्षक दिवस ट्रस्ट के सचिव लालचंद अग्रवाल के सान्निध्य में किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान स्थिति में समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की अलख कैसे जगायी जाए इसपर अनुभवी सेवानिवृत शिक्षकों ने सुझाव एवं वक्तव्य दिया।

# खबर छपने के बाद जिला से जांच टीमें पहुंचीं भंडरा कस्तूरबा विद्यालय

बड़ी खबर खबर मन्त्र असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** **खबर मन्त्र** में मंगलवार को कस्तूरबा की छात्रों से कराया जा रहा है जान जोखिम में डालने वाला काम शीर्षक से छपी खबर के बाद मंगलवार को जिला प्रशासन हरकत में आयी और जांच टीम भंडरा कस्तूरबा पहुंची। इस मामले पर शिक्षा विभाग की जेंडर को-ऑर्डिनेटर सह कस्तूरबा विद्यालय की प्रभारी सपना सिंह जांच कर मामले की लीपापोती करने का प्रयास कर रही हैं। अखबार में खबर छापे जाने के बाद शिक्षा विभाग इस मामले की जांच करने के नाम पर खानापूर्ति का प्रयास कर रहा है। सपना सिंह विद्यालय की शिक्षिकाओं को इस मामले से दोषमुक्त करते हुए बचाने का प्रयास कर रही हैं। इधर, छात्राओं से खतरनाक काम कराने के मामले को लेकर छात्राओं के अभिभावक काफी आक्रोशित हैं। अभिभावकों का कहना है कि वह अपने बेटियों को विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजे हैं। जबकि विद्यालय के शिक्षक उनके बच्चों से जोखिम भरा काम करवा रहे हैं, जो एक गंभीर मामला है। किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर शिक्षिकाएं इसके लिए दोषी होंगी।

> छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षिकाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाये। जांच करने आये को-ऑर्डिनेटर निष्पक्ष जांच करें। शिक्षा विभाग इस मामले पर कार्रवाई नहीं करता है, तो मामले को जिला के वरीय पदाधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा। - **राजमणि उरांव, जिप सदस्य**

मंत्री मिथिलेश ने शिक्षक दिवस पर किया गुरूजनों को सम्मानित

# व्यक्ति के सफल जीवन में शिक्षक का होता है अमूल्य योगदान : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** शिक्षक दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गुरुजनों को शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर, बुके एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मंत्री ने सभी गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व मंत्री ठाकुर ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**सम्मानित किये गये शिक्षक**

सेवानिवृत शिक्षक नरसिंह उपाध्याय, दिनेश्वर प्रसाद सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी, अशर्फी राम, सुरेंद्र प्रसाद, अमरनाथ गुप्ता, शेख अब्दुल्ला, दलसिंगार पाल, शिव कुमारी आदि।

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आज मुझे में गुरुजनों का सम्मान करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का परम सौभाग्य मिला है। आप सभी गुरुजनों ने अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को नया आकार दिया। शिक्षक हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं।

# जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक को सांसद ने किया सम्मानित

- सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किये गये सम्मानित
- हमेशा गरीब तबके के लोगों की सहायता को रहते हैं तत्पर

खबर मन्त्र संवाददाता



जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित करते सांसद, पूर्व विधायक व अन्य।

**जारी।** प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप दिलीप बड़ाईक को समाज में अच्छा कार्य करने के लिए भाजपा नेताओं ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, पूर्व विद्यायक शिवशंकर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भूपन साहू, सत्यनारायण पटेल, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष बिजय केशरी, मनोहर बड़ाईक, अवधेश प्रताप शाहदेव, अमित पांडेय सहित भाजपा के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक को सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने कहा कि दिलीप बड़ाईक के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन तथा गुमला के पूर्व डीसी सुशांत गौरव के हाथों पूर्व में भी सम्मानित किया गया है। साथ ही कहा कि इनके द्वारा हमेशा गरीब तबके लोगों का सहायता किया जाता है। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने कहा कि मैं शुरू से गरीब परिवार से रहा हूं। मैं जारी छोड़ लगभग पंद्रह से बीस साल बाहर लेबर करने गया था इसलिए मैं गरीबी को नजदीक से देखा हूं। इसलिए मै गरीबों का मदद करना मेरा धर्म हो गया है और मीडिया के माध्यम से कहना चाहता हूं कि किसी तरह का कोई दिक्त हो तो निःसंकोच हमे फोन करें जैसा बने पड़े मैं मदद के लिए तैयार हूं।

सुखाड़ को देख संबंधित विभागों के साथ डीसी ने की समीक्षा

# झारखंड राज्य फसल राहत योजना में किसानों के पंजीकरण में तेजी लायें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

**गुमला।** जिले में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना एवं जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए वैकल्पिक खेती पर बल दिया। बरसात की कमी से हुए किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार की फसल राहत योजना में किसानो के पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। बैठक में जिले में सुखाड़ की स्थिति आने से पूर्व किसानों को किस प्रकार से सहायता प्रदान किया जाए एवं उनका कम से कम नुकसान हो इससे संबंधित केंद्रित बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने योजनावर तरीके से इस समस्या से किसानों को निजात दिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 2 से 3 वर्षों में वैकल्पिक खेती से जुड़े सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने की भी बात कही। किसानों को राज्य के फसल राहत योजना से जोड़ने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी अच्छादित करते हुए उन्हें सहायता प्रदान करने की बात कही। कम वर्षा होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वहां के किसानों को मनरेगा से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### फॉगिंग मशीन का इस्तेमाल और डीडीटी का छिड़काव शुरू किया जाये : सामाजिक विचार मंच

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने लोहरदगा उपायुक्त से झारखंड में डेंगू के बढ़ते मामले पर जिले में फॉगिंग मशीन का इस्तेमाल और डीडीटी का छिड़काव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डेंगू का प्रकोप जोरों पर है, इसके मद्देनजर जिले में भी मच्छरों के भारी प्रकोप को देख अविलंब फॉगिंग मशीन का इस्तेमाल शुरू कराया जाये और डीडीटी का छिड़काव कराया जाये, जिससे बीमारी से बच सकें।

### बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव को देख साक्षरता क्लब, चुनाव पाठशाला एवं वीएएफ को सुदृढ़ करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षण के साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनावों को देख मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मृत लोगों का नाम हटाने, संशोधित करने सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर जल्द कार्य पूरा करने को कहा। मौके पर आवास समन्वयक दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुमित्रा देवी, राजमणि देवी, प्रवेज आलम, पंचम एतवा पहान सहित दर्जनों बीएलओ मौजूद थे।

## गुमला की लचर विद्युत व्यवस्था में सुधार करेगा विभाग : चैंबर अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

- विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से मिले चैंबर के प्रतिनिधि, 50 केवीए के ट्रॉली ट्रांसफार्मर में वृद्धि की मांग
- बिजली समस्या के समाधान के लिए 11 सदस्यों की समिति बनाने का कार्यपालक अभियंता को प्रस्ताव



**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके के नेतृत्व में गुमला विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया। इस दौरान चेंबर सदस्यों ने बिजली संबंधी कई बिदुओं पर विस्तार से चर्चा कार्यपालक अभियंता से चर्चा की। चेंबर सचिव बबलू वर्मा ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर आम जन के हित में काम करेगी। चेम्बर अध्यक्ष श्री कसेरा ने कई बिंदुओं पर मांग रखते हुए गुमला की लचर विद्युत व्यवस्था को शीघ्र सुचारू रूप से दुरुस्त करने, गुमला में 50 केवी का जो ट्रॉली ट्रांसफार्मर आया है उसकी संख्या बढ़ाने, नगर में जितने भी जर्जर तार हैं उसे बदलने, कई जगह पर बिजली के खंभे जो अब बेकार पड़े हैं।

## चार किलो मादक पदार्थ के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में एक चौंकानेवाला मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांकी रोड रेड़मा जनकपुरी के पास से एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसके पास से लगभग चार किलो गांजा जैसा मादक पदार्थ दो पैकेट में बंद बरामद किया गया है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि बीती रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर जनकपुरी राम जानकी मंदिर के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की सूचना प्राप्त थी। इस सूचना के आलोक में महिला पुलिस के साथ शहर थाना प्रभारी द्वारा उक्त स्थान का जायजा लिया गया। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची कि पूर्व से एक महिला नारंगी टी शर्ट पहने हुए व बैग लेकर खड़ी थी जो पुलिस को देखते ही मंदिर के बगल वाली गली से भागने का प्रयास किया। महिला आरक्षी के द्वारा उसकी तलाशी ली गयी तो उसके बैग से सील बंद दो पैकेट गांजा जैसा मादक पदार्थ जब्त किया गया। गर्ग ने बताया कि गिरफ्तार महिला पूजा कुंवर पिता स्व दिलीप सिंह ग्राम बेंगाही थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद बिहार की रहनेवाली है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों ने अपनें शिक्षकों जैसे ही कपड़े पहन कर उनका अभिनय किया। शिक्षक बने बच्चों को एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाते और कक्षा में शिक्षक का कार्यभार संभालते हुए देखना अत्यंत आनंददायक था। इसके अलावा शिक्षकों के मनोरंजन के लिए फिल्म भी दिखाई गई।

## बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहभागी बनें लोग: नीरज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर मद से 25 मेधावी बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री क्रय हेतु छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। ग्राम गंगुपारा के आरडी साहू स्कूल के विद्यार्थियों के बीच हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार एवं खान प्रबंधक राज सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी गयी। मेधावी बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने कहा कि बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहभागी बनें।

### सनातन को मिटाने वाले डेंगू, मलेरिया व कोरोना की तरह समाप्त होंगे : भोला चौधरी

**गुमला।** सनातन धर्म को मिटाने की सपना देखने वाले एक दिन खुद डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह समाप्त हो जायेंगे। लेकिन सनातन कभी समाप्त नहीं होगा। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी ने कही। वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदय निधि के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कहते हुए धर्म का अपमान किया है। साथ ही सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया जैसे रोग से तुलना की है।

## कुएं में डूबने से अधेड़ की मौत शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के मसमानो पंचायत के टोटो छापर टोली के राजमोहन उरांव के खेत में बने कुएं के अंदर से एक दिन पूर्व गिरे 50 वर्षीय अधेड का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव के सुखदेव उरांव के रूप हुई। जानकारी के अनुसार भंडरा थाना अंतर्गत टोटो छापर टोली गांव के 50 वर्षीय अधेड सुखदेव उरांव सोमवार की शाम शराब के नशे मे घर से निकला था। इसी दौरान राजमोहन उरांव के खेत में बने जगत विहीन कुआं के पास पगडंडी रास्ते से जाते समय अचानक डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों देर रात सुखदेव को गांव में ढूढ़ते रहे।

# अयोध्या में रामलला के विराजने पर देश के पांच लाख गांवों में होगी पूजा : सचिंद्रनाथ

- विहिप की विभाग स्तरीय बैठक में गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा के कार्यकर्ता शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक को संबोधित करते सचिंद्रनाथ सिन्हा।

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद की विभाग स्तरीय बैठक महेश्वरी धर्मशाला गुमला में संपन्न हुई। बैठक में गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा के लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप से विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री व प्रचार प्रसार केंद्रीय सहप्रमुख सचिंद्रनाथ सिन्हा शामिल हुए। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा 6 व 7 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद की 60 वीं स्थापना दिवस मनायी जायेगी। 7 सितंबर 2023 से 25 अगस्त 2024 तक विश्व हिंदू परिषद की शष्टिपूर्ति वर्ष मनाया जा रहा है। इस एक वर्ष के अंदर संपूर्ण देश में एक लाख समिति गठन करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के निमित्त 5 लाख गांवों से राशि संग्रहित हुआ था। आगामी जनवरी माह में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम जी का भव्य मंदिर में श्रीराम लला विराजमान होने के पावन अवसर में देश के सभी पांच लाख गांवों में अयोध्या की भांति पूजन-अर्चन एवं उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को कार्यकर्ता बनाना एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से सनातन संस्कार की दृढ़ीकरण करना है।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के गुणात्मक विकास से ही सामाजिक परिवर्तन आता है एवं उससे कार्यकर्ताओं के प्रति समाज की श्रद्धा जगता है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज को समरस बनाने की गति को बढ़ाना, पर्यावरण के लिए समाज को जगाने के साथ जल, वायु, प्रकृति एवं परिवेश संरक्षण एवं संवर्धन करने की दिशा में कार्यकर्ता कार्य करेंगे। प्रांत सह मंत्री सह विभाग पालक रंगनाथ महतो ने कहा कि अयोध्या में भव्य समारोह में उपस्थिति के लिए आमंत्रण के साथ-साथ सामाजिक चेतना हेतु झारखंड प्रांत में 29 नवंबर को चार स्थानों से शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जायेगी।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, जूनियर विंग इंचार्ज श्री राज किशोर शर्मा, एकेडमिक कॉर्डिनेटर श्री रवि शेखर एवं नर्सरी विंग की प्राचार्या श्रीमती सोमा घोष के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहायक कर्मियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक वह है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य करता है। शिक्षक-शिक्षिकाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है और चरित्र-निर्माण एवं नैतिक तथा मानवीय मूल्यों के प्रति भी शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। शिक्षक के हाथों में ही निर्माण और प्रलय की बात को भी उन्होंने दोहराया' विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने अपना विचार व्यक्त करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को ईमानदारी एवं निष्ठा से अपने उत्तरदायित्वों को निर्वहन करने का सुझाव दिया। हमें नित्य रूप से उनका पूजन एवं उनके प्रति सम्मान की भावना रखना चाहिए। काकोली दत्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## केएल राहुल और कुलदीप को जगह, चहल को नहीं मिला मौका




### भारतीय टीम का पूरा शेड्यूल

- 8 अक्टूबर vs ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई
- 11 अक्टूबर vs अफगानिस्तान, दिल्ली
- 14 अक्टूबर vs पाकिस्तान, अहमदाबाद
- 19 अक्टूबर vs बांग्लादेश, पुणे
- 22 अक्टूबर vs न्यूजीलैंड, धर्मशाला
- 29 अक्टूबर vs इंग्लैंड, लखनऊ
- 2 नवंबर vs श्रीलंका, मुंबई
- 5 नवंबर vs साउथ अफ्रीका, कोलकाता
- 12 नवंबर vs नीदरलैंड्स, बेंगलुरु

**वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम इंडिया स्क्वॉड:**

**रोहित शर्मा (कप्तान)**, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मो. शमी, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर।

### भारतीय टीम की घोषणा के बाद बोले रोहित

रोहित शर्मा ने कहा कि विश्व कप 2023 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम चुनना किसी भी तरह से आसान नहीं था। मंगलवार 5 सितंबर को मेन इन ब्लू ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारतीय धरती पर खेले जाने वाले मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की। 2011 में रोहित घरेलू धरती पर विश्व कप के लिए चुने जाने से चूक गए थे। अनुभवी इस बार अपना तीसरा 50 ओवर का विश्व कप खेलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने आगामी टूनार्मेंट के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी चुने हैं। विश्व कप में भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी विश्व कप में भाग लेने से चूक गए। इशान किशन और केएल राहुल को दो पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में चुना गया। रोहित ने कहा, 'कोई आश्चर्य की बात नहीं है और आप केवल 15 ही प्राप्त कर सकते हैं। कुछ लोग निराश होंगे।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय एशिया कप 2023 खेल रही है। मगर टीम को इसके बाद अपने ही घर में वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेलना है। इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में ही वर्ल्ड कप खेलेगी। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में युजवेंद्र चहल को मौका नहीं मिला है, वहीं एशिया कप में ट्रैवल रिजर्व के तौर पर शामिल संजू सैमसन भी इस लिस्ट से बाहर हैं। तिलक वर्मा को भी मौका नहीं मिला है। वहीं, एशिया कप में एक भी मैच नहीं खेले केएल राहुल को वर्ल्ड कप में जगह मिल गई है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर को होगा। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जायेगा। न्यूजीलैंड पिछले वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड से ही हारी थी। इस बार वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। विश्व कप 2023 के लिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के स्क्वॉड का मंगलवार को (5 सितंबर) ऐलान किया। चयनकताओं ने टीम में 7 बल्लेबाजों और 4 हरफनमौलाओं को जगह दी है।

### फिटनेस टेस्ट पास करने पर केएल राहुल ने किया एनसीए, बीसीसीआइ का धन्यवाद

**कैंडी।** एशिया कप 2023 में भारतीय टीम में वापसी करने से पहले भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने अपने इलाज के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। केएल राहुल ने सफाई दी है कि वह सभी फिटनेस परीक्षण और एशिया कप के सुपर फोर चरण में भाग लेने के लिए तैयार हैं। राहुल ने सभी फिटनेस परीक्षण पास करने के बाद बीसीसीआइ और एनसीए के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया। उन्होंने लिखा- अपनी यात्रा पर विचार करते हुए पिछले कुछ महीनों में, जो चुनौतियों और सबक से भरा हुआ है। रास्ता कठिन रहा है। नितिन सर, योगेश सर, रजनी सर, धनंजय भाई, शालिनी और एनसीए के सभी लोगों को आपके प्रयासों और प्रतिबद्धता के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं मैदान पर वापस आ गया हूं, लंदन के वेलिंग्टन अस्पताल की टीम और सुचारू संचालन के लिए डॉ. राहुल पटेल का विशेष उल्लेख। अंत में निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए बीसीसीआइ को धन्यवाद। टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि केएल राहुल अपनी चोट से उबर रहे हैं। पूरी तरह फिट होने के लिए अभी समय है।

### प्रसिद्ध कृष्णा और तिलक वर्मा को नहीं मिली जगह

एशिया कप में स्क्वॉड में शामिल तिलक वर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा भी बाहर हो गए हैं। रोहित शर्मा पर टीम इंडिया का दारोमदार है। भारतीय दल शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे धुरंधरों से सुसज्जित है. इसके अलावा ईशान किशन को भी जगह मिली है। बल्लेबाजी में विकल्पों पर जोर देते हुए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### 14 अक्टूबर को होगा भारत-पाकिस्तान मैच

ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि भारत अकेले ही वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले उसने 1987, 1996 और 2011 वर्ल्ड कप की संयुक्त मेजबानी की थी। भारतीय टीम वर्ल्ड कप 2023 सीजन में अपना पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को खेलेगी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 14 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। बता दें कि भारतीय टीम को वर्ल्ड कप से ठीक पहले अपने ही घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज भी खेलना है।

### अब भी हो सकता है टीम में बदलाव

भारत समेत बाकी सभी 10 देशों की टीमों में बदलाव की गुंजाइश अब भी है। यदि कोई देश अपनी घोषित टीम में बदलाव करना चाहता है, तो वो 28 सितंबर तक बगैर आइसीसी की इजाजत के बदलाव कर सकता है। मगर 28 सितंबर तक उसे फाइनल 15 सदस्यीय टीम बतानी होगी। इसके बाद आइसीसी की मंजूरी के बाद ही बदलाव किया जा सकेगा।

### 10 वेन्यू, 48 मैच और 45 दिन

वर्ल्ड कप 2023 के लिए इस बार 45 दिनों के भीतर 48 मैच खेले जायेंगे। इसके लिए 10 वेन्यू निर्धारित की गई हैं। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेलेगी। पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा अगले दिन कोलकाता में खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल में एक रिजर्व दिन होगा। फाइनल मैच अहमदाबाद में 19 नवंबर को होगा, जबकि 20 नवंबर रिजर्व दिन रहेगा. सभी तीन नॉकआउट मैच दिन-रात के होंगे।

### तेज गेंदबाजी बुमराह, शमी, सिराज के हवाले

जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर भी चौथे पेसर हैं। कुलदीप यादव टीम के प्रमुख स्पिन विकल्प हैं। उनको युजवेंद्र चहल पर तरजीह मिली है।

### केएल राहुल के नाम ने चौंकाया?

टीम इंडिया के स्क्ववॉड में सबसे बड़ी खबर है कि केएल राहुल को जगह मिल गई है, उन्हें 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप के पहले मैच से पहले टीम में शामिल होने के लिए उपयुक्त माना गया है। राहुल के टीम में होने से संजू सैमसन बाहर हो गए हैं। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने कहा, 'केएल राहुल फिट हैं, लेकिन एशिया कप से पहले मामूली दिक्कत हुई है। वह इससे उबर चुके हैं।

# श्रीलंका के हाथ लगी रोमांचक जीत अफगानिस्तान सुपर-4 से हुआ बाहर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लाहौर के मैदान पर श्रीलंका ने रोमांचक जीत दर्ज कर अफगानिस्तान को सुपर 4 में जाने से रोक दिया। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए कुसल मेंडिस के 92 रनों की बदौलत आठ विकेट पर 291 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान को सुपर 4 में क्वालिफाई करने के लिए 37.5 ओवर में 295 रन बनाने की जरूरत थी लेकिन टीम 37.4 ओवर में 289 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। अफगानिस्तान के लिए कप्तान शाहिदी के अलावा मोहम्मद नबी और राशिद खान ने उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन यह उनकी टीम के लिए काम नहीं आई। इससे पहले श्रीलंका ने पहले खेलते हुए सधी हुई शुरूआत की थी। पाथुम निसांका ने 40 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 41 तो करुणारत्ने ने 35 गेंदों में 32 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर आए कुसल मेंडिस ने एक छोर संभालते हुए 84 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 92 रन बनाकर स्कोर 200 पार लगाया। इसके बाद असलांका ने 43 गेंदों में 36, दुनिथ ने 39 गेंदों पर 33, ठीकशाना ने 24 गेंदों में 28 रन बनाकर स्कोर 291 तक पहुंचा दिया। अफगानिस्तान की ओर से सबसे सफल गेंदबाज गुलाबद्दीन रहे। उन्होंने निसांका, करुणारत्ने, समरविक्रमा और ठीकशाना के विकेट निकाले। इसके अलावा राशिद खान थोड़ा महंगा साबित हुए। उन्होंने 63 रन देकर दो विकेट लिए। इसके अलावा मुजीब उर रहमान ने 60 रन देकर एक विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। गुरबाज ने 4, जादरान ने 7 रन बनाए। गुलाबद्दीन ने 16 गेंदों पर 22 तो रहमन शाह ने 45 रन बनाकर स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। मध्यक्रम में कप्तान शाहिदी ने 66 गेंदों पर 59 तो मोहम्मद नबी ने 32 गेंदों में 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर स्कोर 200 से पार करवाया। इसके बाद करीम जन्नत ने 22, जादरान ने 23, राशिद खान ने 16 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के पास ले जाने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। श्रीलंका की ओर से कुसन रंजिता ने 79 रन देकर चार विकेट लिए। इसके अलावा महीष ठीकशाना ने 62 रन देकर एक, दुनिथ ने 36 रन देकर 2, पथिराना ने 63रन देकर एक तो धनंजय डिसिल्वा ने 12 रन देकर दो विकेट लिए।

### शाह ने अमिताभ बच्चन को दिया क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने मंगलावार को बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट दिया। शाह ने ट्वीट किया कि हमारा स्वर्णिम टिकट किसी और को नहीं बल्कि ह्यसदी के महानायक' को देने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा- फिल्मी जगत के बिग बी का भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन है, जो हम सभी को प्रेरित करता रहता है। वह आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए हमारे साथ जुड़े हैं, जिससे हम और अधिक रोमांचित हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसका फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को होगा। भारतीय टीम विश्व कप 2023 सीजन में अपना पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को खेलेगी।

### चाइना ओपन 2023: प्रणॉय और सेन की हार से भारतीय एकल चुनौती समाप्त

**बीजिंग।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय और लक्ष्य सेन चाइना ओपन 2023 बैडमिंटन में मंगलवार को पुरुष एकल मुकाबले में हार कर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में छठे नंबर पर काबिज भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय को 66 मिनट तक चले मैच में मलेशियाई शटलर एन जी योंग से 12-21, 21-13, 18-21 से हार मिली। विश्व रैंकिंग के 22वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले गेम को जीत कर भारतीय शटलर पर दबाव कायम किया। हालांकि, दूसरे गेम में प्रणॉय ने वापसी की और मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

### विश्व कप के बाद वनडे से भी सन्यास लेंगे डिकॉक

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक एक दिवसीय विश्व कप के बाद सन्यास लेंगे। डिकॉक ने सन्यास की घोषणा विश्व कप के लिए टीम की घोषणा होने के तुरंत बाद की। डिकॉक के नाम 140 वनडे में 17 शतकों और 29 अर्धशतकों की मदद से 44.85 की औसत के साथ 5966 रन हैं। इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2021 में परिवार के साथ अधिक समय बिताने का हवाला देकर टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास ले लिया था।

### सिनर पर कड़ी जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में ज्वेरेव

**न्यूयॉर्क।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी ओपन 2023 के कड़े और रोमांचक शीर्ष 16 मुकाबले में इटली के यानिक सिनर को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। चार सेट के समापन के बाद दोनो खिलाड़ी 2-2 की बराबरी पर थे, जिसके बाद ज्वेरेव ने पांचवें सेट में बाजी मारकर सिनर को चार घंटे 41 मिनट में 6-4, 3-6, 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी।

### विजय कृष्ण, अनंत एवं रीतलाल का बयान कलमबंद

**पटना।** सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने आज मंगलवार को जेल में प्रतिबंधित सामान पाए जाने के मामले में पूर्व सांसद विजय कृष्ण, पूर्व विधायक अनंत सिंह तथा विधायक रीतलाल यादव का बयान कलमबंद किया। प्रभारी विशेष अवर न्यायाधीश सारिका बहालिया ने खुली अदालत में तीनों आरोपितों से उनके ऊपर लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछताछ की। तीनों आरोपितों ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों से इनकार किया और अपने आप को निर्दोष बताया। इसके बाद अदालत ने आरोपितों को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए 19 सितंबर 2023 की अगली तिथि निश्चित की है।

### चोरी और लूट के मोबाइल फोन बरामद

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर पुलिस ने मिशन अरुणोदय के तहत अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर पिछले आठ महीने में करीब एक करोड़ 88 लाख रुपये मूल्य के चोरी और लूट के कुल 721 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चोरी और लूट के मोबाइल फोन बरामदगी के लिए समस्तीपुर में पिछले जनवरी से मिशन अरुणोदय की शुरूआत की गई थी। इसके तहत जिले भर मे अलग-अलग मोबाइल फोन रिकवरी टीम बनाई गई।

### ट्रक और पिकअप की टक्कर में चालक की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंबिका बीघा के समीप एक पिकअप वाहन और सड़क किनारे खड़े एक ट्रॉली ट्रक के बीच हुई टक्कर में चालक की मौत हो गई तथा उप चालक घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार देर रात खीरा लदा पिकअप वाहन झारखंड के हजारीबाग से बेगूसराय की ओर जा रहा था तभी अंबिका बिगहा के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में जोड़दार टक्कर मार दी।

### बाढ़ के पानी में डूबने से किशोरी की मौत

**सहरसा।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के गोसपुर-कोरलाहा सड़क के छह पुलिया बहियार के आरसीसी पुल में नहाने के दौरान एक किशोरी डूब गई। गोताखोरों ने उसे निकला तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। मृत किशोरी गोसपुर गांव वार्ड दो निवासी चुनचुन यादव की 10 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी है। वह अन्य बच्चों के साथ मवेशी के लिए घास लाने गई थी।वह बच्चे के साथ छहपुलिया बहियार के आरसीसी पुल के किनारे बह रही बाढ़ के पानी में नहाने लगी। इस दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। बच्चों ने दौड़कर इस घटना की जानकारी गांववालों को व उनके परिजन को दी। घटना की सूचना के बाद गोताखोर के प्रयास से उसे बाहर निकाला गया। थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### आकाशीय बिजली से दो किशोरों की मौत

**पटना।** सासाराम जिले के दरिगांव सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोरों की मौत हो गई। दोनों मृतक सूरज कुमार तथा चंदन कुमार चचेरे भाई हैं। दोनों लड़के बारिश के दौरान हुए आकाशीय बिजली में झुलस गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को सासाराम के अस्पताल लाया, जहां इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में उनकी मौत हो गई। दोनों की उम्र 13 से 14 साल के बीच है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि आकाशीय बिजली के दौरान आघात लगने से दोनों की मौत हुई है।

# पटना विवि के लिए 163 करोड़ सहित 32 एजेंडों पर लगी मुहर

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पटना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विज्ञान ब्लॉक, नये बालिका छात्रावास (02 ब्लॉक) एवं स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण के लिए 1,63,60,29,000 (एक अरब तिरसठ करोड़ साठ लाख उनतीस हजार रुपये) की योजना सहित कुल 32 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि एससी-एसटी कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित सभी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आवासन की अवधि में भोजन (जलपान सहित) की व्यवस्था, पोशाक की आपूर्ति, सहित सामुदायिक संगठन के माध्यम से किये जाने एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मुंगेर जिला चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण के लिए 14.7681 एकड़ रैयती भूमि के लिए 1,51,13,09,700 (एक अरब इक्यावन करोड़ तेरह लाख नौ हजार सात सौ) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के तहत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा (सारण) में 500 बेड के अस्पताल के लिए मेडिकल उपकरण आदि की आपूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल तिहत्तर करोड़ दो लाख चौवालिस हजार की लागत पर स्कीम (योजना) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य के गोपालगंज जिला में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लि. पटना से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त मॉडल प्राक्कलन के आधार पर दो अरब निन्यानवे करोड़ अठहत्तर लाख की लागत पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के अन्तर्गत चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत




डीपीआर के अधीन दलहन फसलों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में दलहन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत कुल एक सौ आठ करोड़ उनसठ लाख पैंतीस हजार तीन सौ चौहत्तर रुपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के ही तहत चतुर्थ कृषि रोड मैप (डीपीआर) अन्तर्गत केंद्र प्रायोजित योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन की उपयोजना राष्ट्रीय बागवानी मिशन (60:40) के कार्यक्रमों के वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यान्वयन के लिए कुल छियालीस करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रुपये, जिसमें केन्द्रांश 24 लाख रुपये एवं राज्यांश 16 लाख रुपये तथा राज्य योजना मद से अतिरिक्त टॉप-अप छह करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के ही तहत चतुर्थ कृषि रोड मैप (डीपीआर) के तहत कृषकों के खेत तक सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए प्रति बूंद अधिक फसल (60:40) अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई तथा अन्य अंतःक्षेप अवयव (80:20) का वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक सौ पच्चीस करोड़ एकसठ लाख एकहत्तर हजार रुपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति, जिसमें केन्द्रांश छप्पन करोड़ बाइस लाख बारह हजार छह सौ रुपये, समानुपातिक राज्यांश सैंतीस करोड़ अड़तालीस लाख आठ हजार चार सौ रुपये तथा राज्य योजना से अतिरिक्त सहायता (टॉप-अप) इकत्तीस करोड़ इक्यानवे लाख पचास हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के अन्तर्गत बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-1 2014 की नियमावली में संशोधन करने के लिए बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-1, भर्त्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त (संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के ही तहत कृषि रोड मैप (चतुर्थ) के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना का चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यान्वयन एवं केंद्रांश मद में 3866.23 लाख (अड़तीस करोड़ छियासठ लाख तेईस हजार) रुपये एवं राज्यांश 2577.48 लाख (पच्चीस करोड़ सतहत्तर लाख अड़तालीस हजार) रुपये कुल 6443.71 लाख (चौसठ करोड़ तैंतालीस लाख इकहत्तर हजार) रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना के तहत मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना के लिए सत्तावन करोड़ इकतालीस लाख बारह हजार स्वीकृति दी गई।

# एशियन जूनियर शतरंज में हिस्सा लेने को मुकेश कुमार जमशेदपुर रवाना

**किशनगंज।** गुरुवार से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांपलेक्स जमशेदपुर (झारखंड) में टाटा स्टील जूनियर चेस चैंपियनशिप-2023 आरंभ होगा। जिसका समापन 16 सितंबर को होगा। इस गौरवशाली प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अपने जिले के खिलाड़ी मुकेश कुमार मंगलवार को रवाना हो गये। खिलाड़ी को संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राजकरण दफ्तरी एवं नव मनोनीत उपाध्यक्ष निशान सिंह ने उन्हें रवाना किया। इस मौके पर निशांत सिंह ने कहा की जिला शतरंज संघ अपने जिले के खिलाड़ियों को तराशकर उन्हें आगे बढ़ाने में पिछले 27 वर्षों से लगातार बेहतरीन कार्य कर रहा है। अतः समाज के सभी खेल प्रेमी सक्षम लोगों को स्वतः आगे बढ़कर इस अभियान में अपना योगदान सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए ताकि एक स्वस्थ एवं सुंदर समाज का निर्माण संभव हो सके। मौके पर मौजूद संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा खिलाड़ी के कोच कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि इस एशियन जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में बांग्लादेश, श्रीलंका, कजाखस्तान,



इंडोनेशिया सहित अन्य एशियाई राष्ट्रों से कुल 61 रेटेड खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का रेटिंग 2486 है जबकि हमारे मुकेश कुमार 1584 रेटिंग के साथ इस समय 53 वें में पायदान पर हैं। इस उच्च कोटि की शतरंज प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु संघ के नव मनोनीत संरक्षक भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, उपाध्यक्षगण यथा राकेश जैन, आशिया खातून, मनोज मजूमदार, नवीन कुमार सिंह, बासुकीनाथ गुप्ता, विशाल जैन, एजाज सोहेल, सुरोजीत दास, पूर्ण कुमार सिंह के साथ-साथ दर्जनों पुराने पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ी को अपनी-अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

### सड़क किनारे संदिग्ध हालत में मिला शव

**बेगूसराय।** बेगूसराय में मंगलवार को सड़क किनारे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान बरौनी थाना क्षेत्र के बथौली निवासी शिवनंदन तांती के पुत्र राजकुमार तांती के रूप में की गई है। शव का पोस्टमार्टम करने आए परिजनों ने बताया कि राजकुमार तांती रोज की तरह बीते रात घर पर खाना खाकर डेरा पर सोने के लिए गया था। सुबह में लोगों ने जानकारी दी कि रेलवे लाइन और गांव के बीच सड़क के बगल में राजकुमार का शव पड़ा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि टेंपो चालक राजकुमार तांती जब डेरा की ओर जा रहा था तो इसी दौरान किसी वाहन के ठोकर लगने से उसकी मौत हुई है। हत्या कर शव को सड़क किनारे रखने से भी इंकार नहीं किया जा रहा है।

# पचास लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सांगोपट्टी स्थित अविनाश सिंह नामक मुर्गा कारोबारी कारोबारी को 50 लीटर राघव शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर सकरा थाना पुलिस की टीम ने मुर्गा फार्म को चारों तरफ से घेर कर छापेमारी की तो इस दौरान कारोबारी अविनाश सिंह अपने कारोबार में लगे थे जिसे पुलिस ने धर दबोचा और जांच पड़ताल में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लग गई। करीब 50 लीटर अवैध विदेशी शराब जप्त किया गया ।पुलिस उसके बाद विधिवत रूप से कार्रवाई करते हुए कारोबारी को गिरफ्तार कर जप्त अवैध शराब के साथ ले गयी। गिरफ्तार कारोबारी पूर्व में भी अवैध शराब के कारोबार में जेल जा चुका है। पुलिस सूत्रों की माने तो सावन खत्म होते ही मुर्गा बेचने की आर में अवैध शराब बेचने का खेल चल रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने कार्यवाई की और अवैध शराब के साथ कारोबारी अविनाश सिंह को धर दबोचा। फिलहाल पकड़े गए शराब कारोबारी से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। क्योंकि पूर्व में भी अवैध शराब के कारोबार में अविनाश सिंह जेल जा चुका है। प्रभारी एसएसपी सह सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने कहां की सकरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के साथ शराब कारोबारी अविनाश सिंह को पुलिस की टीम गुप्त सूचना के आधार पर मुर्गी फार्म से करीब 50 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया अग्रिम कार्रवाई पुलिस की टीम कर रही है।

स्पीड न्यूज

## सभी इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो

**चाईबासा।** प सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने बरसाती एवं वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए शहरी क्षेत्र में सफाई अभियान, फॉगिंग, ब्लीचिंग छिड़काव करवाने की मांग की है। बरसात के कारण संक्रमण फैलने की आशंका है। वर्तमान में सदर अस्पताल चाईबासा में बरसाती बीमारियों के मरीजों की संख्या काफी बढ़ा है। मच्छर काटने से डेंगू, मलेरिया, फलेरिया व वेक्टर जनित बीमारियां फैल रही है। भविष्य में इसका प्रकोप बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए समय रहते बरसाती बीमारियां एवं वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जनहित में सघन सफाई अभियान, फॉगिंग, ब्लीचिंग छिड़काव करवाने की योजना बनाए जाने की नितांत आवश्यकता है।

## दुमका में अधिवक्ता लिपिक संघ का प्रदर्शन

**दुमका।** अधिवक्ता लिपिक संघ जिला इकाई ने मंगलवार को बंदोबस्त कार्यालय के कार्यशैली के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यालय के समक्ष किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व संघ जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार दास ने किया। इस अवसर पर श्री दास ने कहा कि जिला प्रशासन से 2021-22 के दिसम्बर तक लंबित प्रमाणित कॉपी निर्धारित अवधि 15 दिनों में दिया जाये। किसी भी वाद का आदेश के तारीख के दिन से 15 दिन के अंदर आदेश का कॉपी देने, कैम्प कोर्ट को बंद कर मुख्यालय लाने, आउटसोर्सिंग कर्मचारी द्वारा नकल निकालने पर रोक लगाने, केस रिर्कोड संबंधित कैम्प कोर्ट के पेशकार के घर में रखा रिकॉर्ड मुख्यालय में जमा करने का मांग किया। पेशकार व उनके दलालों द्वारा रैयतों को पेशकार का घर बुलाकर लाखों का लेन-देन कर केस को निष्पादन का आरोप लगाते हुए पेशकार द्वारा भू-माफिया एवं उनके नीजि दलालों द्वारा प्रमाणित कॉपी 5 से 7 दिन में देना बंद करने, आउटसोर्सिंग व पेशकार के दलालों द्वारा अपने मनमाने ढंग से केश रिकोर्ड को इधर-उधर कर रैयतों ठगी को बंद करने एवं नकल आवेदन पहले की तरह पूरे सप्ताह देने का मांग किया। संघ ने प्रधान पेशकार मो आदिल पर एसीबी केस होने और जेल जाने के बाद फिर भी उसे प्रधान पेशकार बनाने पर आपत्ति जताते हुए अविलंब पद से हटाने एवं प्रधान पेशकार व कैम्प कोर्ट का पेशकार के सम्पति का जांच करने का मांग किया है।

## बंद घर दिन-दहाड़े लाखों की चोरी, पुलिस जांच शुरू

**दुमका।** जिला में हमेशा से बंद घर चोरों के निशाने पर रह है। ताजा मामला मुफस्सिल थाना के हवाई अड्डा रोड लखिकुंडी का है। जहां चोरों ने दिन के उजाले में एक बंद घर को निशाना बनाया और लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी लेकर आराम से चलते बना। घर शहर के प्रसिद्ध मंदिर धर्म स्थान मंदिर के तीर्थ पुरोहित नेपाल झा का है। जानकारी के अनुसार नेपाल झा परिवार के तमाम सदस्य दोपहर में अपने पुराने घर चले गए थे। लौट कर आने पर चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने दोपहर में ही घटना को अंजाम दिया।

## नोटिस

न्यायालय सिविल जज सिनियर डिविजन, गुमला।
ओरिजनल सूट नंबर- 47/17
प्रदुमन पाठक - वादी बनाम चिंता देवी- प्रतिवादी
नोटिस बनाम प्रतिवादी संख्या -2
राजेश्वर पाठक पिता स्व. गोवर्धन पाठक ग्राम सेहल थाना घाघरा जिला गुमला। वजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरूद्ध न्यायालय में टाटईल वाद दायर किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है तथा आप की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया परंतु आपलोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। अतः आपको इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा अगाह किया जाता है कि दिनांक 15.9.2023 को समय पूर्वाह्न 11 बजे या उससे पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी।

# जेएनएसी का ताला तोड़ सूर्य मंदिर समिति ने लगाया अपना ताला, सरयू राय ने डीसी से की कार्रवाई की मांग

### सूर्य मंदिर परिसर में विवाद गहराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर परिसर में विधायक सरयू राय द्वारा बनवाये गए स्वीमिंग पुल के गेट का ताला तोड़ कर नया ताला किसी ने लगा दिया है। इसके बाद बच्चों के झुंड को जबरन स्वीमिंग पुल में प्रवेश कराया गया है। स्वीमिंग पुल के पास बने चेंजिंग रुम में भी तोड़-फोड़ की गई है। विधायक सरयू राय ने इस मामले की लिखित शिकायत डीसी मंजूनाथ भजन्त्री से की है। विधायक का आरोप है कि यह करतूत कथित सूर्य मंदिर समिति के लोगों की है। इसलिए मामले की जांच कर दोषी पाये गए लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। दूसरी ओर, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने खबर मन्त्र द्वारा संपर्क किए जाने पर कहा कि इस मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं है,न ही ऐसे किसी मामले में हमारे लोग शामिल हैं। विधायक सरयू राय अपना आपा खो चुके हैं,और सूर्य मंदिर समिति के बारे में अनाप-शनाप बोल रहे हैं। दूसरी ओर, डीसी को भेजे गए शिकायत पत्र में विधायक ने लिखा है, आप अवगत हैं कि मेरे विधायक निधि से नवनिर्मित स्वीमिंग पुल के परिसर में जेएनएसी का ताला लगा था। सूर्य मंदिर से जुड़े लोगों ने आज ताला



तोड़कर अपना ताला वहाँ लगा दिया। वहाँ पर पुल में अवैध रूप से बच्चों के झुंड को घुसा दिया। विधायक ने पत्र में आगे लिखा है, मालूम है कि गत 30 अगस्त को इस स्वीमिंग पुल का लोकार्पण हुआ। मेरे विधायक नीति से बने इस तरण ताल का औपचारिक प्रभार जेएनएसी ने ले लिया। जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी ने घोषणा किया कि 5 सितंबर 2023 (शिक्षक दिवस) से स्वीमिंग पुल का उपयोग करने के इच्छुक बच्चों का रजिस्ट्रेशन आरम्भ होगा और 15 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 17 सितंबर 2023 से दक्ष ट्रेनर की देखरेख में स्वीमिंग पुल का उपयोग बच्चे करने लगेंगे। इसके लिये पुल के संचालन की नियमावली तैयार कर ली गई है। परंतु आज परिसर का ताला तोड़कर सूर्य मंदिर से जुड़े लोगों ने स्वीमिंग पुल में उतरने वाले बच्चों के स्नान के लिए बने झरनों तथा चेंजिंग रूम में लगे आलमारी में तोड़ फोड़ किया, इसे तहस नहस कर दिया। सरयू राय लिखते हैं कि विधायक निधि से मैंने बच्चों का तरण ताल बनवा दिया और 30 अगस्त को इसका लोकार्पण कर इसे जेएनएसी को सौंप दिया।

## बीआइटी सिंदरी के विद्यार्थियों ने जानी शिक्षकों की महत्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएशन ऑफ सिविल इंजिनियर्स के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बीआईटी सिंदरी डॉ पंकज राय और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ घनश्याम ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। उसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर, वरिष्ठ शिक्षक डॉ विक्रम पांडे, डॉ उदय कुमार सिंह, डॉ माया नारायण रे, डॉ ब्रह्मदेव यादव और प्रो निपेण कुमार दास ने अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि हमारी जिंदगी में शिक्षकों के महत्व को उजागर किया गया। सभी शिक्षकों से छात्रों को अपने और अपने राष्ट्र की उन्नति के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है।

छात्रों ने सम्मानित शिक्षकों के लिए गायन और भाषण प्रस्तुत किया। इस मौके पर संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय, प्लेसमेंट अधिकारी डॉ घनश्याम, विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। छात्रों ने पुष्प भेंट कर सभी शिक्षको का स्वागत किया। कार्यक्रम को प्रो प्रशांत मालवीय ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए समाप्त किया।

## रंगदारी-फायरिंग में प्रिंस खान के पांच गुर्गे धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** घराना ज्वेलर्स और सलूजा मोटर्स के साथ बीते दिनों हुई रंगदारी की मांग एवं फायरिंग को लेकर प्रिंस खान के पांच गुर्गे को पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। कुमार ने कहा कि जिले में अपराध करने वाले अपराधी को किसी भी हालत में बक्सा नहीं जाएगा।और इसके लिए पुलिस की एक टीम लगातार काम कर रही है और अपराध करने वाले अपराधियों पर नजर रखी हुई है। उक्त दोनों घटना का उदभेदन करते हुए पुलिस ने मो आजाद आलम वासेपुर, विकास कुमार महतो



मटकुरिया,जुगनू अंसारी मटकुरिया, गोलू कुमार रवानी न्यू मटकुरिया,शिवम कुमार प्रसाद आई एस एम न्यू कॉलोनी धैया से गिरफ्तार किया गया।

सभी अभियुक्तों के ऊपर धनबाद के कई थानों में आपराधिक के कई मामले दर्ज है। कुमार ने कहा कि सभी अभियुक्तों के पास से हथियार सहित गिरफ्तार किया गया है। और इस आपराधिक का मास्टर माइंड आजाद आलम है। जो मई माह में जेल से बाहर आया था। उसे हथियार शिवा कुमार के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। मटकुरिया रोड में गोली आजाद आलम ने चलाया था। जबकि घराना ज्वेलर्स में विकास कुमार महतो के द्वारा गोली चलाने की बात सामने आई है।अपराधियों के साथ देशी पिस्टल,जिंदा गोली,मोबाइल फोन,एवं एक पल्सर मोटर साइकिल भी बरामद किया गया है।

## मधुसूदन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया में पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के नागराजू एवं उप प्राचार्या आरती कोड़वार द्वारा डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक दिनेश चक्रवर्ती और सीसीए संयोजक केएल नारायण तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य के नागराजू ने विद्यार्थियों के समक्ष डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुपालन करने को कहा। इस अवसर पर पाठ्य-सहगामी क्रिया के अंतर्गत विद्यालय के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा टीचिंग एबिलिटी टेस्ट कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों की अध्यापन कार्य की काफी सराहना की गई। विद्यालय के उप प्राचार्या आरती कोड़वार ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। साथ ही इनके द्वारा प्रेरणादायक नाटक एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## केक काट ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने मनाया शिक्षक दिवस समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस मंगलवार को मनाया गया। ताइक्वांडो खिलाड़ियों के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमे ताइक्वांडो शिक्षक शिखा आनंद,चंदन सोनकर, रेफरी ट्विंकल कुमारी, बिनीत कुमारी उपस्थित थी।

## शिक्षक-शिक्षिकाओ को सम्मानित किया

**गोड्डा।** आज रैना प्ले एंड पब्लिक स्कूल गोड्डा में शिक्षक दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रूबी आजाद ने शिक्षकों के साथ कैक काटकर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को काफी धूमधाम से मनाया। मौके पर प्राचार्या रूबी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को उपहार देकर दिवस को और भी यादगार बनाया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा पेश कर अवसर को और भी रंगीन बना दिया। छात्र-छात्राओ द्वारा डॉक्टर राधाकृष्ण के जीवन पर भाषण दिया गया जिसमें मुख्य रूप से शिवम, खुशी,रयान,आदित्य ,माही, नतीफा आदर्श ,आनंद ,सुफियान, शिवम राज ,निषाद ,पूर्वी ,गुमान, राजा, लक्ष्य, औशाफ, फरहान, इत्यादि थे। फैंसी ड्रेस में परी कुमारी नतीफा,आदित्य ,खुशी ,फातिमा, मोहम्मद आरिफ ,अंश ,राजा, लक्ष्य ,साहिल , अर्णव ,फरहान, अंक, पूर्वी ,औशाफ ,गुमान इत्यादि ने भाग लिया। प्रिंसिपल रूबी मैं ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए गए रास्ते पर चलकर ही हम सभी कामयाब हो सकते हैं और अपने भारतवर्ष को विश्व का सर्वोत्तम देश बना सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने में अफसाना मिस ,पिंकी मिस, संजना मिस, मिल्टन सर ,तबस्सुम मिस , अर्श सर इत्यादि एवं आरती देवी राजा इत्यादि कर्मियों के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

## शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड में शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया, मध्य विद्यालय भगैया,मध्य विद्यालय ठाकुर गंगटी, मध्य विद्यालय माल मंडरो आदि विद्यालयों में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों, छात्रों, पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्यों, बुद्धिजीवियों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, मुखिया मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी रफीक आलम, सहायक विनोद शाह, झामुमो नेता शंकर पोद्दार,राजद नेता त्रिभुवन यादव,शिक्षक संघ सचिव कौशल किशोर ठाकुर ,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश रमन ठाकुर, शिक्षक रमाकांत झा, त्रिवेणी पोद्दार, देव कुमार मिश्र, कंचनमालानंद झा, मंजुला देवी, आजाद ठाकुर, पुरुषोत्तम झा, सौरभ



भारती आदि ने संबोधित किया और धन्यवाद दिया। मध्य विद्यालय भगैया में मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष इग्नाशियस मुर्मू, मुखिया आशा देवी, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह, शिक्षक दिलीप मिश्रा, शिक्षिका सलिता देवी, हरि नारायण पंडित, सीआर पी कलानंद झा,मुन्ना सिंह सहित संकुल स्तर के विभिन्न शिक्षकों ने उपस्थित शिक्षकों,छात्रों, अभिभावकों,गणमान्यों, शिक्षाविदो,बुजुर्गों, सामाजिक कार्यकताओं आदि को संबोधित किया। कार्यक्रम में संकुल स्तर के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# विषहरी माता मंदिर में विशेष पूजा करने पहुंचे 3000 से अधिक भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित बोरमा गांव के विषहरी माता मंदिर में वार्षिक साप्ताहिक विशेष पूजा के क्रम में करीब 3000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मन्नतें मांगी। प्रतिदिन 50 से 100 के बीच मन्नते पूर्ण होने वाले श्रद्धालुओं ने कथनानुसार वस्त्र, आभूषण, फल, मिष्ठान, धूप, धूमना आदि पूजन सामग्री के साथ-साथ सजावट का सामग्री, मंदिर के रखरखाव संबंधी सामग्री,मंदिर को आकर्षक बनाने संबंधी सामग्री,मंदिर को और अधिक अच्छे सजावटी ढंग से सौंदर्य निर्माण करने संबंधी सामग्री आदि



अर्पित किया। कई श्रद्धालुओं ने दान पेटी के अलावे भी नगदी राशि चढ़ावा चढ़ाया।इस मंदिर में वार्षिक साप्ताहिक विशेष पूजा के एक-दो दिन पूर्व से ही दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं और मन्नतें पूर्ण होने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ मन्नतें मांगने वाले श्रद्धालुओं का आगमन आना शुरू हो जाता है। प्रत्येक घरों में सगे संबंधियों मेहमानों का आगमन होता है। सबों के सगे, संबंधी, दोस्त,रिश्तेदार निश्चित रूप से प्रतिवर्ष इस वार्षिक विशेष पूजा में भाग लेते रहे हैं। हालांकि प्रत्येक वर्ष नाग पंचमी के अवसर पर ही साप्ताहिक पूजा होती है। नाग पंचमी के दूसरे दिन विशेष वार्षिक साप्ताहिक पूजा की पूणार्हुति होती थी।लेकिन इस बार कुछ कारणवश सावन पूर्णिमा के एक दिन पूर्व से संध्या पूजा के साथ विधिवत वार्षिक विशेष साप्ताहिक पूजा प्रारंभ की गई थी जो एक सप्ताह तक चला।

मंदिर के बुजुर्ग सहयोगी नारद पोद्दार और पूजा समिति के सदस्य पप्पू उर्फ आलोक कुमार पोद्दार, नारायण पोद्दार, चंद्रकांत पोद्दार आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य पुजारी विभीषण पोद्दार, निलेश कुमार, पवन कुमार को देवी का भव आने पर पान काटने के नियम से प्रथम दिन पूजा प्रारंभ होती है।फिर बारी बारी से दो दर्जन से अधिक देवी,देवताओं का आगमन और प्रस्थान होते रहता है।मां काली, भद्रकाली माता, बजरंगबली, गांगो, गहेली, छच्छन पहलवान आदि देवी देवता का आगमन होता है।विभिन्न देवी, देवताओं के आगमन पर उसके कथनानुसार उन्हें धूप, धूमना, अक्षत, बेलपत्र, मिष्ठान, वस्त्र, दूध, चंदन, डलिया,बेंत आदि चढ़ावा चढ़ाया जाता है।

बजरंगबली के आगमन पर सिंदूर लपेटा जाता है। विषहरी माता के आगमन पर दूध पिलाई जाती है।विषहरी माता के आगमन पर मंदिर परिसर में दूध पीते हुए देखने के लिए भारी भीड़ लग जाती है।मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाने वालों की और अधिक भीड़ लगती है।

## एक नजर में

### एसकेएमयू में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**दुमका।** शिक्षक दिवस पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में देश के महान शिक्षाविद, दार्शनिक, विचारक और भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राएं शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किये। छात्रों ने भाषण, नृत्यांगना और काव्यपाठ आदि प्रतुत कर शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्यार व्यक्त करते नजर आये। सभी विभागों में कार्यक्रम का शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर माल्यार्पण कर हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी एवं आदर्श, आज के पारिद्रिश्य में शिक्षक दिवस की महता, गुरु-शिष्य परंपरा आदि विषयों पर अपना विचार रखें।

## पेज 1 का शेष

### चिंता न करें, योजनाओं से...

**शिक्षा पर विशेष फोकस :** सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। शिक्षा व्यवस्था में लगातार सुधार लाने का प्रयास जारी है। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के छात्र-छात्राएं आज उत्कृष्ट विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बच्चियों के लिये सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरंग गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है। यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है। **लाभुकों को दी सौगात :** इस मौके पर सीएम ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 592 लाभुकों के बीच 4,80,58,992 रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया। 107 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 58 लाख रुपये और 424 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत एक करोड़ 42 लाख रुपए की राशि सौंपी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अंबेडकर आवास योजना समेत कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को प्रदान किया। मौके पर आयुक्त लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### 26000 सहायक आचार्यों की नियुक्ति...

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गयी थी। बाद में संविदाकर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया गया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी आरक्षण मिलना चाहिए था।

### खुशखबरी : रिम्स में असाध्य और दुर्लभ...

जल्द ही असाध्य एवं दुर्लभ रोगों की झारखंड में जांच शुरू होगी। आईसीएमआर ने रिम्स के जेनेटिक्स एवं जीनोमिक्स विभाग द्वारा प्रस्तावित दो बाह्य अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान देने की स्वीकृति दी है। दोनों ही अनुसंधान सिकल सेल एनीमिया के क्षेत्र में होगा। यह रिम्स एवं पूरे झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। **परियोजना में ये हैं शामिल :** दोनों परियोजनाओं के मुख्य अन्वेषक डॉ अनपा प्रसाद एवं अरुण विसेंट किस्कू हैं। इन परियोजनाओं में डॉ पीके चौधरी, डॉ रिषी गुड़िया, डॉ गणेश चौहान, डॉ अमित कुमार एवं डॉ सुनील शाक्य शामिल हैं। यह रिम्स एवं पूरे झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इन दो परियोजनाओं के साथ ही एमबीबीएस-2020 की छात्रा आकांक्षा सिंह के अनुसंधान प्रस्ताव को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अल्पावधि छात्रवृति मिली है। इस अनुसंधान प्रस्तावक की मार्गदर्शक डॉ अनपा प्रसाद हैं। इस परियोजना का कार्य भी जेनेटक एवं जीनोमिक्स विभाग में होगा।

### झारखंड के दो शिक्षकों को...

कोरोना काल में शिक्षक मनोरंजन पाठक ने सैनिक स्कूल के छात्रों को ऑनलाईन शिक्षा और अनुशासन को लेकर काफी मोटिवेट किया था। इसी का परिणाम था कि उसके दूसरे साल सैनिक स्कूल के छात्रों ने एनडीए में बेहतर प्रदर्शन किया। उनके इसी कार्य को लेकर उन्हें सर्वोच्च शिक्षक सम्मान राष्ट्रपति पदक के लिए चयन किया गया था। मनोरंजन पाठक हमेशा छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहे हैं। वे छात्रों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाते हैं। उन्होंने हमेशा छात्रों का बेहतर मार्गदर्शन किया, जिसकी बदौलत आज सैनिक स्कूल के कई छात्र एनडीए में बड़े पोस्ट पर काबिज हैं। इस सम्मान के साथ ही सैनिक स्कूल के इतिहास में एक नया आयाम जुड़ गया। आज पूरा सैनिक स्कूल परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### जी-20: मेहमानों ने मिट्टी के चूल्हे...

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेहमानों से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ देसी व्यंजनों का आनंद लिया। जी-20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत व विभिन्न देशों से आये शेरपा व अन्य प्रतिनिधियों ने हरियाणा के परंपरागत व्यंजनों का जायका लिया। भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेटस घोषित करने के बड़े संकल्प को साकार करने में इस खातिरदारी ने नई दिशा देने का काम भी किया है। जब दुनिया मोटे अनाज (श्रीअन्न) का स्वाद चखेगी तो इसकी अहमियत भी समझेगी। यहां पहुंचे मेहमानों के डिनर के लिए की गयी सजावट व स्वाद लाजवाब था। विदेशी डेलीगेट की थाली में विभिन्न प्रदेशों के शाकाहारी भोजन परोसे गये। इसके साथ-साथ उनकी रुचि व खान-पान के अनुसार कॉन्टिनेंटल पकवान भी तैयार किये गये थे।

### राष्ट्रपति को प्रेसिडेंट ऑफ भारत...

जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से 9 सितंबर को भारत मंडपम में डिनर आयोजित किया गया है। सारा विवाद इसी रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। आमतौर पर भारत के राष्ट्रपति को अंग्रेजी में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया लिखने का रिवाज रहा है। **कांग्रेस को भारत से चिढ़ : बिस्वा-** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने राष्ट्रपति भवन के निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने का समर्थन किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को जवाब देते कहा, मेरी आशंका सही निकली। कांग्रेस को भारत से सख्त चिढ़ है। ऐसा लगता है कि इंडिया एलायंस का नाम जानबूझकर भारत को हराने के मकसद से रखा गया था। इससे पहले हिमंता ने एक और पोस्ट में लिखा, रिपब्लिक ऑफ भारत - मुझे खुशी और गर्व है कि हम पूरी ताकत से अमृत काल की तरफ बढ़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा, कांग्रेस को देश के सम्मान एवं गौरव से जुड़े हर विषय से इतनी आपत्ति क्यों है। कांग्रेस की देश विरोधी एवं संविधान विरोधी मंशा को पूरा देश भली-भांति जानता है। **18 से 22 तक है संसद का विशेष सत्र :** यह विवाद ऐसे वक्त में उभरा है, जब अचानक 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान किये जाने को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगार्यी जा रही हैं। ऐसे में राष्ट्रपति को प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने के बाद अब ये चर्चा तेज होना स्वाभाविक है कि सरकार संविधान से इंडिया शब्द को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रही है। सूत्रों की मानें तो संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम भारत करने पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, इंडिया शब्द पर विवाद उसी दिन से शुरू हो गया था, जिस दिन विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा। विपक्ष को आशंका है कि यूसीसी और 'एक-राष्ट्र, एक चुनाव' के बाद एक अब अनुच्छेद 368 के तहत एक संवैधानिक संशोधन कर कहीं देश के नाम को 'इंडिया' से आधिकारिक तौर पर 'भारत' कर दिया जा सकता है।

स्पीड न्यूज

### विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को डेढ़ सौ घरेलू उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली।** देश की धरती पर उतरने वाले विदेशी अतिविशिष्ट मेहमानों की सुरक्षा और स्वागत में कहीं कोई कमी न आ जाए इसलिए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इस बाबत डायल निजी विमानन कंपनी को नोटिस जारी कर चुका है। इससे छह फीसदी घरेलू विमानों की आवाजाही पर असर पड़ेगा। इस बाबत विशेषकर दिल्ली से मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलुरु और चेन्नई की तरफ उड़ान भरने वाले यात्रियों को आठ से 10 सितंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

### सुकमा में मुठभेड़, दो इनामी नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले के ताड़मेटला इलाके में मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड में दो इनामी नक्सली मारे गए। घटनास्थल से एक 12 बोर डबल बैरल बंदूक, एवं एक पिस्टल बरामद हुआ है। मुठभेड़ की पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने की है। छह बजे ताड़मेटला- दूलेड के जंगलों के बीच घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला किया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की, दो नक्सली मारे गए।

### लेखक तुहिन सिन्हा बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को लेखक और स्तंभकार तुहिन सिन्हा को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। सिन्हा अभी तक मीडिया पैनलिस्ट के रूप में काम कर रहे थे।

### इडी ने सांसद नुसरत को पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के पूर्वी हिस्से के न्यूटाउटन इलाके में फ्लैट दिलाने का वादा कर बुजुर्गों को कथित रूप से ठगने से संबंधित एक मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए बुलाया है। नुसरत को 12 सितंबर को पेश होने को कहा गया है।

### रेलवे बोर्ड ने चालकों और गार्ड की बीमारियों का विवरण मांगा

**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन को रेल चालकों और गार्ड की जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, ड्यूटी के दौरान उनके द्वारा ली जाने वाली दवाओं और सुरक्षित ट्रेन संचालन पर इनके प्रभाव का विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# आदित्य एल-1 ने पृथ्वी की दूसरी कक्षा में लगायी छलांग

## इसरो ने सूर्य की ओर बढ़ाया एक और कदम

**तीसरी प्रक्रिया 10 सितंबर को रात में करीब ढाई बजे होगी**

एजेंसी

**बेंगलुरु।** देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित दूसरी प्रक्रिया मंगलवार तड़के सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो के मुताबिक, कक्षा संबंधी दूसरी प्रक्रिया को बेंगलुरु स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) से अंजाम दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि पृथ्वी की कक्षा से संबंधित दूसरी प्रक्रिया (ईबीएन#2) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक निष्पादित की गई। मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में आईएसटीआरएसी/इसरो के केंद्रों ने इस अभियान के दौरान उपग्रह की निगरानी की। प्राप्त की गई नयी कक्षा 282 किलोमीटर गुणा 40225 किलोमीटर है। इसरो ने बताया कि आदित्य एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित तीसरी प्रक्रिया 10 सितंबर, 2023 को भारतीय समयानुसार देर रात लगभग ढाई बजे निर्धारित है। आदित्य एल1 पहली भारतीय अंतरिक्ष आधारित वेधशाला है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु (एल-1) में रहकर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगी। इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी57) ने दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के दूसरे लॉन्च पैड से आदित्य एल1 का सफल प्रक्षेपण किया था। इस उपग्रह की कक्षा संबंधी पहली प्रक्रिया को तीन सितंबर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया था। आदित्य एल1 को लैग्रेंज बिंदु एल-1 की तरफ स्थानांतरण कक्षा में प्रवेश करने से पहले कक्षा संबंधी दो और प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। इस उपग्रह के लगभग 127 दिनों के बाद एल-1 बिंदु पर इच्छित कक्षा में पहुंचने की संभावना है।




### 50 लाख रिश्वत मामले में गेल के कार्यकारी निदेशक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने 50 लाख रुपये के कथित रिश्वत मामले में गेल (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में कुछ ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए यह लेन-देन किया था। गेल के कार्यकारी निदेशक के.बी. सिंह के अलावा चार अन्य लोगों को भी मामले में गिरफ्तार किया है, जिसमें वडोदरा की कंपनी एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सुरेंद्र कुमार भी शामिल है।

## उदयनिधि स्टालिन का नफरत फैलाने वाला भाषण सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

# 14 पूर्व जजों समेत 262 प्रतिष्ठित लोगों ने सीजेआइ को लिखा पत्र

### सनातन धर्म विवाद : द्रमुक नेता के खिलाफ संज्ञान लेने का किया अनुरोध

- 130 पूर्व नौकरशाहों और सशस्त्र बलों के 118 पूर्व अधिकारियों ने लिखी चिट्ठी
- भारत की एक बड़ी आबादी के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के बराबर हैं ये टिप्पणियां



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व न्यायाधीश और नौकरशाहों समेत 260 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उनसे सनातन धर्म को नष्ट करने वाली द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया और इसे नफरत फैलाने वाला भाषण बताया। सीजेआई को पत्र लिखने वालों में दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि उदयनिधि स्टालिन ने न केवल नफरत फैलाने वाला भाषण दिया, बल्कि उन्होंने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से भी इनकार कर दिया। यह पत्र 14 सेवानिवृत्त न्यायाधीश और 130 पूर्व नौकरशाहों के साथ साथ सशस्त्र बलों के 118 पूर्व अधिकारियों समेत 262 लोगों ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि पत्र में हस्ताक्षर करने वाले लोग स्टालिन द्वारा की गयी टिप्पणियों से बहुत चिंतित हैं और ये टिप्पणियां निर्विवाद रूप से भारत की एक बड़ी आबादी के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के बराबर हैं तथा भारत के संविधान की मूल भावना पर प्रहार करती हैं जिसमें भारत की एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में परिकल्पना की गयी है। पत्र में कहा गया है कि देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की रक्षा करने के लिए इस पर कदम उठाने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है कि बेहद गंभीर मुद्दों पर कदम उठाने को लेकर प्रशासन की ओर से किसी तरह का विलंब अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगा। पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है और अदालत के आदेश की कथित अवमानना का काम किया और कानून के शासन को कमजोर कर दिया है या यूं कहें कि इसका मजाक बना दिया है।

इसमें कहा गया है कि हम उच्चतम न्यायालय से अवमानना पर स्वतः संज्ञान लेने, तमिलनाडु सरकार द्वारा कार्रवाई न किए जाने के लिए उसे जवाबदेह ठहराने और घृणा भाषण को रोकने, सार्वजनिक व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए निर्णायक कदम उठाने का अनुरोध करते हैं और हम आपसे तत्काल उचित कार्रवाई करने का अनुरोध करते हैं। पत्र में कहा गया है कि हम उम्मीद करते हैं कि हमारी याचिका पर विचार किया जाएगा और हम न्याय तथा कानून का शासन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय करने का अनुरोध करते हैं।


इस पत्र में उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला दिया गया है जिसमें उसने प्राधिकारियों से नफरत फैलाने वाले भाषण के मामलों में कोई शिकायत दर्ज किए जाने का इंतजार किए बगैर स्वतः कार्रवाई करने को कहा था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक एवं कलाकार संघ की शनिवार को चेन्नई में हुई एक बैठक को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू के बुखार से की थी।

### बिकरू कांड के 23 दोषियों को 10 साल की कैद

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले की एक विशेष अदालत ने तीन साल पहले चौबेपुर थाना क्षेत्र में हुए बिकरू कांड के 23 अभियुक्तों को मंगलवार को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनायी और उन पर 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अदालत ने सात आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने एक बयान में मंगलवार को बताया कि कानपुर देहात के माती में अपर जिला सत्र न्यायाधीश-पंचम (विशेष अदालत गैंगस्टर एक्ट) दुर्गेश की अदालत ने चौबेपुर थाना क्षेत्र में हुए बिकरू कांड में गैंगस्टर एक्ट के तहत 30 अभियुक्तों में से 23 को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनायी है जबकि सात आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने इन 23 अभियुक्तों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश की अदालत ने जिन 23 आरोपियों को सजा सुनाई, उनमें गिरोह का मारा गया सरगना विकास दुबे का सहयोगी श्यामू बाजपेयी और विकासू दुबे के कथित फाइनेंसर जयकांत बाजपेयी का नाम शामिल हैं।

## निमंत्रण पर उठे विवादों बीच बिग बी का ट्वीट

# भारत माता की जय



एजेंसी

**मुंबई।** प्रेसीडेंट ऑफ भारत के नाम से जी20 के रात्रिभोज के लिए निमंत्रण पत्र को लेकर उठे विवाद के बीच बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को कहा कि भारत माता की जय। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से प्रेषित जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया, जिसमें मुर्मू को ह्यप्रेसिडेंट ऑफ भारत के रूप में संदर्भित किया गया है। इस कदम से विपक्ष के उस आरोप को बल मिला है कि सरकार देश का नाम केवल भारत करने और इंडिया नाम हटाने की योजना बना रही है। बच्चन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत माता की जय। उन्होंने तिरंगे वाली एक इमोजी भी साझा की।

### सोशल मीडिया पर चला चुटीली टिप्पणियों का दौर

- कुछ लोगों ने सवाल किया कि क्या इसरो, आरबीआइ जैसे संस्थानों के नाम भी बदल दिये जायेंगे

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से प्रेषित जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र में उन्हें प्रेसिडेंट ऑफ भारत संदर्भित किए जाने के बाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर चलता रहा और लोग इस बात पर चुटीली टिप्पणियां करते रहे कि क्या देश का नाम केवल भारत कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सवाल किया कि क्या इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जैसे संस्थानों के नाम भी बदल दिये जाएंगे। अभिनेता मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम का गीत भारत कर रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं एक्स पर हैशटैग भारत (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) के साथ ट्रेंड करता रहा। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा कि सबसे कठिन काम इसरो का नाम बदलकर बिसरो करने के बारे में सोचना है। एक अन्य उपयोगकर्ता ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि बीसीसीआई का पूरा नाम अब भारत कंट्रोलिंग क्रिकेट इंटरनेशनली कर दिया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने एक्स पर लिखा कि मैं हमेशा से मानता रहा हूं कि ऐसा नाम होना चाहिए जिस पर हमें गर्व हो। हम भारतीय हैं, इंडिया नाम अंग्रेजों ने दिया और हमारा आधिकारिक नाम भारत किये जाने का लंबे समय से इंतजार था।

### किसने क्या कहा

**पवार बोले- देश का नाम बदलने का अधिकार किसी को भी नहीं**

**जलगांव।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि किसी को भी देश का नाम बदलने का अधिकार नहीं है। पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बुधवार को बुलाई गई बैठक में उन पार्टियों के प्रमुखों के साथ इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाएगा जो विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। राकांपा प्रमुख ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि सत्तारूढ़ दल देश से संबंधित नाम को लेकर क्यों परेशान है।

**अचानक केवल 'भारत' कहने की जरूरत पड़ी : ममता बनर्जी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यह भलीभांति ज्ञात है कि इंडिया ही भारत है तो अचानक ऐसा क्या हुआ कि आधिकारिक संदेश में देश का उल्लेख करते हुए केवल भारत का इस्तेमाल करने की जरूरत पड़ी।

**भाजपा ने जताई खुशी**

भाजपा ने जी-20 रात्रिभोज के निमंत्रण में राष्ट्रपति को प्रेसिडेंट ऑफ इंडिय की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत के नाम से संबोधित किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए मंगलवार को कहा कि देश के लिए हिंदी नाम का इस्तेमाल उसकी सभ्यता की यात्रा को रेखांकित करता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी इस निमंत्रण को साझा करते हुए लिखा कि द प्रेसिडेंट ऑफ भारत। जय हो भारत। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमारे देश का नाम भारत है और इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार : मुर्मू

एजेंसी

**राष्ट्रपति ने 75 शिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है इसीको ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मजबूत और जीवंत शिक्षा प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया गया है। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां महान शिक्षाविद्, असाधारण शिक्षक और पूर्व राष्ट्रपति, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में देश भर के 75 शिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक मजबूत और जीवंत शिक्षा प्रणाली को विकसित करने पर जोर दिया गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार माना गया है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

### पुतिन से जल्द मिलेंगे नॉर्थ कोरिया के राष्ट्रपति

**प्योंग्यांग/ मॉस्को।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात के लिए रूस की यात्रा करेंगे। पुतिन और उन की मुलाकात में दोनों देशों के बीच हथियार सौदों पर बातचीत होगी। जानकारी के मुताबिक यूक्रेन पर रूसी हमला हुए डेढ़ साल से अधिक होने के बाद रूस को हथियारों की जरूरत महसूस हो रही है। उत्तर कोरिया लगातार आधुनिक हथियार बनाकर अमेरिका सहित पश्चिमी जगत को चुनौती दे रहा है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच इस महीने मुलाकात हो सकती है। दावा किया गया है कि यह मुलाकात रूस में होगी और पुतिन व उन के बीच होने वाली बैठक में हथियार सौदे को लेकर बातचीत होगी।

# फिल्म अक्षरा का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों की खूबसूरत अभिनेत्री अक्षरा सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म अक्षरा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया, जिसमें अक्षरा सिंह कई शेड्स में नजर आ रही हैं। ट्रेलर में अक्षरा सिंह समाज में शिक्षा की अलख जगाने की जिद लिए नजर आती हैं, जिन्हें रोकने का प्रयास शिक्षा माफिया भी करते हैं लेकिन अक्षरा इन बधाओं को पार कर बच्चों को शिक्षित करने में लगी रहती हैं। अक्षरा सिंह एक्शन करती भी नजर आ रही हैं। पूरे ट्रेलर में अक्षरा सिंह एक घरेलू महिला की तरह साड़ी में जरूर नजर आती हैं लेकिन उनका अपीरियंस एक सशक्त महिला का है जो इस फिल्म के ट्रेलर को और भी खास बनाता है। बता दें कि फिल्म 'अक्षरा' के फर्स्ट लुक और सेकंड लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। उसके बाद जब यह ट्रेलर आया है तो लोगों का प्यार इस ट्रेलर को खूब मिल रहा है। अक्षरा सिंह की इस फिल्म का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। ट्रेलर का रन टाइम तकरीबन 4 मिनट है।

# बकरी बाजार में इस साल दिखेगा महाभारत का 'चक्रव्यूह'

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





अशोक चौधरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**60 लाख की लागत से बन रहा है चक्रव्यूह**

**रांची।** महाभारत का चक्रव्यूह, इससे बाहर निकलना आज भी दुनिया के लिए एक रहस्य है। भगवान कृष्ण की नीति के कारण, अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु को चक्रव्यूह में प्रवेश करने का आदेश दिया गया था। वह जानता है कि अभिमन्यु चक्रव्यूह को भेदना जानता है, लेकिन वह नहीं जानता कि इससे कैसे निकला जाये। वास्तव में अभिमन्यु ने चक्रों को भेदना सीख लिया था जब वह सुभद्रा के गर्भ में था। लेकिन बाद में उन्होंने चक्र से बाहर निकलने की शिक्षा कभी नहीं ली। उसी महाभारत का चक्रव्यूह इस बार श्रद्धालुओं को रांची में देखने को मिलेगा। जी हां, भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार इस बार श्रद्धालुओं के लिए चक्रव्यूह का निर्माण करने जा रही है, इस चक्रव्यूह में प्रवेश कर ही श्रद्धालु मां भवानी के दर्शन कर पायेंगें।

चक्रव्यूह समेत पूरे आयोजन के निर्माण में इस बार लगभग 60 लाख रूपये की लागत आ रही है। पंडाल में जाने के लिए भक्तों को सीढ़ी से ऊपर चढ़ना होगा और वहां से चक्रव्यूह में प्रवेश करेंगें और उसी में घूमते हुए नीचे उतरेंगे। चक्रव्यूह में विशेष विद्युत सज्जा की गयी है, जिससे सुबह, दोपहर और शाम का नजारा भव्य दिखेगा। फर्श का निर्माण शीशे से किया जा रहा है। उसके नीचे एक कलाकृति रहेगी जिसमें मां भवानी के भक्तों की तस्वीर भी नजर आयेगी। पूजा पंडाल में भव्य प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी।

**पूजा पर खर्च**

पंडाल- 50 लाख
प्रतिमा- तीन लाख
लाइट साउंड- चार लाख
पूजा सामग्री- पांच लाख

**आकर्षण का केंद्र होंगी मां भवानी :** माता रानी की प्रतिमा भक्तों को अपनी ओर आकृष्ट करेगी। जहां मां की प्रतिमा मध्यम आकार की होगी, लेकिन उसकी सजावट और सुंदरता आकर्षण का केंद्र होगा। मां की पोशाक स्वर्णजड़ित और मीना की नक्काशी की हुई नजर आयेगी। मां के अस्त्र-शस्त्र भी स्वर्ण जैसे रहेंगें। दर्शकों के लिए बड़े झूले लगाये जा रहे हैं तथा उनमें खाने पीने के स्टॉल प्रतिवर्ष की भांति लगाये जा रहे हैं।



### पंडाल के समीप पड़े हैं सैकड़ों खराब वाहन

**बकरी** बााजार का पूजा स्थल को नगर निगम के द्वारा कबाड़ बनाया गया है। वहां सैकड़ों की संख्या खराब वाहन पड़े हुए हैं। भारतीय नवयुवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि पिछले वर्ष भी पूजा कमिटि ने स्क्रैप को अपने खर्च से दूसरे जगह शिफ्ट किया था। इस बार स्क्रैप की संख्या बहुत काफी है। समिति ने कहा कि नगर निगम उसे खुद से हटा लें या हमें जगह दें, ताकि हम उस स्क्रैप को वहां पहुंचा दे। जिससे मां भवानी के दर्शन करने आनेवाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना न पड़े।


VERMA PRESS

**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !